Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/48369
वर्ष 13 । अंक 105
नई दिल्ली, बुधवार, 19 फरवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

महाकुंभ मृत्यु कुंभ बन गया है : ममता बनर्जी

## मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन पर राहुल ने जताई असहमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राहुल गांधी। फाइल फोटो

**लोकसभा में** विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के चयन के लिए आधी रात को लिए गए फैसले को लेकर हमला किया, जबकि चयन की प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय (एससी) में चुनौती दी जा रही है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की सदस्यता वाली मुख्य चुनाव आयुक्त चयन समिति को भेजे गए उनके असहमति नोट को नजरअंदाज करना केंद्र की ओर से 'अपमानजनक' है, वहीं भाजपा ने कांग्रेस नेता की आलोचना को खारिज कर दिया और विपक्ष के नेता पर 'दुर्भावनापूर्ण' न्यायिक सक्रियता के जरिए निर्वाचित सरकार के संवैधानिक जनादेश को कमजोर करने का आरोप लगाया। सरकार ने सोमवार देर रात प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक के कुछ ही घंटों बाद ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया। बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सरकार से मामले में सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई के मद्देनजर बैठक स्थगित करने को कहा था।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर 19 फरवरी को 'प्राथमिकता के आधार' पर सुनवाई करेगा। राहुल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'अगले चुनाव आयुक्त के चयन के लिए समिति की बैठक के दौरान, मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया था कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है।' उन्होंने अपनी असहमति जताते हुए पोस्ट में यह भी कहा, 'सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है।'

राहुल ने कहा कि विपक्ष के नेता के तौर पर यह उनका कर्तव्य है कि वे बाबासाहेब अंबेडकर और देश के संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखें और सरकार को जवाबदेह ठहराएं। पैनल के समक्ष प्रस्तुत अपने असहमति नोट में कांग्रेस नेता ने जून 1949 में संविधान सभा में स्वतंत्र चुनाव आयोग की स्थापना पर चर्चा के लिए दिए गए बीआर अंबेडकर के भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग के मामलों में कार्यपालिका के हस्तक्षेप के बारे में चेतावनी दी थी। राहुल ने कहा कि 2 मार्च 2023 को एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने आदेश दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली समिति द्वारा की जानी चाहिए।

राहुल ने कहा कि सरकार के कानून ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए समिति का पुनर्गठन किया है, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया है तथा समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, 'यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की भावना का खुला उल्लंघन है।' उन्होंने कहा कि इस सरकारी आदेश को बाद में एक जनहित याचिकाकर्ता द्वारा चुनौती दी गई और सर्वोच्च न्यायालय ने 19 फरवरी, 2025 को इस मामले पर सुनवाई करने का इरादा जताया है, जोकि अड़तालीस घंटे से भी कम समय रह गया है। उन्होंने कहा, 'इसलिए, कांग्रेस पार्टी का यह विचार है कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई तक स्थगित कर दिया जाए और इस बैठक को स्थगित कर दिया जाए।' पलटवार करते हुए भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति पर राहुल गांधी की असहमति न केवल राजनीति से प्रेरित है, बल्कि इसमें कोई दम भी नहीं है। भाजपा ने कहा, 'यह दुर्भावनापूर्ण न्यायिक सक्रियता के माध्यम से निर्वाचित सरकार के संवैधानिक जनादेश को कमजोर करने का एक प्रयास है। इसके अतिरिक्त, यह मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को सुविधाजनक रूप से गलत तरीके से पढ़ता और व्याख्या करता है।' मालवीय ने कहा कि संविधान निर्माताओं की मूल मंशा जानने के लिए न्यायालय ने 1949 की संविधान सभा की बहसों का विश्लेषण किया था और कहा था कि नियुक्ति प्रक्रिया संसद के विवेक पर छोड़ दी गई थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने फैसले से पहले केवल प्रधानमंत्री की सिफारिश पर ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की थी।

## इलाहाबादिया को कोर्ट से राहत, अभद्र टिप्पणी पर फटकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**सुप्रीम कोर्ट ने** एक यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को लेकर मंगलवार को उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया लेकिन उन टिप्पणियों के लिए उनकी कड़ी आलोचना करते हुए इसे विकृत मानसिकता का प्रदर्शन बताया। बीयरबाइसेप्स के नाम से मशहूर इलाहाबादिया के खिलाफ हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब कार्यक्रम इंडियाज गॉट लैटेंट में माता-पिता और यौन संबंध को लेकर टिप्पणी करने के लिए कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

कार्यक्रम में इलाहाबादिया की आपत्तिजनक अस्वीकार्य टिप्पणियों से नाराज अदालत ने कार्यवाही शुरू होने पर इन्फ्लूएंसर को फटकार लगाई और कहा, ...उनके दिमाग में कुछ गंदगी है जिसे यूट्यूब के कार्यक्रम में उन्होंने उगला। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पूछा, आपने जो शब्द इस्तेमाल किए हैं, उनसे बेटियों, बहनों, माता-पिता और यहां तक कि समाज को भी शर्मिंदगी महसूस होगी। यह एक विकृत मानसिकता को दर्शाता है। अगर यह अश्लीलता नहीं है, तो क्या है? हमें आपके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को क्यों रद्द या एकसाथ नत्थी करना चाहिए? हालांकि, पीठ ने इन्फ्लूएंसर का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ की दलीलों से सहमति जताई कि उन्हें किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। अधिवक्ता ने कहा कि इसके अलावा उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिल रही हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने चंद्रचूड़ से पूछा, क्या आप इस तरह की भाषा के इस्तेमाल का बचाव कर रहे हैं? चंद्रचूड़ ने भी माना कि कार्यक्रम में जिस तरह की भाषा इस्तेमाल की गई वह अशोभनीय थी। हालांकि, वरिष्ठ वकील ने कहा कि सवाल यह है कि क्या ये टिप्पणियां अश्लीलता के बजाय अमर्यादित आपराधिक अपराध के दायरे में आती हैं या नहीं? पीठ ने कहा, अगर आप इस तरह की बातें कहकर सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास कर सकते हैं, तो हो सकता है कि और लोग भी इसी तरह की टिप्पणी करके सस्ता प्रचार पाना चाहते हों। पीठ ने निर्देश दिया कि यूट्यूब कार्यक्रम इंडिया ज गॉट लैटेंट के दौरान उनकी टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ कोई और प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी। (शेष पृष्ठ 9)

## रणनीतक भागीदारी तक संबंधों को ले जाएंगे भारत और कतर

पीटीआई। नई दिल्ली



नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में मंगलवार को बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी। पीटीआई

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी के साथ व्यापक बातचीत की। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की। मोदी के निमंत्रण पर कतर के अमीर दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। यह उनकी भारत की दूसरी राजकीय यात्रा है। इससे पहले उन्होंने मार्च 2015 में भारत का दौरा किया था। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को शुरू हुई यात्रा से पहले कहा था कि उनकी यात्रा हमारी मजबूत होती बहुआयामी साझेदारी को और गति प्रदान करेगी। इससे पहले दिन में, कतर के अमीर को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनकी अगवानी की। इस मौके पर मोदी भी मौजूद थे।

बाद में, मोदी और अमीर ने हैदराबाद हाउस में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। भारत और कतर ने मंगलवार को रणनीतिक साझेदारी कायम करने को लेकर एक समझौता भी किया। यहां प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की मौजूदगी में, कतर के प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल सानी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत-कतर, गहरे और पारंपरिक संबंधों को और मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी ने आज हैदराबाद हाउस में व्यापक वार्ता की। दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, (शेष पृष्ठ 9)

## नेपाली दूतावास के अधिकारियों ने केआईआईटी का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। भुवनेश्वर/नई दिल्ली




**नेपाली दूतावास** के अधिकारियों ने भुवनेश्वर स्थित इंजीनियरिंग संस्थान का दौरा किया, जहां पड़ोसी देश की एक छात्रा अपने छात्रावास में मृत पाई गई थी। अधिकारियों के उन छात्रों के समूह से भी मिलने की संभावना है, जिन्हें संस्थान परिसर में तनाव के बीच कथित तौर पर उनके छात्रावास से निकाल दिया गया था। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने जहां परेशान छात्रों को कुछ राहत की पेशकश की, वहीं ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने कहा कि राज्य सरकार स्थिति पर नजर रख रही है और कथित तौर पर अपने छात्रावास से निकाले गए नेपाली छात्रों को केआईआईटी परिसर में लौटने में मदद करेगी।

संस्थान के रजिस्ट्रार ने बताया कि मृतका की पहचान प्रकृति लामसल के रूप में हुई है, जो कलिंगा औद्योगिक प्रौद्योगिकी संस्थान (केआईआईटी) में बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा थी। जैसे ही परिसर में स्थिति बिगड़ी, केआईआईटी अधिकारियों ने कथित तौर पर कई नेपाली छात्रों को छात्रावास से निकाल दिया और उनकी यात्रा की कोई व्यवस्था किए बिना उन्हें कटक रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। यह घटना तब सुर्खियों में आई जब मृतका के चचेरे भाई ने भुवनेश्वर के इन्फोसिटी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बहन ने रविवार को अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगा ली। उन्होंने दावा किया कि विश्वविद्यालय का एक छात्र उनकी बहन को ब्लैकमेल कर रहा था, जिसके कारण, उनका मानना है, उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली।

मंगलवार को पार्टी लाइन से ऊपर उठकर विधायकों ने ओडिशा विधानसभा में छात्र की मौत पर नाराजगी व्यक्त की और केआईआईटी अधिकारियों द्वारा पड़ोसी देश के कई अन्य छात्रों के साथ कथित दुर्व्यवहार की निंदा की। एक बयान में, केआईआईटी ने कहा कि यह हमेशा से दुनिया भर के छात्रों का घर रहा है, तथा समावेशिता, सम्मान और देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देता रहा है। संस्थान ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम हालिया घटना पर गहरा खेद व्यक्त करते हैं और अपने प्रिय नेपाली छात्रों सहित सभी छात्रों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। भाजपा विधायक बाबू सिंह ने केआईआईटी के संस्थापक अच्युत सामंत की गिरफ्तारी की भी मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि कंधमाल से सांसद सामंत को 'विपक्षी बीजू जनता दल का संरक्षण प्राप्त था। कई अन्य भाजपा विधायकों ने भी नेपाली छात्र की मौत को लेकर संस्थान की कड़ी आलोचना की।'

मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि संस्थान ने पड़ोसी देश के स्नातक छात्रों के साथ 'दुर्व्यवहार' किया। सुनील लामसाल अपनी बेटी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए एम्स, भुवनेश्वर पहुंचे। तामसाल ने कहा, मैंने अपनी बेटी खो दी है। यहां कई अन्य बच्चे भी पढ़ रहे हैं। मीडिया से पता चला है कि कुछ छात्रों को उनके छात्रावास से बाहर निकाल दिया गया। इ बात ठीक नै अछि। यह घटना दोहराई नहीं जानी चाहिए। ये लोग नेपाल जाकर छात्रों को (शेष पृष्ठ 9)

## सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील



सज्जन कुमार की फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली में** वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में अभियोजन पक्ष ने मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की और इसे दुर्लभतम अपराध करार दिया। अभियोजन पक्ष द्वारा दायर एक लिखित हलफनामे में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को इस दलील के बारे में जानकारी दी गई। हत्या के लिए न्यूनतम सजा आजीवन कारावास है। कुमार के वकील ने मामले पर बहस करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद न्यायाधीश ने यह कहते हुए मामले की सुनवाई 21 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी कि वकील, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में मंगलवार को काम नहीं करेंगे। शिकायतकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने अभियोजन पक्ष की मृत्युदंड की मांग का समर्थन किया और बहस के लिए समय मांगा। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की एक नवंबर 1984 को हत्या कर दी गई थी। हत्या के सिलसिले में पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच की जिम्मेदारी ले ली थी।

अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाया। कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।



रामलीला मैदान में दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जारी हैं। फोटोः रंजन डिमरी

## सीएम पर सस्पेंस, शपथ ग्रहण की तैयारियां तेज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### ● वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने रामलीला मैदान पहुंच कर लिया जायजा

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव में भाजपा की जीत के करीब दो हफ्ते बाद भी दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बना हुआ है, क्योंकि पार्टी ने अभी तक कोई घोषणा नहीं की है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद बृहस्पतिवार को रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बुधवार को नए भाजपा विधायक दल की बैठक होने पर इस निर्णय की घोषणा होने की संभावना है। रामलीला मैदान की चारदीवारी को नए रंग से रंगा जा रहा है, भव्य शपथ ग्रहण समारोह के लिए टेंट लगाए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि विधायक दल की बैठक दोपहर करीब 3:30 बजे होगी, जिसके बाद उम्मीदवार के अंतिम नाम की घोषणा की जाएगी। पहले शपथ समारोह रामलीला मैदान में शाम करीब 4 बजे होना था, लेकिन कुछ अज्ञात कारणों से इसे बदलकर सुबह 11 बजे कर दिया गया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इसके अनुसार तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भाजपा नेताओं के लिए मंगलवार को दिनभर व्यस्तता रही, क्योंकि विनोद तावड़े, तरुण चुघ समेत कई वरिष्ठ नेता भाजपा नेताओं के साथ जमीनी स्तर पर तैयारियों का जायजा लेते नजर आए। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को तरुण चुघ, वीरेंद्र सचदेवा और योगेंद्र चंदोलिया समेत वरिष्ठ नेताओं की बैठक भी हुई। दिल्ली भाजपा (शेष पृष्ठ 9)

## 'पापा ने मां को मार डाला' बेटी के स्केच से मां की हत्या का पता चला

बिस्वजीत बनर्जी। झांसी



**जो मामला शुरू** में आत्महत्या का लग रहा था, उसने उस समय चौंकाने वाला मोड़ ले लिया जब चार साल की एक बच्ची के चित्र ने उसकी मां की मौत की परिस्थितियों पर संदेह पैदा कर दिया। 27 वर्षीय सोनाली बुधौलिया सोमवार को पंचवटी शिव परिवार कॉलोनी स्थित अपने घर में मृत पाई गईं। उनके ससुराल वालों का दावा है कि उन्होंने आत्महत्या की है। हालाँकि, उनकी बेटी दर्शिता के परेशान करने वाले चित्रण और मीडिया को दिए गए बयानों ने संभावित गड़बड़ी की ओर इशारा किया है तथा इस त्रासदी में उनके पिता संदीप बुधौलिया की संलिप्तता की ओर इशारा किया है। दर्शिता के चित्र में उसकी मां पर हिंसक हमला दर्शाया गया है। बाद में उसने पत्रकारों को बताया कि उसके पिता ने सोनाली की हत्या का नाटक करने से पहले उस पर शारीरिक हमला किया था। बच्चे ने बताया, पापा ने मम्मी पर हमला किया और उन्हें मार डाला तथा कहा, 'मरना है तो मर जाओ।' उन्होंने उनकी लाश को लटका दिया तथा उनके सिर पर पत्थर से वार किया। बाद में उन्होंने लाश को नीचे उतारा तथा एक बोरे में डाल दिया।

उसके बयानों से घरेलू हिंसा के इतिहास का भी पता चलता है, उसने आरोप लगाया कि संदीप अक्सर उसकी मां को जान से मारने की धमकी देता था। 'मैंने एक बार उसे चेतावनी दी थी कि अगर उसने मेरी माँ को चोट पहुंचाई तो मैं उसका हाथ तोड़ दूँगी। दर्शिता ने बताया, 'वह उसे मारता था और कहता था कि उसे मर जाना चाहिए और मेरा भी यही हश्र होना चाहिए।' सोनाली के पिता संजीव त्रिपाठी, जो मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में रहते हैं, ने कथित दहेज की मांग और दुर्व्यवहार के कारण उसकी शादीशुदा जिंदगी को संकटग्रस्त बताया। उन्होंने दावा किया कि 20 लाख रुपये दहेज देने के बावजूद मांग जारी रही। सोनाली के पति संदीप बुधोलिया के खिलाफ पहले भी दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में उनके परिवार के कथित झूठे आश्वासन के आधार पर मामला सुलझा लिया गया था। उन्होंने दावा किया कि 2020 में सोनाली द्वारा एक बेटी को जन्म देने के बाद – जो कि उनके पति की इच्छा के अनुसार बेटा नहीं था – दुर्व्यवहार तेज हो गया। उन्होंने बताया, प्रसव के बाद संदीप और उसके परिवार ने उसे अस्पताल में ही छोड़ दिया। मुझे बिल चुकाना पड़ा और उसे घर ले जाना पड़ा। एक महीने बाद संदीप सोनाली और दर्शिता को वापस लेने के लिए आया।

संजीव ने आगे बताया कि मौत से कुछ दिन पहले ही संदीप ने सोनाली पर उसके चचेरे भाई की शादी से घर लौटने का दबाव बनाया था, जबकि सोनाली इसके लिए राजी नहीं थी। उसकी मृत्यु की सुबह संजीव को उसके ससुराल वालों से फोन आया, जिसमें (शेष पृष्ठ 9)

## आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लाड्रिंग का मुकदमा चलेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### ● राष्ट्रपति ने दी केस चलाने की मंजूरी

**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जैन (60) के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी । सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने ईडी की जांच और पर्याप्त सबूतों के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बीएनएसएस की धारा 218 लोक सेवकों और न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमे से संबंधित है। यह आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए आरोपी के खिलाफ आरोप लगाने की प्रक्रिया को रेखांकित करती है। सूत्रों ने बताया कि अब ईडी एक नया पूरक आरोपपत्र दाखिल कर अदालत को राष्ट्रपति द्वारा मुकदमा चलाने की मंजूरी के बारे में सूचित करेगा। ईडी ने जैन के खिलाफ कथित हवाला सौदों से जुड़े धन शोधन का मामला दर्ज (शेष पृष्ठ 9)

## स्कूल की पानी की टंकी गिरी, तीन बच्चियों की मौत

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के बीकानेर जिले में मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय में खेलते समय पानी की टंकी में गिरने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार यह हादसा नोखा कस्बे के केडली गांव में आज उस समय हुआ जब बच्चियां स्कूल परिसर में खेल रही थीं। वे पानी की टंकी के ऊपर खेल रही थीं। तभी टंकी की पट्टियां टूट गईं और तीनों आठ फुट गहरे टैंक में गिर गईं। नोखा के थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया, स्कूल परिसर में खेलते समय तीन लड़कियां पानी की टंकी में गिर गईं। तीनों की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 9)

# 500 करोड़ की जमीन पर भू-माफिया का कब्जा

## महापौर सुनीता दयाल ने किया नंदग्राम, संगम विहार और मरियम नगर का निरीक्षण कर ली जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम की महापौर सुनीता दयाल के निरीक्षण में एक बड़े भूमि घोटाले का खुलासा हुआ है। नंदग्राम, संगम विहार और मरियम नगर में नगर निगम की करीब 100 बीघा से अधिक जमीन पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर लिया है।

इस जमीन की कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये आंकी गई है। महापौर ने बताया कि मुकेश त्यागी, नवीन त्यागी, विकास त्यागी, अवधेश त्यागी, नंदू त्यागी, विनोद त्यागी, आर डी त्यागी, शिवकुमार त्यागी और धर्मपाल प्रजापति जैसे भूमाफियाओं ने इस जमीन को धोखाधड़ी से गरीब लोगों को बेच दिया है। इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मरियम नगर में नगर निगम द्वारा पहले से सील किए गए 500 गज के एक मकान में अवैध रूप से होस्टल चलाया जा रहा था। आरोपियों ने नगर निगम का नाम छिपाकर इस अवैध कार्य को अंजाम दिया। महापौर ने मौके पर ही थाना प्रभारी को बुलाकर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निगम प्रशासन जल्द ही अवैध कब्जे वाली सभी जमीनों को चिह्नित कर खाली करवाने की कार्रवाई शुरू करेगा।



गाजियाबाद की महापौर सुनीता अवैध कब्जे का जायजा लेती हुई।




अवैध निर्माण को नगर निगम ने किया चिन्हित।

### कॉलोनाइजर समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा ।** बादलपुर कोतवाली ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित क्षेत्र के छपरौला गांव में अवैध निर्माण कर लेंटर डालने के मामले में प्राधिकरण के प्रबंधक द्वारा कॉलोनाइजर समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है । पुलिस ने बताया कि बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र के छपरौला गांव के खसरा संख्या 372 में अवैध निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें प्राधिकरण की अनुमति के बिना लेंटर डालने का कार्य किया जा रहा था। जिसे रोकने के लिए प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक रितिक ये प्रबंधक नीतीश व अन्य फील्ड स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे ।

# क्रिकेट मैच के दौरान विवाद में हत्या, तीन आरोपी हिरासत में

● युवक पर बैट से किया था हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सूरजपुर कस्बे के शिव मंदिर वाली गली के निवासी मनीष कुमार शर्मा 32 के रूप में हुई है। घटना सूरजपुर कस्बे के मैदान की है। मनीष का क्रिकेट खेल रहे कुछ युवकों से विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने क्रिकेट बैट से हमला कर मनीष की हत्या कर दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसारए घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन व अन्य लोग सूरजपुर थाने पहुंच गए और उन्होंने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की पुलिस के द्वारा उन लोगों को जैसे तैसे समझ कर वापस भेजा गया और कहा गया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में आर्य कन्या गुरुकुल सील

● बिना मान्यता के चल रहा था, शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-115 सोरखा गांव में बिना मान्यता के चल रहे आर्य कन्या गुरुकुल और गौशाला को शिक्षा विभाग ने सील कर दिया है। यहां रह रही लड़कियों को अभी सेक्टर.44 के महामाया बालिका इंटर कॉलेज में रखा गया है।

इनके अभिभावक से संपर्क किया जा रहा है। ऐसे में अगर पेरेंट्स इनको महामाया बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ाना चाहते है तो दाखिला कराया जाएगा। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

आसपास के लोगों ने बिना मान्यता के चल रहे इस गुरुकुल की शिकायत प्रशासन से की थी। यहां आर्य कन्या गुरुकुल वेदधाम और श्री कृष्ण गोशाला संचालित हो रही थी। ये सरकारी जमीन पर बना हुआ था। यहां करीब 50 लड़कियां रहकर पढ़ाई कर रही थी। जिसमें से 15 पहले चली गई थी।

ये सभी अलग-अलग राज्यों की रहने वाली है। गुरुकुल में गोशाला भी थी जिसे भी सील किया गया। इससे पहले भी गुरुकुल पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया था। डीआई ओएस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर कार्रवाई की थी। उस दौरान करीब 47 छात्राएं यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। पिछले 14 साल से इसे संचालित किया जा रहा था। इसके बाद भी गुरुकुल प्रबंधक ने मान्यता के लिए अप्लाई नहीं किया। गुरुकुल के लिए अनिवार्य है कि वह उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद से मान्यता ले।

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर व्हाट्सएप पर की ठगी

● पैसे नहीं देने पर दी थी जान से मारने की धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक चौंकाने वाला साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। एक युवती को फर्जी पुलिसकर्मी ने व्हाट्सएप पर धमकाकर अश्लील फोटो और वीडियो बनवा लिए।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद राय के अनुसारए कवि नगर क्षेत्र की रहने वाली युवती को 13 सितंबर को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। उसने युवती को गिरफ्तार करने की धमकी दी। डर के मारे युवती ने फर्जी पुलिसकर्मी के कहने पर अपने निजी फोटो और वीडियो बनवा दिए। इसके बाद आरोपी ने युवती से 5 लाख रुपए की मांग की। पैसे न देने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है।

युवती ने 15 फरवरी को डाक के जरिए थाना कवि नगर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गौतमबुद्ध विवि में गोपनीय दस्तावेज चोरी

● आरोपियों ने प्रोफेसर्स और कर्मचारियों को किए ईमेल कॉपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां यूनिवर्सिटी के गोपनीय दस्तावेजों की चोरी कर उन्हें संस्थान के सभी प्रोफेसर्स और कर्मचारियों को ईमेल कर दिया गया।

विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार तिवारी की शिकायत पर ईकोटेक.1 कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। यूनिवर्सिटी की स्थापना विभाग में रखे गए गोपनीय दस्तावेजए जो एक विशेष अधिकारी की देखरेख में थेए को चुराने के बाद आरोपी ने एक नई ईमेल आईडी बनाकर उन्हें यूनिवर्सिटी के समस्त कर्मचारियों को भेज दिया।

मामले में योगेश नाम के एक व्यक्ति और कुछ अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी ईकोटेक-1 अरविंद वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही जांच पूरी कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना यूनिवर्सिटी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है, क्योंकि गोपनीय दस्तावेजों तक किसी की भी पहुंच होना चिंता का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम मायचा में भाकियू की मासिक पंचायत

**नोएडा ।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत ग्राम मायचा में भगवत फार्म हाउस पर हुई। पंचायत की अध्यक्षता जसवंत बाबू ने की और संचालन विजय भाटी ने किया। इस दौरान किसानों की आबादी 10 फीसदी प्लाटों व बिजली आदि की समस्याओं पर चर्चा हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष महेंद्र मुखिया ने किसानों की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन के साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर विशाल आंदोलन करने की चेतावनी दी। पंचायत के दौरान जिलाध्यक्ष चौधरी महेंद्र मुखिया, प्रदेश सचिव दया प्रधान, जिला महासचिव धनेश प्रधान, बीरन नेता, पप्पू प्रधान, बाबा लाला, राजेंद्र भाटी, जगदीश खटाना, विक्रम भाटी, अनिल भाटी, हरिंदर चौधरी, पप्पन तुगलपुर, रोहित भड़ाना, राजवीर तोंगड़, सतवीर सिरसा सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पीडीए पंचायत कर कर्पूरी ठाकुर की मनाई पुण्यतिथि

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर-46 में महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत आयोजित की गई। साथ ही साथ कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि भंगेल में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सपा की सरकार में हर वर्ग को सुविधा दी गई। भाजपा सरकार ने उन सभी सुविधाओं को बंद कर दिया। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर के पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर दलितए शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे उनके सादा जीवनए स्पष्टए विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। इस दौरान जेपी सिंह, सुरेंद्र गौतम, मनोज गोयल, अनुराग यादव, राम सहेली अमन सिंह, गौरव चौधरी, मोहन सिंह, विजय पाल सिंह, अरुण कुमार, हरकेश सिंह, शिव कुमार, संजीव कुमार, दीपक सिह, परमिला देवी, अनीता देवी, माया देवी, मुकेश कुमार, सोनू सिह, सीमा, राजवती देवी, सावित्री देवी, पुजा देवी, राजेश कुमार, राजीव गुप्ता, डॉ अमित चौहान, विनोद सिंह, सुबोध गोयल, शैलेश कुमार सिंह, शिवांग गोयल, विशाल यादव, रितिक गुप्ता, प्रशांत गौतम, सौरभ सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बिजली के खंभे पर चढ़े व्यक्ति की करंट लगने से मौत

**नोएडा ।** थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि बीती रात को थाना क्षेत्र के खोड़ा तिराहे पर एक अज्ञात व्यक्ति बिजली के पोल पर चढ़ गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उसे बिजली का करंट लग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी में बताया कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में एक 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सेमिनार में दी केंद्रीय बजट पर जानकारी



नोएडा। केंद्रीय बजट 2025 द्वारा अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में किए गए संशोधनों/परिवर्तनों पर भारत सरकार के आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले सेमिनारों की श्रृंखला में दूसरा सेमिनार 18 फरवरी, 2025 को केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर मुख्यालय, सेक्टर-48, नोएडा में आयोजित किया गया। सेमिनार में, केंद्रीय बजट में अप्रत्यक्ष करों के प्रावधानों में किए गए परिवर्तन/संशोधनों पर कर सलाहकार विमल जैन ने विस्तार से जानकारी दी। इस सेमिनार में नोएडा के प्रमुख उद्योगपतियों और व्यापारियों ने भाग लिया। सेमिनार की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार, आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, नोएडा ने की। सेमिनार में उपस्थित उद्योगपतियों और व्यापारियों ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्तालय, नोएडा की इस पहल की सराहना की। सेमिनार में पल्लव सक्सेना, संयुक्त आयुक्त, निधि गुप्ता, संयुक्त आयुक्त, अतुल अग्रवाल, सहायक आयुक्त आदि भी उपस्थित थे।

# कंपनी में चोरी का मामला सुलझा, पांच गिरफ्तार

● 75 बैटरी और एक कार बरामद, एक्सप्रेसवे की झाड़ियों में छिपा दिया था माल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद के मुरादनगर में ओकाया कंपनी के गोदाम से हुई चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 13 फरवरी को हिसाली मार्ग पर सूर्या विहार कॉलोनी स्थित ओकाया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गोदाम से लाखों का सामान चोरी हुआ था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। सूचना के आधार पर पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में मलिक नगर कॉलोनी का कासिफए कृष्णा नगर कॉलोनी का सचिन और जलालाबाद गांव के कामिल, सलमान और राहुल शामिल हैं।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने कई दिनों तक गोदाम की रेकी की। फिर गोदाम के पिछले गेट का ताला तोड़कर चोरी की और माल को एक्सप्रेसवे की झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 75 बैटरी और एक कार बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं मामले की जानकारी ली जा रही है, अन्य वारदात तो नहीं की।

# बैंक मैनेजर की पत्नी से चेन स्नैचिंग

● घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में स्थित सुपरटेक आईकॉन सोसायटी के बाहर एक महिला से चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। पीड़िता दिल्ली के प्रीतमपुरा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर रुखसार मंसूरी की पत्नी नगमा हैं।

घटना उस समय हुई जब नगमा अपनी बहन और बच्चे के साथ मार्केट से खरीदारी करके लौट रही थीं। सोसायटी के बाहर एक दुकान पर बच्चों के लिए ट्रॉफी खरीदने के दौरान दो बाइक सवार बदमाशए जो पहले से वहां मौजूद थेए ने वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश ने नगमा की चेन छीनने का प्रयास कियाए लेकिन चेन टूटकर उनके कपड़ों में फंस गई। इसके बाद बदमाश ने नगमा को धक्का देकर फरार हो गयाए जिससे उनके चेहरे और माथे पर चोट आई है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# पेट्रोल पंप पर दबंगों ने बाइक सवार को पीटा

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर 15 फरवरी की रात को एक विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। डीएलएफ निवासी ऋतिक अग्रवाल अपने दोस्तों के साथ बाइक में तेल भरवाने पेट्रोल पंप पर गए थे।

इस दौरान उनकी बाइक एक कार के आगे बंद हो गई। ऋतिक का कहना है कि दोनों वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी थी। ऋतिक ने बाइक को दोबारा स्टार्ट कर आगे ले गए। आरोप है कि इसके बाद जिस कार के आगे बाइक रुकी थीए उसके सवार और उनके अन्य दोस्त जो दूसरी कारों में थे, वहां आ गए। उन्होंने ऋतिक पर गाली देने का आरोप लगाया और उसके साथ हाथापाई शुरू कर दीए जो बाद में मारपीट में बदल गई।

पीड़ित ऋतिक ने थाना टीला मोड़ में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर एवं म्यूजिक सिस्टम चोरी

**नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरौला गांव के समीप बसी मार्डन रेलवे सिटी कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर एवं म्यूजिक सिस्टम चोरी कर लिया गया । घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस चोरों की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि छपरौला गांव के समीप मॉडर्न रेलवे सिटी कॉलोनी में अनुज परिवार के साथ रहते हैं ।

वह गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन निवासी अपने दोस्त राघवेंद्र की कार को लेकर अपने घर आए थे। उन्होंने कार मॉडर्न रेलवे सिटी कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी कर दी । जब सुबह के समय कहीं जाने के लिए घर से बाहर निकले तो कार के चारों टायर नहीं थे।

कार के शीशे तोड़कर मीटर और म्यूजिक सिस्टम भी नहीं मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। घटना की रिपोर्ट कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई गई है। पुलिस चोरों की तलाश में लगी है। ज्ञात हो कि इलाके के इस तरह की कई मामले सामने आ चुके है, अभी तक कुछ खुलासा नहीं हुआ है।

# सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किंड्रिल कंपनी के साथ किया समझौता, आईटी टेक्नोलॉजी को और करेगा पुख्ता

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने आईटी टेक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास और प्रबंधन के लिए आईटी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी किंड्रिल के साथ साझा समझौता पत्र पर साइन किया है। इस समझौते के तहत कंपनी को एयरपोर्ट संचालन के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ 24 घंटे राउंड ओ क्लाक सपोर्ट देना होगा।

किंड्रिल 60 से अधिक देशों में काम करती है। ये कंपनी जटिल आईटी प्रणालियों के डिजाइनए निर्माण और प्रबंधन में माहिर है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में कंपनी का काम एक मजबूत और सुरक्षित प्रणाली को स्थापित करनाए यहां साइबर जोखिम को कम करना। साथ ही यहां के आईटी बेस्ड सिस्टम को समझकर उसके रिस्क को कम करते हुए संचालित करना होगा। ताकि यहां आने वाले मुसाफिरों को बिना किसी असुविधा के डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके। बता दे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट है। इसलिए अनुबंधित कंपनी मुसाफिरों के लिए डिजिटल ऐप और आईटी से संबंधित सभी गतिविधियों को स्मूद करने और सिस्टम को एकीकृत करने में मदद करेगी। इसमें रियल टाइम सिस्टम को हैंडल करने के अलावा संचालन को प्रभावित करने वाले कारकों रोकने के लिए बुनियादी ढांचे का संचालन करना शामिल होगा।साझेदारी के तह कंपनी किंड्रिल ब्रिज का उपयोग करेगी। ये एक एआई.संचालित प्लेटफॉर्म है।

ये एआई ही एयरपोर्ट के आईटी हेल्थ पर 24/7 नजर रखेगा। यह प्रणाली संभावित समस्याओं के बढने से पहले उनका पता लगाने में मदद करेगी। जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा किंड्रील साइबर खतरों के लिए भी मजबूत तंत्र बनाएगा।

# रैनीवेल से कई सेक्टरों-गांवों में होगी पानी की सप्लाई

● नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने रैनीवेल का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-14ए के सामने रैनीवेल संख्या-6 का उद्घाटन विधायक पंकज सिंह ने किया। इस रैनीवेल से सेक्टर एक से लेकर सेक्टर 12, 55-56, सेक्टर-19, छलेरा, बरौला व अगाहपुर आदि गांवों में पानी की सप्लाई होगी।



सेक्टर-14ए के सामने रैनीवेल संख्या-6 का उद्घाटन करते विधायक पंकज सिंह। साथ में प्राधिरकण के पदाधिकारी।

इस अवसर पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि जलापूर्ति के मामले में नोएडा में 2017 से पहले और 2017 के बाद कि स्थिति की तुलना की जा सकती है। तब 11 रेनीवेल में से 9 बंद थे सिर्फ दो चल रहे थे। अब 11 में से 9 चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद यमुना साफ हो रही है। इस अवसर पर एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण का प्रयास है कि नोएडा में जल स्तर में कोई कमी ना हो। लोगों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध व मीठा पानी उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। इस अवसर पर महानगराध्यक्ष मनोज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, डीजीएम आरपी सिंह, करतार चौहान, डिम्पल आनन्द, गणेश जाटव, गोपाल गौड़, महेश अवाना सहित अन्य मौजूद रहें।

# भाई के घर से कैश और जेवरात लेकर निकली अर्द्धविक्षिप्त महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● पुलिस ने किया उसके भाई को सुपुर्द

अपने घर से कीमती सामान व रुपयों से भरा बैग लेकर रहस्यमय हालात में टीला मोड़ थाना क्षेत्र में पहुंच गई अर्द्धविक्षिप्त युवती सती देवी पत्नी कुंदन निवासी डुगरी चमोली उत्तराखण्ड को भी उसके भाई हरेंद्र राम निवासी सिलोड़ी नारायणगढ़ के सुपूर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि एक युवती, जिसके हाथ में बड़ा सा बैग है, के साथ बदहवास स्थिति में घूम रही है। रात के समय मिली इस सूचना के बाद एसओ टीला मोड़ करतार न केवल पुलिस टीम के साथ बताये गये स्थान पर पहुंच गये बल्कि महिला पुलिसकर्मी के साथ उस युवती को भी संरक्षण में ले लिया। देर रात तक भारी मशक्कत एवं भाग.दौड करने के बाद पता चला वह अर्द्धविक्षिप्त युवती चमोली की रहने वाली है। वह पिछले दिनों गुरूग्राम में रहने वाले अपने भाई के पास आई हुई थी। उस सूचना के बाद पुलिस ने किसी प्रकार युवती के भाई से संपर्क करके उसे थाने पर बुला लिया। उसके बाद पुलिस ने उस युवती को उसके भाई के सुपूर्द कर दिया। अपनी बहन को सकुशल पाकर उसके भाई व अन्य परिजनों की आंखों में जहां खुशी के आंसु छलकते हुए दिखाई दिये वहीं उन्होंने टीला मोड़ पुलिस के इस मानवीय कार्य की प्रशंसा भी की।

# भीड़ प्रबंधन को लेकर नई दिल्ली स्टेशन पर सख्ती

- बिना किसी वैध कारण के फुट ओवरब्रिज पर घूमने पर भी लगी रोक, दिल्ली पुलिस की बढ़ी मुस्तैदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय किए हैं, ताकि भगदड़ जैसी स्थिति फिर से न बने। मंगलवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गत शनिवार को स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सोमवार रात को एक विशेष बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि निर्धारित ट्रेन प्रस्थान समय से बहुत पहले पहुंचने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करना होगा। सुचारू आवागमन के लिए, दिल्ली पुलिस के जवान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर यात्रियों के टिकटों की जांच करेंगे। रेलवे अधिकारियों ने यह भी निर्णय लिया है कि प्रयागराज जाने वाली विशेष ट्रेनें केवल प्लेटफॉर्म नंबर 16 से ही रवाना होंगी। अधिकारी ने बताया, प्लेटफॉर्म 16 पर ग्राउंड लेवल से कई प्रवेश और निकास बिंदुओं के माध्यम से पहुंचा जा सकता है, जिससे यात्रियों को फुट ओवरब्रिज का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। पुलिस ने बिना किसी वैध कारण के फुट ओवरब्रिज पर घूमने पर भी रोक लगा दी है। अधिकारी ने कहा, हमने देखा कि कई लोग अनावश्यक रूप से फुट ओवरब्रिज पर खड़े थे या प्रतीक्षा कर रहे थे, जिससे भीड़भाड़ और देरी हो रही थी। अब, बिना किसी वैध कारण के किसी को भी वहां खड़े होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भीड़ को और अधिक नियंत्रित करने के लिए, स्टेशन के बाहर एक अस्थाई पंडाल के साथ एक निर्दिष्ट प्रतीक्षा क्षेत्र बनाया गया है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सभी प्लेटफार्म पर पैदल गश्त बढ़ा दी गई है, और यात्रियों को वैध कारण के बिना प्लेटफार्म पर बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



नई दिल्ली स्टेशन के बाहर बेरिकेड लगाकर प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित करती दिल्ली पुलिस। फोटो: रंजन डिमरी

# बेकाबू ऑडी कार ने स्कूटर को मारी टक्कर

- लोधी रोड पर हुआ हादसा, दुर्घटना में दो जख्मी, एक गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के लोधी रोड पर तेज रफ्तार ऑडी कार द्वारा स्कूटर को टक्कर मारने से दो व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घायलों की पहचान नैतिक और अभिषेक के रूप में हुई है, जिन्हें कार में सवार लोग अस्पताल लेकर गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) अचिन गर्ग ने कहा कि नैतिक की हालत स्थिर है जबकि अभिषेक की गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना जोरबाग डाकघर के पास हुई जब तेज रफ्तार लाल ऑडी एक स्कूटर को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकरा गई।

गर्ग ने कहा, पूर्वाह्न 11:45 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर कॉल आई, जिसमें पुलिस को दुर्घटना के बारे में बताया गया। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय 19 और 21 साल की उम्र के दो युवक कार के अंदर थे। दोनों छात्र हैं। पुलिस ने बताया कि नैतिक और अभिषेक अपनी दादी से मिलने के बाद घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। गर्ग ने कहा, हमने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई हैं। हम घटनाक्रम के बारे में जानकारी के लिए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल भी कर रहे हैं।

# शादी की सालगिरह की तैयारी जो रह गई अधूरी

- किसी ने पत्नी को तो किसी ने बेटी को इस हादसे में खोया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में मरने वालों की कहानी दिल को तोड़ने और झकझोर देने वाली है। दो अलग अलग परिवारों के लिए, एक ऐसा दुर्भाग्य का दंश जो कभी नहीं भर सकेगा। पहली, शादी की सालगिरह की एक तैयारी जो हमेशा अधूरी रह गई। दूसरी, एक बेटी के घर लौटने की दुआ जो अब कभी नहीं की जाएगी।

नई दिल्ली के महावीर एन्क्लेव के निवासी वीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को अपनी 16वीं शादी की सालगिरह पर अपनी पत्नी पूनम के साथ मंदिर जाने की योजना बनाई, जैसा कि वे हर साल करते हैं। लेकिन पूनम (40) की रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मौत हो गई, जिसमें 17 अन्य लोग मारे गए। सिंह ने दुख में कांपती आवाज़ में कहा, हर साल, हम अपनी सालगिरह पर मंदिर जाते थे और खीर बनाते थे। लेकिन इस साल, नियति ने हमारे साथ क्रूर मजाक किया। आज, जब हमें अपना खास दिन मनाना था। लेकिन हम शोक मना रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं सोचता रहता हूं, मैंने उसे उस दिन अकेले क्यों जाने दिया।

एक और शोक संतप्त पिता, प्रभु शाह के लिए, दिल का टूटना उतना ही गहरा है। कुछ दिन पहले ही वह अपनी बेटी बेबी कुमारी का 24वां जन्मदिन मना रहे थे, उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि यह उनका आखिरी जन्मदिन होगा। पिता ने कहा, 11 फरवरी को उसका जन्मदिन था, वह उस दिन बहुत खुश थी। मैंने उसे उपहार खरीदने के लिए पैसे भेजे थे।

यह उसके जश्न का हिस्सा बनने का मेरा तरीका था, भले ही वह दूर से ही क्यों न हो। उन्होंने यह भी कहा कि कुंभ मेले में जाने के बाद, कुमारी अपने माता-पिता से मिलने के लिए बिहार जाने की योजना बना रही थी। शाह और उनकी पत्नी ने उसके आने के लिए एक विशेष 'पूजा' और प्रार्थना भी की थी, ताकि उसका जन्मदिन साथ में न मना पाने की भरपाई हो सके। अब, अपनी बेटी का घर में स्वागत करने के बजाय, वे उसकी मौत का शोक मना रहे हैं। शनिवार रात को खचाखच भरे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री फुटओवर ब्रिज से नीचे उतरते समय फिसलकर दूसरों पर गिर गए। प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा।

# रेलवे लाइन पर युवक को गोली मारी, घायल

**नई दिल्ली।** वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेलवे लाइन पर बीती रात एक युवक को गोली मार दी। आजादपुर रेलवे पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। युवक की मां ने चार युवकों के नाम पुलिस को बताए हैं। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक घायल युवक की पहचान 40 साल के मुकेश के रूप में हुई है। वह अपनी मां, पत्नी,बेटा और दो बेटियों के साथ वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेलवे लाईन के पास झुग्गी बस्ती में रहता है। वह इलाके में ही मुर्गे बेचने पर काम करता है। विधानसभा चुनाव में मुकेश ने एक सट्टेबाज का विरोध किया था। मुकेश के थप्पड़ मार दिया था। पुलिस को शक है कि उसी मामले में मुकेश को गोली मारी गई।

# बारात और मंडप तैयार, दूल्हे का पता नहीं : गोपाल राय

- सीएम की घोषणा देरी पर उठाये सवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा किए बगैर शपथ ग्रहण की चल रही तैयारियों को लेकर भाजपा पर हमला बोला है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने तंज किया है कि बारात और मंडप तैयार है, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को पता नहीं है। उन्होंने पूछा कि भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है। उन्होंने कहा, आमतौर पर तो चुनाव में जीत के बाद पार्टी के विधायक दल की बैठक होती है, उसमें उसका नेता चुना जाता है और वह एलजी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है।

लेकिन यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही हैं, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनती रही हैं, लेकिन यह भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार देखा जा रहा है।

# युवा कांग्रेस ने मांगा रेलमंत्री का इस्तीफा

- कार्यकर्ताओं ने रायसीना रोड पर किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

भगदड़ की इस घटना में 18 यात्रियों की मौत हो गई थी। यह प्रदर्शन यहां रायसीना रोड स्थित युवा कांग्रेस के कार्यालय में हुआ। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे और रेल मंत्री से अपने पद से इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। शनिवार शाम को प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में सवार होने के लिए भारी भीड़ के उमड़ने के कारण नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए।

# नुक्कड़ नाटक से दी यातायात और सड़क सुरक्षा की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास में, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की उत्तरी रेंज ने मंगलवार को किंग्सवे कैंप चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नाटक का शीर्षक 'जिम्मेदारी है अब हमारी' था, जिसे राहुल खन्ना के एजुकेशन थिएटर ग्रुप द्वारा तैयार किया गया था।

पुलिस ने कहा कि इस पहल ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि ट्रैफिक नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी, जिससे सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच व्यक्तिगत जिम्मेदारी की ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया। नुक्कड़ नाटक का विषय, 'जिम्मेदारी है अब हमारी' एकत्रित भीड़ के साथ गहराई से जुड़ा, जिसने लगभग 200 दर्शकों को आकर्षित किया और प्रदर्शन से प्रभावित हुए। नाटक ने सड़कों पर मौजूद संभावित खतरों की याद दिलाई, तथा दर्शकों को यातायात से बचने के लिए अपने व्यवहार पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपनी जीवंत कहानी और परिदृश्यों के माध्यम से, सुरक्षित आवागमन के तरीकों पर महत्वपूर्ण सबक देने में सफल रही।

# दक्षिणी दिल्ली में 21-22 को जलापूर्ति बाधित

- दिल्ली जल बोर्ड ने बताया, रखरखाव कारणों से लिया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि रखरखाव कार्य के कारण राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में 21 और 22 फरवरी को जलापूर्ति बाधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों में जंगपुरा, लाजपत नगर, भोगल, ब्लॉक-6 कालकाजी, कैलाश कुंज, नेहरू अपार्टमेंट, अरबिंदो मार्केट, गीता कॉलोनी, जनता फ्लैट्स मयूर विहार फेज-111, पॉकेट ए, बीसी और डी मयूर विहार फेज-11, बीबी ब्लॉक बीपीएस ईस्ट शालीमार बाग, ए2/एलआईजी एकता अपार्टमेंट पश्चिम विहार, मादीपुर, पॉकेट-11 डीडीए फ्लैट्स जसोला विहार, सी-5 डी ब्लॉक जनकपुरी, ईएससी-ई-ब्लॉक विकासपुरी, ए-2 ब्लॉक जनकपुरी शामिल हैं। बयान में कहा गया है, भूमिगत जलाशय की फ्लशिंग और पंपिंग स्टेशन को बढ़ावा देने के वार्षिक कार्यक्रम के कारण 21 और 22 फरवरी को निम्नलिखित क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। मरम्मत कार्य के कारण, पानी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी, और इसलिए, प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी जाती है, यह कहा गया है। डीजेबी हेल्पलाइन या केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से मांग पर पानी के टैंकर उपलब्ध होंगे, यह कहा गया है।

# न्यायालय ने सुकेश की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने ठग सुकेश चंद्रशेखर की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी जिसमें उसने खुद को राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली के अलावा किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि चंद्रशेखर की ओर से पूर्व में दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। पीठ ने चंद्रशेखर से कहा कि उसकी शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी और अब शासन बदल जाने से शिकायत भी समाप्त हो जाती है। पीठ ने कहा, आपके पास खर्च करने के लिए धन है तो आप मौके ले रहे हैं। यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। आप एक ही तरह की याचिकाएं कैसे दायर करते रह सकते हैं।

पीठ ने कहा, अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। यह कहने से खुद को नहीं रोक सकते कि वर्तमान याचिकाकर्ता ने बदली हुई परिस्थितियों की आड़ में एक के बाद एक रिट दायर करके कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने की कोशिश की है।

# ऑनलाइन निवेश घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने निवेश पर अधिक मुनाफे का झांसा देकर सोशल मीडिया के जरिए लोगों को ठगने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान राजेंद्र मकवाना (40) के रूप में हुई है। उसे घोटाले में इस्तेमाल किए गए बैंक खातों का संचालन करने के आरोप में राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता को एक निवेश समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रण वाला संदेश प्राप्त हुआ, जिसके बाद शाहदरा के साइबर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# पर्यावरण को लेकर दिल्ली विवि गंभीर : कुलपति



- प्रो. योगेश सिंह ने कहा, वायु प्रदूषण से निपटने के लिए डीयू में किया गया सघन पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'ग्रीन यात्रा' के साथ मिलकर शहरी सघन वृक्षारोपण करके वायु प्रदूषण से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कुलपति की प्रतिबद्धता से प्रेरित यह हरित पहल शहरी परिवेश में पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करती है। डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने इस सघन पौधरोपण का उद्घाटन करते हुए नींबू का पौधा लगाया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण सघन वृक्षारोपण एक अच्छी पहल है। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी को लेकर गंभीर है। विश्वविद्यालय में निर्माण कार्यों के दौरान जहां भी वृक्ष बीच में आते हैं, उन्हें काटने की बजाए दूसरी जगह लगाने पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों और विस्तार कार्यों के लिए कई बार वृक्षों को हटाना तो पड़ता है। कुलपति ने कहा कि यह उद्यम न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के लिए हमारे विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाता है, बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अनुकरणीय मॉडल के रूप में भी कार्य करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मीडिया प्रबंधन के लिए कांचन आजाद सम्मानित



**नई दिल्ली।** कांचन आजाद, ओएसडी (मीडिया), को दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान मीडिया प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य सर्वश्रेष्ठ चुनाव प्रक्रिया के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। आज़ाद ने चुनावी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावशाली मीडिया अभियानों का संचालन किया और दिल्ली के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से 500 समाचार लेख प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली के कार्यालय में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) और प्रवक्ता के रूप में कार्यरत, अज़ाद ने मतदाता साक्षरता और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रभावशाली मीडिया अभियानों को सफलतापूर्वक संचालित किया है।एक अनुभवी मीडिया पेशेवर के रूप में, उन्होंने दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रेस सचिव और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के प्रेस सचिव के रूप में भी कार्य किया है। सरकारी सेवा में शामिल होने से पहले, उन्होंने दो प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्रों में क्राइम रिपोर्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई।

### 'द दिल्ली मॉडल' हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में लॉन्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के पूर्व उपाध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह की किताब 'द दिल्ली मॉडल' का अमेरिकी संस्करण 15 फरवरी को अमेरिका के बोस्टन में आयोजित हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में लॉन्च किया गया। सम्मेलन में किताब का विमोचन जस्मीन शाह, हार्वर्ड केनेडी स्कूल के प्रोफेसर गौतम नायर और सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के पूर्व अध्यक्ष व ब्राउन यूनिवर्सिटी में विजिटिंग फेलो यामिनी अय्यर, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के फैकल्टी सदस्य, छात्रों और प्रोफेशनल्स सहित सहित कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में किया गया। ज्ञात रहे कि 15 और 16 फरवरी को हार्वर्ड केनेडी स्कूल और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

# चांदनी चौक का गौरव बनाये रखना जरूरी : हाईकोर्ट

- अदालत ने रखरखाव में लापरवाही का जिक्र करते हुए जताई चिंता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चांदनी चौक शहर का गौरव है और इसके रखरखाव के लिए सभी एजेंसियों को आवश्यक प्रयास करने चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने पुनर्विकास के बाद भी चांदनी चौक क्षेत्र में एजेंसियों की ओर से खराब रखरखाव और लापरवाही का जिक्र करते हुए चिंता जाहिर की। पीठ ने कहा, कृपया इस मामले को गंभीरता से लें। इसमें उच्च स्तर के अधिकारी शामिल होंगे। हम अधीनस्थ अधिकारियों से संतुष्ट नहीं होंगे। यह दिल्ली का गौरव है। उच्च न्यायालय ने कहा कि सभी प्राधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, ताकि चांदनी चौक ऐतिहासिक और वाणिज्यिक स्थल के रूप में अपनी पहचान न खो दे। पीठ ने चांदनी चौक को हमारी विरासत बताते हुए इसकी मूल अवधारणा की रक्षा करने पर जोर दिया और कहा कि सभी हितधारकों को एजेंसियों पर निर्भर रहने के बजाय एक साथ आना चाहिए।

अदालत ने चांदनी चौक के रखरखाव के लिए रूपरेखा तैयार करने के वास्ते नगर प्रशासन के सर्वोच्च अधिकारियों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया और कहा कि रखरखाव की देखरेख करने वाली मौजूदा समिति ठीक से काम नहीं कर रही है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, ऐसा लगता है कि वर्तमान समिति ठीक से काम नहीं कर रही है। केवल बैठकें करना और इसके निर्णयों को लागू न करना नहीं चलेगा। हमें न केवल दुकानदारों के अस्तित्व को बचाना है, बल्कि चांदनी चौक की अवधारणा को भी बचाना है। यह हमारी विरासत है।

इसलिए सभी को साथ आना चाहिए। केवल एजेंसियों पर निर्भर रहने से काम नहीं चलेगा। इस मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। वहीं दिल्ली पुलिस ने चांदनी चौक सड़क पर लाल किले से फतेहपुरी तक 12 घंटे के लिए यातायात प्रतिबंध लागू किए हैं।

इस संबंध में एक परामर्श मंगलवार को जारी किया गया। परामर्श के अनुसार, दिल्ली परिवहन विभाग ने मुख्य चांदनी चौक रोड (लाल किले से फतेहपुरी तक) को सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक गैर-मोटरयुक्त वाहन (एनएमवी) क्षेत्र घोषित किया है। इस आदेश को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मुख्य चांदनी चौक रोड से जुड़ने वाली सभी सड़कों और गलियों पर बैरियर लगाए गए हैं। अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस, शव वाहन, गर्भवती महिलाओं या बीमार व्यक्तियों को ले जाने वाले वाहन, प्रवर्तन वाहन (उत्तर दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस) और मरम्मत कार्यों में लगे वाहन (जिनमें उत्तर डीएमसी, दिल्ली पुलिस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग, सीपीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और बैंक करेंसी वैन सहित सुरक्षा वैन शामिल हैं) एचसी सेन मार्ग और खारी बावली के जरिए प्रवेश कर सकते हैं। परामर्श में मोटर चालकों से धैर्य रखने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और यातायात कर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की गई है जिससे सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# नवीकरणीय ऊर्जा और छतों पर सोलर बदलाव के प्रतीक : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि तापीय ऊर्जा से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बदलाव, सोलर रूफटॉप्स (छतों पर लगाना) का उपयोग और महानगरों में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग को लागू करना हरित भविष्य की ओर बदलाव का उदाहरण है।

सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (सीआईआई आईजीबीसी) ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के साथ साझेदारी में ग्रीन मेट्रो सिस्टम - द फ्यूचर ऑफ अर्बन मोबिलिटी वषय पर पांचवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में मंत्री ने कहा, जैसे-जैसे मानवता प्रगति कर रही है, हमारे नवाचार अक्सर प्रकृति के साथ संघर्ष कर रहे हैं।

# कार में लगी आग, बाल-बाल बचा परिवार

## हीरो होंडा चौक पर हुआ हादसा, राजीव चौक से जयपुर की तरफ जा रहे थे कार सवार

- मौके पर मौजूद एएसआई व सिपाही ने दिखाई तत्परता, पीड़ितों को बाहर निकाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में हीरो होंडा चौक फ्लाईओवर पर गाड़ी में लगी आग।

यहां हीरो होंडा चौक पर मंगलवार को एक चलती गाड़ी में आग लग गई। आग की सूचना पर तुरंत ही यातायात पुलिस गाड़ी के पास पहुंची। गाड़ी में सवार एक ही परिवार के चार लोगों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। अगर यातायात पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद करीब पौने तीन बजे एक गाड़ी में गाड़ी मालिक सुनील कुमार निवासी सिकन्दरपुर घोषी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ राजीव चौक की ओर से जयपुर की तरफ जा रहे थे।

जैसे ही वे हीरो होंडा फ्लाई ओवर के ऊपर चढ़े तो अचानक गाड़ी में आग लग गई। हीरो होंडा चौक पर तैनात जोनल अधिकारी एएसआई वेदप्रकाश व सिपाही रिंकू सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और गाड़ी में सवार लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला। यातायात पुलिस ने गाड़ी में सफर कर रहे चारों लोगों की जान सुरक्षित बचाकर अपना कर्तव्य निभाया।

जोनल अधिकारी वेदप्रकाश और सिपाही रिंकू सिंह ने फायर ब्रिगेड की सहायता से गाड़ी में लगी आग पर तुरंत काबू भी पाया।

## नगर निगम चुनाव के नोडल अधिकारी नियुक्त

फरीदाबाद। नगर निगम चुनाव के सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। मटेरियल प्रबंधन के लिए नगर निगम सचिव जयदीप, टेंडेज से संबंधित कार्य के लिए नगर निगम फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त राजेश कुमार, आदर्श आचार संहिता व पोलिंग बूथों पर आवश्यक प्रबंधनों के लिए नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, मैनपावर प्रबंधन के लिए नगराधीश अंकित कुमार व डीआईओ विपिन, ट्रेनिंग प्रबंधन के लिए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह व संयुक्त आयुक्त द्विजा तथा ट्रांसपोर्ट से संबंधित जरूरी व्यवस्थाओं के लिए आरटीए फरीदाबाद मुनीश सहगल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# निकाय चुनाव में भाजपा के प्रचार ने पकड़ा जोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

- संकल्प पत्र समिति में विपुल गोयल को मिली अहम जिम्मेदारी

हरियाणा में आगामी निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। पार्टी ट्रिपल इंजन सरकार के नारे के साथ सभी नगर निकायों में जोर-शोर से प्रचार कर रही है। इसी क्रम में, प्रदेश भाजपा ने निकाय चुनावों के लिए संकल्प पत्र समिति की घोषणा की है, जिसमें कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को जिम्मेदारी दी गई है।

**संकल्प पत्र समिति में कई वरिष्ठ नेता शामिल:** संकल्प पत्र समिति में विपुल गोयल के अलावा कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा एवं निखिल मदान, अन्य वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मेयर शामिल हैं। यह समिति प्रदेशभर के नगर निकायों से जुड़े विषयों को ध्यान में रखते हुए आगामी पांच वर्षों के विकास कार्यों का एक ब्लूप्रिंट तैयार करेगी।

**विकास कार्यों के लिए खाका तैयार करेंगे विपुल गोयल:** विपुल गोयल, जो शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, को भाजपा ने इस अहम भूमिका में नियुक्त किया है। उनके नेतृत्व में निकायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संकल्प पत्र का मसौदा तैयार किया जाएगा, जो आगामी चुनावों में पार्टी की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

इस अवसर पर विपुल गोयल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि स्थानीय निकायों के मंत्री होने के नाते विपुल गोयल प्रदेशभर के सभी नगर निकायों की जरूरतों और उनकी समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं।

ऐसे में, संकल्प पत्र तैयार करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस संकल्प पत्र में शहरी विकास, आधारभूत ढांचे, जल आपूर्ति, एवं स्वच्छता जैसी प्रमुख योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। हरियाणा में निकाय चुनाव की घोषणा के बाद से ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

# शोक जताने भाजपा नेता के घर पहुंचे इंद्रजीत

- रेल मंत्रालय सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य प्रवीण त्यागी के पिता का हो गया था निधन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गांव बादशाहपुर में रेल मंत्रालय सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य भाजपा नेता प्रवीण त्यागी के घर पर मौजूद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व अन्य।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह गांव बादशाहपुर में अपने खास कार्यकर्ता रेल मंत्रालय सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य भाजपा नेता प्रवीण त्यागी के पिता होराम त्यागी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे। उन्होंने प्रवीण त्यागी के पिता के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने स्वर्गीय होराम त्यागी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पिता का साया सिर से उठ जाना बेहद दुख पूर्ण होता है। इस कष्ट की आपूर्ति कभी नहीं की जा सकती, लेकिन हम सब प्रकृति के नियमों में बंधे हैं। इसलिए होनी को स्वीकार कर आगे बढ़ने का नाम ही जीवन है। उन्होंने परिजनों व मौजूद लोगों का आह्वान किया कि दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी है जब उनकी अच्छी शिक्षाओं को जीवन में धारण कर उनके दिखाए पथ पर चलें। इस मौके पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, निवर्तमान मेयर विमल यादव, युवा कांग्रेस नेता राव राजकमल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोहताश बेदी, युवा कांग्रेस नेता वर्धन यादव, कुलदीप तंवर, अजीत यादव, हंसराज यादव, पूर्व भाजपा स्थानीय निकाय सेल के प्रदेश सह संयोजक व चकरपुर के पूर्व सरपंच अनिल यादव, धर्मबीर डागर नाहरपुर, ग्रुप कैप्टन जसवंत त्यागी, असिस्टेंट कमांडेंट कपिल त्यागी, बेगराज यादव चेयरमैन, सुभाष त्यागी सरपंच, ओमप्रकाश त्यागी, डॉ. सुरेंद्र यादव रजिस्ट्रार, ऋषि प्रकाश त्यागी प्रधान आर्य समाज, प्रीतम हसीजा, राजकुमार त्यागी, धर्मबीर डागर बादशाहपुर, अनिल कश्यप, महेंद्र यादव विहिप, मुकेश जेलदार, मुनेश नंबरदार, जयबीर त्यागी, राजेश त्यागी, प्रवीन यादव, अंकित त्यागी, एडवोकेट सीके शर्मा, एडवोकेट प्रवेश यादव, एडवोकेट निकेश राज यादव, एडवोकेट नवीन यादव, एडवोकेट महेंद्र दायमा, राम मेहर तंवर, ललित त्यागी, अमित त्यागी, राज त्यागी, सचिन पहलवान सहित काफी लोग भी मौजूद रहे।

## शिल्प मेला में उद्घोषिका रुचि गुप्ता कर रही है पर्यटकों का मार्गदर्शन

सूरजकुंड (फरीदाबाद)। सूरजकुंड मेला दर्शकों के लिए इन दिनों विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसमें लाखों की संख्या में नित देश विदेश के पर्यटक मेले का लुत्फ उठाने अपने परिवार व सगे संबंधियों के साथ आ रहे हैं। मेले में विभिन्न राज्यों से आए हस्तशिल्पियों, कलाकारों और रंगारंग कार्यक्रमों की भूमिका अलग-अलग रूपों में मेले को नया स्वरूप प्रदान कर रही है। इसी क्रम में मेले के दर्शन और मेला दर्शकों के मार्गदर्शन में रुचि गुप्ता की आवाज कृपया ध्यान दीजिए...के रूप में हर पल सुनने को मिल रही है।

कहते हैं मेला हो या मार्ग यदि मार्गदर्शक ठीक हो तो यात्रा का आनंद ही कुछ और होता है तथा इस मेले की यात्रा को सुगम बनाने के लिए जहां एक ओर रुचि गुप्ता उद्घोषिका (अनाउंसर) की आवाज मेला दर्शकों को मेले के दर्शन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी के रूप में सुनने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर खोया-पाया संबंधी जानकारी के रूप में भी मार्गदर्शक बनकर वह मेला दर्शकों के बीच अपनी भूमिका का विशेष रूप से निर्वाह कर रही है।

# महिला विंग ने संभाली सुंदरलाल के प्रचार की कमान

- ट्रिपल इंजन की सरकार से विकास पकड़ेगा रफ्तारः यादव
- सरपंच की पत्नी ने चलाया घर-घर जनसंपर्क अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मानेसर नगर निगम क्षेत्र में भाजपा के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल के समर्थन में प्रचार करती महिलाएं।

मानेसर नगर निगम से भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल के प्रचार की कमान मातृ शक्ति ने संभाल ली है। मंगलवार को सरपंच सुंदर लाल की धर्मपत्नी समेत क्षेत्र की अनेक महिलाएं चुनाव प्रचार सामग्री लेकर प्रचार के लिए निकलीं। सरपंच सुंदर लाल द्वारा जनसेवा के किए गए कार्यों को लोगों के बीच सांझा किया और कमल के फूल पर वोट देकर उन्हें मेयर बनाने का आग्रह किया।

आगामी 2 मार्च को होने वाले नगर निगम मानेसर के चुनाव को लेकर टीम सुंदर लाल पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। महिलाएं चुनाव प्रचार में क्षेत्र के गांव-गांव जाकर टीम चुनाव प्रचार कर रही हैं। भाजपा के मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव की धर्मपत्नी ने मानेसर नगर निगम के गांव शिकोहपुर में महिलाओं के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। घर-घर जाकर बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। मेयर बनकर क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को भी उन्होंने महिलाओं के साथ सांझा किया। उन्हें प्रचार सामग्री सौंपते हुए भाजपा को 2 मार्च को वोट देने की अपील की। ग्रामीण महिलाओं ने खुले मन से सरपंच सुंदर लाल का समर्थन करते हुए उन्हें ही मेयर चुनने की भरोसा और आशीर्वाद दिया। लंबे समय से क्षेत्र की सेवा में जुटे सुंदर लाल यादव मानेसर निगम के हर गांव में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। उनकी सेवा की भावना से हर कोई उनका कायल है।

उधर, मेयर प्रत्याशी सरपंच सुंदर लाल यादव ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार मानेसर में बनने जा रही है। जनता ने नामांकन कार्यक्रम में जो समर्थन और आशीर्वाद दिया है, उससे यह तय हो गया है कि जनता भाजपा को चुनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मानेसर क्षेत्र का समग्र विकास कराना ही उनकी प्राथमिकता रहेगी। मानेसर नगर निगम में गांव भी काफी लगते हैं। गांवों में हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



मानेसर नगर निगम क्षेत्र में वॉल पेंटिंग करते बच्चे।

### बच्चों ने वॉल पेंटिंग के जरिये दिया स्वच्छता का संदेश

गुरुग्राम। मानेसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम ने स्कूली बच्चों के सहयोग से गांव नवादा में वॉल पेंटिंग का आयोजन करवाया। श्री चैतन्य ई-टेक्नों स्कूल के बच्चों ने वॉल पर स्वच्छता विषय पर पेंटिंग बनाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। यहां मौजूद नगर निगम के उप-निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बच्चों द्वारा बनाई खूबसूरत कलाकृतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों ने बेहतर काम किया है। बच्चों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया है, बल्कि स्वच्छता के महत्व को भी आमजन तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में मानेसर नगर निगम को बेहतर रैंक हासिल हो इसके लिए सभी मानेसर निगम क्षेत्रवासियों का पूरा सहयोग देना होगा। इस दौरान नगर निगम के उप-निगम आयुक्त विनोद नेहरा, स्वच्छ भारत मिशन के ईएक्सईएन तुषार यादव, सफाई अधिकारी एम एस सोढ़ी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### संस्कृति के सारथी संस्था मनाएगी बसंतोत्सवः राम बहादुर



गुरुग्राम। हरियाणा कला परिषद और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला (संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) के सहयोग से संस्कृति के सारथी संस्था द्वारा सेक्टर-7 स्थित आर्य कन्या विद्या मंदिर में 23 फरवरी को बसंतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के 20 नामचीन कलाकार हिंदी फिल्मों के सुकून देने वाले देने वाले प्रेरणादाई और देशभक्ति गीतों का मंचन करेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था की तैयारी का जायजा लेते हुए संस्कृति के सारथी के अध्यक्ष राम बहादुर सिंह ने बताया कि इस कायक्रम के मुख्य अतिथि संस्कार भारती के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय होंगे। हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति होगी। कार्यक्रम में प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी शरद गोयल, हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक अजय सिंघल, भूतपूर्व लेबर कमिश्नर भूपेंद्र यादव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. एके भाटी, समाजसेवी डा. राजकुमार राघव शामिल होंगे।

# सड़क के गड्ढे भरवाकर पुलिस ने किया सराहनीय कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में सड़क पर बने गड्ढे भरते यातायात पुलिसकर्मी।

स्थानीय पुलिस ने सड़कों पर बने गड्ढों को भरवाकर यातायात को हो रही परेशानी को दूर किया। पुलिस के इस काम की वाहन चालकों व अन्य लोगों ने भी सराहना की।

सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेन्द्र कौर की देखरेख में यातायात निरीक्षक राजबीर सिंह, निरीक्षक रामकिशन, निरक्षक राजेश कुमार, आरएसओ टीम व यातायात पुलिस कर्मचारियों ने सुभाष चौक, अंजुमन मस्जिद टी प्वाइंट, जेड चौक, नजदीक इफको मैट्रो स्टेशन, कन्हई चौक और साऊथ सिटी-2 सड़क पर बने गड्ढों को भरवाया। इन स्थानों पर गहरे गड्ढे हो रखे थे, जिस कारण यातायात धीमी गति से चलता था। इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों के साथ अप्रिय घटना भी घट सकती थी। जिस पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस में तैनात यातायात निरीक्षक राजबीर सिंह, निरीक्षक रामकिशन, राजेश कुमार, यातायात पुलिस कर्मचारियों व आरएसओ की मदद से सड़क पर बने इन खतरनाक गड्ढों को रेडीमिक्स (रोड़ी-कंक्रीट) मैटीरियल से तुरन्त भरवाया गया, ताकि वाहन चालकों को किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने से बचाया जा सके। यातायात पुलिस गुरुग्राम ने इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए अपने पास रेडीमिक्स रोड़ी-कंक्रीट मैटीरियल बैग ले रखे हैं, ताकि जरूरत पडने पर इनका इस्तेमाल करके यात्रियों की सुविधा अनुसार गड्डों को तुरन्त भरवाया जा सके।

यातायात पुलिस गुरुग्राम ने इन सभी गड्ढों को भरवाकर वाहनों में मानो जैसे रफ्तार ही भर दी हो। सभी गड्ढे को भरवाने के बाद वाहनों का संचालन अधिक सुगमता से कराया जा रहा है। इससे वाहन चालकों का समय और तेल खर्च दोनों की बचत होगी। पुलिस ने इन गड्ढों को भरवाकर सराहनीय कार्य किया है। वाहन चालकों ने इस कार्य के दौरान यातायात पुलिस की सराहना की।

# 538 नामांकन पाए वैध, नौ किए गए रद्द

- मेयर व चैयरमेन पद के सभी नामांकन सही
- प्रत्याशी 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक ले सकते हैं नाम वापिस
- 19 को ही दोपहर 3 बजे आवंटित किए जाएंगे चुनाव चिन्ह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मंगलवार को नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर, नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी व सोहना सहित नगर पालिका फर्रुखनगर के लिए प्राप्त नामांकनों की स्क्रूटनी संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कोर्ट में की गयी। जिसमें नगर निगम गुरुग्राम व मानेसर में मेयर पद, नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी व सोहना सहित नगर पालिका फर्रुखनगर में चैयरमेन पद के सभी नामांकन वैध पाए गए। वार्ड पार्षद चुनाव के लिए 9 नामांकन रद्द किए गए।

नगर निगम गुरुग्राम में 36 वार्डों में पार्षद चुनाव के लिए कुल 220 नामांकन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 216 को वैध पाया गया। चार नामांकन रद्द किए गए। इसी प्रकार मानेसर नगर निगम के 20 वार्डो से 170 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरा था। जिसमें से 167 नामांकन को वैध पाया गया और तीन नामांकन रद्द कर दिए गए। नगर पालिका फर्रुखनगर में 16 वार्डो के लिए कुल 48 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था, जोकि सभी वैध हैं।

वहीं नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी के 22 वार्डों के लिए कुल 109 नामांकन मिले थे। जिनमें से स्क्रूटनी के दौरान 107 नामांकन ठीक मिले। दो रद्द कर दिए गए।



# मूर्तिकला प्रतियोगिता का प्रधान सचिव कला ने किया अवलोकन

- कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग युवा मूर्तिकारों को कर रहा प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड

सूरजकुंड मेले में आर्ट एंड कल्चरल गैलरी में आयोजित मूर्तिकला प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागी अपने हुनर को और अधिक निखारने के लिए अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली मूर्ति शिल्प प्रतियोगिता का पर्यटन निगम हरियाणा की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मूर्तिकला प्रतियोगिता में भाग ले रहे शिल्पकारों के कुशल कार्य की सराहना भी की।

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल और महानिदेशक के.एम. पांडुरंग के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया के निर्देशन में युवा मूर्तिकारों को अपनी कला में और अधिक निपुण बनाने के उद्देश्य से सूरजकुंड मेला परिसर में मूर्ति शिल्पकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कला रामचंद्रन ने कहा कि विलुप्त होती जा रही मूर्तिकला का विकास करने में युवा मूर्तिकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



एनआईएफटी की ओर से बड़ी चौपाल पर आयोजित किए गए फैशन शो में दर्शकों को अलग-अलग परिधान से अवगत करवाते मॉडल्स।

# अशोक मस्ती के गीत ने महा स्टेज की ओर खींचा पर्यटक को

- मस्ती नुमा माहौल में मदमस्त होकर झूमते नजर आए लोग

दयाराम वशिष्ठ। सूरजकुंड (फरीदाबाद)

पंजाबी व हरियाणवी गीत की धुन जब मेला परिसर की महा स्टेज पर बजी तो मेला घूमने आए पर्यटक अनायास ही सुरीली आवाज की ओर खिंचे चले आए। सूरजकुंड मेले में सोमवार की शाम प्रसिद्ध गायक अशोक मस्ती के नाम रही। अशोक मस्ती ने जब मंच से अपनी सुरीली आवाज में गीतों को गुनगुनाना शुरू किया तो पर्यटक महा स्टेज की ओर उमड़ पड़े।

अशोक मस्ती ने अपनी गायकी के अनोखे अंदाज से सूरजकुंड मेले की सोमवार की सांस्कृतिक संध्या में चार चांद लगा दिए। उन्होंने दर्शकों के पसंदीदा गीतों की एक के बाद पेशकश से गानों की झड़ी सी लगा दी। स्टेज पर उनके द्वारा गाए गए भूलभुलैया के गीत हरे राम हरे राम हरे कृष्णा हरे राम... के साथ-साथ पंजाबी गीत ठेकेयां ते निट खड़के खड़के ग्लासी तेरे नाम ते... को सुनते ही सभी दर्शक मदमस्त होकर नाचने लगे। इसके अलावा उन्होंने तेनु काला चश्मा जचदा ए जचदा ऐ गोरे मुखड़े ते..., गुलाबी आंखें जो तेरी देखी शराबी ये दिल हो गया..., चुरा लिया है तुमने जो दिल को..., तेरी आंख्या का यो काजल... जैसे कई अन्य हिंदी व पंजाबी हिट गीतों के गायन से दर्शकों को मस्ती में भरकर नाचने पर मजबूर कर दिया।

## सूरजकुंड मेले में निफ्ट के मॉडल्स ने फैशन शो में बिखेरे जलवे

सूरजकुंड (फरीदाबाद)। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में मंगलवार को बड़ी चौपाल पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) की ओर से फैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में मॉडल्स ने एक से एक बेहतरीन परिधान के डिजाइन के लुक से दर्शकों को खूब आकर्षित किया। एनआईएफटी ने सूरजकुंड मेले में अपनी अनूठी प्रस्तुति के रूप में शानदार फैशन शो का आयोजन किया। इस शो ने दर्शकों को भारतीय और वैश्विक फैशन ट्रेंड्स के मिश्रण से रूबरू कराया, जिसमें मॉडल्स ने रचनात्मकता और डिजाइन कौशल की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। फैशन शो में विभिन्न समकालीन और पारंपरिक डिजाइनों का मिश्रण देखने को मिला। यह फैशन शो सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेला के समृद्ध सांस्कृतिक परिदृश्य में फैशन की अहमियत को उजागर करता है। इस शो के माध्यम से देश के भारतीय कारीगरी को वैश्विक मंच पर पेश कर फैशन के नए आयामों को प्रस्तुत किया गया।

# मुख्यमंत्री नायब डी लिट की मानद उपाधि से अलंकृत

## सीएम को कुवि के 34वें दीक्षांत समारोह में सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए दी गई यह उपाधि

- राज्यपाल ने गोल्ड मैडल व मैरिट प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित
- दो हजार पीजी व यूजी के छात्र-छात्राओं को वितरित की डिग्रियां
- 130 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि और 91 को दिया गोल्ड मेडल




**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से अलंकृत किया। साथ ही, विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले और अंतरिक्ष में भारत का गौरव बढ़ाने वाले इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ को भी मानद उपाधि और गोयल पीस प्राइज से सम्मानित किया गया।

दीक्षांत समारोह में लगभग 2000 विद्यार्थियों को डिग्री तथा 130 पंजीकृत पीएचडी धारकों को पीएचडी की उपाधि तथा 91 पंजीकृत विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, इसरो वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डॉ. एसपी सिंह व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने दीपशिखा प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया तथा स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने पीएचडी की उपाधि से विभूषित और पदक प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल डिग्री नहीं, बल्कि आपकी मेहनत का सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व संकाय सदस्यों को भी बधाई दी। उन्होंने डॉ. एस. सोमनाथ को विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि और गोयल पीस प्राइज से सम्मानित करने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

कुलपति सचदेवा ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय ने देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया है। इस विश्वविद्यालय में 23 नए शैक्षणिक प्रोग्राम शुरू किए गए हैं, 63 पेटेंट हासिल किए हैं, 2 इंक्यूबेशन सेंटर बनाए गए हैं। इस विवि ने 1150 विश्वविद्यालयों में खेलों के क्षेत्र में तीसरा स्थान हासिल किया, सांस्कृतिक गतिविधियों में देश में तीसरा स्थान हासिल किया और सरकारी विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान पर है।

इस अवसर पर उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. करतार सिंह धीमान, संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रमेश भारद्वाज, बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रमेश कुमार मल्होत्रा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन आफ कालेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश सहित विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर, चैयरपर्सन, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### एआई के क्षेत्र में मिलेंगी एक करोड़ नौकरियां: राज्यपाल

**राज्यपाल ने पीएचडी, पीजी, यूजी की डिग्री लेने वाले और गोल्ड मेडल हासिल करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों में देश के उज्ज्वल भविष्य को देखा जा सकता है। समारोह के बाद सभी विद्यार्थियों की जिंदगी में एक नई यात्रा की शुरुआत होगी। इस यात्रा से अभिभावकों, गुरुजनों को काफी अपेक्षाएं रहेंगी। कोई विद्यार्थी नौकरी की तलाश में होगा और कोई अपने व्यवसाय की तरफ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को देखकर नजर आ रहा है कि डिग्री लेने के बाद अधिकतर विद्यार्थी नौकरी हासिल करने वाले नहीं अपितु नौकरी देने वाले संस्थान के रूप में मुकाम हासिल करेंगे। राज्यपाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड व एनआईआरएफ की 41वीं रैंकिंग मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और कर्मचारियों की मेहनत के कारण विश्वविद्यालय उन्नति की राह पर तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विश्वविद्यालय प्रदेश का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय है इसलिए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कारों का हमेशा जहन में रखना होगा।**

### लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें युवा: शिक्षा मंत्री

**शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि दीक्षांत समारोह से डिग्री लेने के बाद युवा जिंदगी का लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाने की चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए युवाओं को संकल्प लेना होगा और संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुवतापरक शिक्षा प्रदान करने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रदेश में 2025 तक लागू करने का हमारा संकल्प है। इस दिशा में सभी शिक्षण संस्थानों ने रोडमैप तैयार कर लिया है।**



# हरियाणवी संस्कृति का अनूठा संग्रहालय है कुवि धरोहर: वैज्ञानिक

- इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने किया केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस ने मंगलवार को केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय का अवलोकन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणवी संस्कृति का अनूठा संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि केयू धरोहर को देखकर मेरे गांव एवं बचपन की यादें ताजा हो गई।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का धरोहर हरियाणा संग्रहालय हरियाणवी संस्कृति का प्रतीक है जहां एक ओर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति को संरक्षित कर रहा है वहीं दूसरी ओर प्रदेश की संस्कृति के प्रचार-प्रसारित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस ने कहा कि किसी भी प्रदेश की सभ्यता एवं संस्कृति उसकी विशेष पहचान होती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने हरियाणा प्रदेश की लोक परम्परा एवं संस्कृति को संजोने में विशेष योगदान दे रहा है। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण एवं केयू द्वारा ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त करने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राचीन लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अथक प्रयास को देखते हुए अन्य विश्वविद्यालयों को भी अपने राज्यों की संस्कृति के संरक्षण के लिए इस प्रकार की योजना बनानी चाहिए। इस अवसर पर केयू धरोहर की ओर से वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ एस को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सोमनाथ एस ने केयू फैकल्टी लॉज में विभिन्न संकायों के सदस्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2040 तक भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा।

# निकाय मंत्री ही तैयार करेंगे निकाय चुनावों का घोषणा-पत्र

- भाजपा ने संकल्प पत्र कमेटी का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

भाजपा ने शहरी स्थानीय निकायों – नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं के चुनावों के लिए चुनावी 'संकल्प-पत्र' तैयार करने के लिए कमेटी का गठन किया है। प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के निर्देशों के बाद प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुरेंद्र पूनिया ने कमेटी की लिस्ट जारी की है।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में यह कमेटी बनाई है। कमेटी में दो निवर्तमान और दो पूर्व विधायकों को भी बतौर सदस्य शामिल किया है। नौ सदस्यीय कमेटी में विपुल गोयल के साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी शामिल हैं। कमेटी में कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा तथा सोनीपत विधायक निखिल मदान को भी शामिल किया है। शक्ति रानी शर्मा अंबाला सिटी नगर निगम की मेयर रही हैं। इस बार उन्होंने भाजपा टिकट पर कालका से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वहीं निखिल मदान कांग्रेस टिकट पर सोनीपत नगर निगम के मेयर बने थे। विधानसभा चुनावों से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली। भाजपा ने उन्हें सोनीपत से चुनाव लड़वाया और वे विधानसभा पहुंचने में कामयाब रहे। पंचकूला नगर निगम के मेयर कुलभूषण गोयल के अलावा पानीपत नगर निगम की निवर्तमान मेयर अवनीत कौर तथा यमुनानगर के मेयर मदन चौहान को भी कमेटी में शामिल किया है। वरिष्ठ नेता विजय पाल एडवोकेट भी संकल्प-पत्र कमेटी में शामिल किए हैं। भाजपा ने मौजूदा व पूर्व मेयरों को इसलिए कमेटी में शामिल किया है ताकि उनके अनुभवों का फायदा उठाते हुए संकल्प-पत्र तैयार किया जा सके।

# चार माह से भी कम मुख्य सचिव रहे जोशी

- केंद्र से आए और फिर वापस वहीं भेजे गए
- तीसरी बार सत्ता में आई सरकार के लिए लागू किया सौ दिन का एजेंडा
- फैसलों को फील्ड तक पहुंचाने को तय की समय सीमा
- कार्यप्रणाली में बदलाव के लिए जारी किए कई आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी चार माह से भी कम समय हरियाणा के मुख्य सचिव रहे। जोशी केंद्र से हरियाणा में आए थे लेकिन बहुत छोटे से कार्यकाल के बाद वापस केंद्र में चले गए हैं।

डॉ.विवेक जोशी को भारत का चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को एक नवंबर 2024 में हरियाणा का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। जोशी ने पूर्व मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यभार संभाला था। हरियाणा का मुख्य सचिव बनने से पहले जोशी केंद्र में वित्त सचिव का जिम्मा संभाल रहे थे।

इसके बाद उन्हें कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभाली। 4 साल तक केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के रूप में कार्य किया।

भारतीय रिजर्व बैंक और देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक के बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। कपड़ा मंत्रालय (2001-2006) में डायरेक्टर के रूप में काम किया। जोशी ने तीसरी बार सत्ता में आई नायब सरकार के लिए सौ दिन का एजेंडा तैयार किया और उसे लागू करवाया। जोशी के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई ज्यादातर घोषणाओं की अधिसूचना बिना किसी देरी के जारी की गई। जोशी के कार्यकाल के दौरान हरियाणा के राजस्व विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों की सूचियां भी वायरल हुई। उन्होंने कामकाज में पारदर्शिता को लेकर कई आदेश जारी किए जो निचले स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को पसंद नहीं आए। जोशी ने मुख्यमंत्री की बैठकों का एजेंडा समय पर जारी तथा बैठकों में लिए जाने वाले फैसलों को तीन दिन भीतर कार्यवाही का हिस्सा बनाने के आदेश जारी किए तो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तैनात निजी सचिव स्तर के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तीन माह के कार्यकाल में जोशी ने बैठकों में होने वाले फैसलों को फील्ड तक पहुंचाने के लिए समय सीमा तय की।

## जेएनयू में वायु प्रदूषण, जल संकट पर चर्चा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज़ और ग्रीन ह्यूमन्स के मंच पर 'ग्रीन फ़्यूचर की ओर भारत की जलवायु नेतृत्व कार्यशाला' में पर्यावरण विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और छात्रों ने अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का उद्देश्य भारत की जलवायु चुनौतियों और सतत विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों पर मंथन करना था। चर्चा में बतया कि भारत में जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा हो रही समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव अर्थिक रूप से कमजोर वर्ग समेत महिलाओं पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन न सिर्फ अजीविका को प्रभावित कर रहा है बल्कि पलायन को भी बढ़ावा दे रहा है। कार्यशाला जेएनयू के डीन प्रो. अमिताभ मट्टू, प्रो. संजय के. पांडे, पर्यावरणविद् डॉ. निधि पांडे, प्रो. अतुल कुमार, प्रो. अरुण श्रीवास्तव, डॉ. शिल्पी तिवारी ने संबोधित किया।

# ट्रिपल इंजन सरकार बनाने की रणनीति को दिया अंतिम रूप

- मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष ने मेयर व चेयरमैन उम्मीदवारों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और प्रदेश पदाधिकारियों से की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरूक्षेत्र

भाजपा ने मंगलवार को कुरूक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय बैठक कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंत्रियों, विधायकों और निकाय चुनाव के मेयर, चेयरमैन उम्मीदवार, भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंच पर मंत्री कृष्णलाल पंवार, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री महिपाल ढांडा, मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने निकाय चुनाव को लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर लड़ने की बात कही।

बैठक से पहले प्रेसवार्ता कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने अपना चुनावी एजेंडा तैयार कर लिया है। राज्य और केंद्र सरकार के 35 मुद्दों को चिन्हित किया गया है। डबल इंजन की सरकार के सभी मुद्दों को पंपलेट के जरिए घर-घर पहुंचाने का काम निकाय चुनाव में करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगरपरिषद, नगर पालिका के अलग-अलग पंपलेट होंगे।

# मुख्यालय को रिकॉर्ड नहीं भेजने पर प्राचार्यों को नोटिस

- 2022 के पदोन्नति आदेशों के आधार पर नहीं भेजा जा रहा है रिकॉर्ड
- उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से छह बार किया जा चुका है पत्राचार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के राजकीय कालेजों के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पदोन्नत एसोसिएट प्रोफेसर और प्राचार्यों का रिकार्ड न भेजने पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लेते हुए आगामी 24 घंटों में रिकार्ड भेजने की सख्त हिदायत दी है।

दरअसल, वर्ष 2022 में एसोसिएट प्रोफेसर, प्राचार्य और उप निदेशक पदोन्नत हुए थे और सेवानिवृत्त का वेतन निर्धारण को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से रिकार्ड तलब किया गया था। मगर अभी तक प्राचार्यों द्वारा रिकार्ड नहीं भेजा गया है।

प्रदेश भर में 184 राजकीय कालेज हैं, जिसमें से महज छह कालेजों की ओर से रिकार्ड निदेशालय भेजा गया है। इनमें राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़, राजकीय महाविद्यालय भिवानी, राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी महेंद्रगढ़, राजकीय महाविद्यालय मोखरा रोहतक, राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 करनाल, राजकीय महाविद्यालय बावल रेवाड़ी, राजकीय महाविद्यालय जींद तथा राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना सोनीपत शामिल है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्राचार्यों की लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए हैं कि प्राध्यापकों से प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किए गए प्राचार्यों जिनमें से ज्यादातर सेवानिवृत हो चुके हैं, उनके वेतन निर्धारण का रिकार्ड नहीं भेजा है। निदेशालय की ओर से बार-बार प्राचार्यों को पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन प्राचार्यों द्वारा रिकार्ड नहीं भेजा जा रहा है। 19 फरवरी तक रिकार्ड न भेजने वाले प्राचार्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा पीएमश्री व मॉडल संस्कृति विद्यालय के छात्रों का मूल्यांकन पर सवाल उठाते हुए शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर सब-डिविजन स्तर पर मूल्यांकन केंद्र बनाने की मांग की है। संघ की ओर से पत्र में मांग की गई है कि पीएमश्री और मॉडल संस्कृति स्कूलों में 10वीं और 12वीं कक्षा का मूल्याकंन जिला स्तर पर किया जा रहा है।

## मुधमक्खियों के हमले में कई घायल

**चंडीगढ़।** सिविल सचिवालय में मधुमक्खियों ने कर्मचारियों पर हमला कर दिया। जिससे छह कर्मचारी घायल हो गए।

# यूनानी चिकित्सा व उर्दू का भाषाई संबंध पुराना: वासे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में जामिया मिलिया इस्लामिया के नेहरू गेस्ट हाउस के कमेटी रूम में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी यूनानी चिकित्सा और उर्दू का भाषाई संबंध विषय पर आयोजित की गई। अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर अख्तरुल वासे ने कहा कि यूनानी चिकित्सा और उर्दू का संबंध बहुत पुराना है।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर खालिद महमूद ने कहा कि उर्दू भाषा, विशेष रूप से काव्य में, इस संबंध के कई उज्जवल प्रमाण मिलते हैं। प्रोफेसर अहमद महफ़ूज़ ने कहा कि हमारी क्लासिकी साहित्यिक धरोहर में यूनानी चिकित्सा का उल्लेख विभिन्न स्थानों पर मिलता है। महासचिव डॉ. खालिद सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत किया। हकीम फख़्र आलम ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

पहले सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर बदरुद्दजा खान और डॉ. मोहम्मद मोसन ने की। प्रो. अशहर कदीर, डॉ. अफसहुल, डॉ. मुस्तहसन, फ़ैज़ुर्रहमान, डॉ. उमैर, डॉ. मोहम्मद, डॉ. शाहनवाज और डॉ. असअद फारूकी ने शोध-पत्र पढ़े। दूसरे सत्र की अध्यक्षता हकीम अशहर क़दीर, डॉ. शब्बीर अहमद और डॉ. शाह आलम ने की, जबकि डॉ. अहमद सईद, हकीम फख़्र आलम, प्रोफेसर अब्दुल हलीम, हकीम नाजिश एहतेशाम आज़्मी, हकीम मिज़्बाहुद्दीन अज़्हर, डॉ. सफीउर्रहमान, डॉ. अशफाक अहमद और डॉ. अमानुल्लाह ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कैलाश बाबू गुप्ता, उक्त सम्पति Residential Property No. 121 area measuring 250 Sq. Mtrs. in Block-C, Situated at Sector-108, Noida, District Gautam Budh Nagar (U.P.)., की हस्तांतरण विलेख दिनांक 03.02.2025 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 1132 के द्वारा मालिक है! उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है ! उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ आवंटन पत्र, लीज डीड, बेचने का समझौता, कब्ज़ा प्रमाणपत्र, वसीयत, कही खो गए है! इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सुचना दिनांक 13.02.2025 को LR No:2582667/2025 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल दस्तावेज़ किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! ऐसा न करने पर, उपरोक्त मूल संपत्ति दस्तावेजों के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि आवासीय भूखण्ड संख्या-सी-189, सैक्टर-20, नोएडा (उ0प्र0) जिसकी मूल आंवटी श्रीमती रेनू जैन पत्नी श्री टी.के.जैन निवासी एच-7, फेस-1, अशोक विहार, दिल्ली-52, जिनके द्वारा श्री सुनील कुमार पुत्र श्री जे.सी. अग्रवाल निवासी ई-155, प्रीत विहार, नई दिल्ली-92 के पक्ष में जी.पी.ए. पंजीकृत करायी गयी थी जो दिल्ली में दिनांक 05.04.1999 को पंजीकृत है। तथा विकय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड संख्या-सी-189, सैक्टर-20, नोएडा (उ0प्र0) का अंतरण (Transfer) जी.पी.ए. के आधार पर जितेन्द्र कुमार पुत्र रिषिपाल सिंह एवं सतेन्द्र नागर पुत्र अजय पाल सिंह निवासी सी-180, सैक्टर-20, नोएडा उ0प्र0 के पक्ष में अंतरण होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है।

यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है, तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें। **जितेन्द्र कुमार**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Mr. Manmohan Khurana** s/o Late Desh Raj Khurana (hereinafter referred to as the **said Mortgagor/Borrower**) is the owner in possession of Second Floor without roof rights of Plot Bearing No. 22, in Block-A, Known as A-IV/22, area measuring 100 Sq. Yards, Situated at Dayanand Colony, Lajpat Nagar-IV, New Delhi (hereinafter referred to **"said property"**) by virtue of Conveyance Deed dated 04.03.1997 regd. as Doc No. 4617 which has been misplaced, Relinquishment Deed dated 11.06.2019 regd. as Doc No. 3099 read with Partition Deed dated 25.06.2019 regd. as Document No. 3399. The Borrower will create mortgage in respect of the said property in favour of our clients Tata Capital Limited, F12 1st Floor, Dasmesh Niwas, Preet Vihar, Vikas Marg, New Delhi-110092. Any person, body, individual, institution having any claim and/or objection in respect of the said property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title documents pertaining to the said property shall communicate the same to the undersigned at our address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and/or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or purchaser.

**Mr. Akhil Gupta (Advocate)**
Khaitan & Khaitan A-38, Kailash Colony
New Delhi -110048, Tel. + 1149774545/99

**मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**
ManiBhavnam Home Finance

**कब्जा नोटिस (परिशिष्ट IV) नियम 8 (1)**

जबकि मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (जिसे आगे "एमबीएचएफ" कहा जाएगा) एमबीएचएफ, जिसे केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 17.06.2021 की अधिसूचना के माध्यम से, "वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रयोजनों के लिए एक वित्तीय संस्थान के रूप में माना जाने के लिए विधिवत अधिकृत किया गया है, जिसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, एन-2, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1, नई दिल्ली- 110049, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (जिसे इसके पश्चात् "अधिनियम" कहा जाएगा) के उपबंधों के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया है। उधारकर्ता/गारंटर द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन "एमबीएचएफ" के प्रभार और उस पर ब्याज तथा अन्य शुल्क के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपति को मुक्त करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

**उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम और पताः 1. अंकिता चौधरी पत्नी आनंद कुमार, निवासी – मकान नं. 78-बी, न्याय खंड-11, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014, 2. आनंद कुमार, पुत्र-शैलेंद्र कुमार सिंह, निवासी- मकान नं. 78-बी, न्याय खंड-।।, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014, औरः एयरप्लाजा रिटेल होल्डिंग्स प्रा. लि., खसरा नं. 580, पुराना रेलवे रोड, दादरी, जी.बी. नगर, उत्तर प्रदेश-203207**

**मांग नोटिस की तिथि :** 02.09.2024, कब्जे की तिथि : 14.02.2025
**मांग नोटिस की राशिः** रु. 13,29,084/- दिनांक 20.08.2024 तक

**सम्पत्ति का विवरणः** सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. के-।।/78-सी, तृतीय तल, (ई. डब्ल्यू.एस) बिना छत के अधिकार के, न्याय खंड-।।, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी. (कवर्ड क्षेत्रफल 19.505 वर्ग मी.) उक्त प्लॉट जिसमें उक्त फ्लैट निर्मित हैः पूर्वः फ्लैट संख्या 77सी, पश्चिमः फ्लैट संख्या 75सी, उत्तरः फ्लैट संख्या 79सी/रास्ता, दक्षिणः अन्य संपत्ति

**दिनांकः 14.02.2025, स्थानः गाजियाबाद प्राधिकृत अधिकारी, मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्रा. लि.**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Mr. Manan Taneja has executed an Agreement to Sell dated 08.05.2024 in favor of Laburnum Developers LLP in respect of Plot No. B-04, admeasuring 182.99 sq. yds., situated at Ace Palm Floors, Sector 89-90, Gurgaon, Haryana.

The general public is hereby advised not to enter into any transaction concerning the said property with any person other than Laburnum Developers LLP, as any such dealings shall be at their own risk and cost.

Any person having any claim, right, title, interest, or objection in respect of the said property is hereby requested to inform the undersigned within 7 days from the date of publication of this notice, failing which the transaction shall be deemed to be free from all claims, and no objections shall be entertained thereafter.

For any queries or claims, please contact:

Laburnum Developers LLP
GF-19, Ninex City Mart,
Sohna Road, Sector-49,
Gurugram, Haryana 122018.
laburnumdevelopers@gmail.com

Date: 16.02.2025
Place: Gurugram (Haryana)

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Veena Jindal** claims to be owner and in possession of **Prop No. 1056, Sector-38, Gurugram, Haryana (herein after called the said property )** by virtue of Transfer Deed dated 04.04.2024, Doc. No. 116 R/w Sale Deed dated 21.04.2023, Doc. No. 1145 and as per Veena Jindal the Original of Allotment Letter, Re-Allotment Letters, Conveyance Deed dated 19.09.2009 and Sale Deed dated 15.01.2010 are lost & said Veena Jindal has agreed to create a mortgage in favour of our clients **IDFC First Bank Ltd, ITO Branch,** any person/s is in possession of the lost documents or having any claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **7days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived an.d/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**Advocates and Solicitors**
**House No.2 (LGF), NRI Complex, N.D-19**
**Mobile No. 9818399999**

**ई-नीलामी सूचना**

**लगभग 575 एसपीवी सौर मॉड्यूल और सौर मॉड्यूल लगाने के लिए लगभग 15,000 किलोग्राम जीआई संरचना की क्षतिग्रस्त**

इच्छुक खरीदारों को "प्रति यूओएम" आधार पर "क्षतिग्रस्त लगभग 575 एसपीवी सौर मॉड्यूल और सौर मॉड्यूल लगाने के लिए लगभग 15,000 किलोग्राम जीएल संरचना" के निपटान के लिए ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय वस्तु "जहां है जैसा है", "जो कुछ भी है" और "कोई शिकायत नहीं" के आधार पर बेची जाएगी और मेसर्स प्रीमियर एनर्जीज लिमिटेड से संबंधित है। विषय सामग्री का निरीक्षण सी/ओ मैसर्स शिव नादर यूनिवर्सिटी, दादरी, ग्रेटर नोएडा - 201314 (यूपी) 19-02-25 से 27-02-25 के बीच सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण के लिए कृपया श्री विकास राणा से 9711110136 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी 28.02.2025 को आयोजित की जाएगी**

ई-नीलामी की नियम और शर्तों हेतु फॉर्म प्राप्त करने के लिए कृपया श्री अतुल हालर्नकर 7738164069 पर संपर्क कर सकते है। या वेबसाइट **https://www.sealthedeal.co.in/** से डाउनलोड करें।

**नीलामीकर्ताः सील द डील,** जिसका पंजी. कार्यालय 148, पॉकेट सी2, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली-110085

**फॉर्म और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि 27-02-2025 है।**

**PUBLIC NOTICE**

**SOLUTREAN BUILDING TECHNOLOGIES PRIVATE LIMITED**
**(CIN No. U70109DL2009PTC188386)**
**Registered Office:** 204, S/F, PH Complex,
65 Vijay Block Laxmi Nagar, New Delhi, Delhi, India – 110092
**Email: sbtlgateway95@gmail.com | Phone no: 0120-475-777**

WHEREAS M/s Solutrean Building Technologies Private Limited (hereinafter referred "Company") is in the process of developing a distinct commercial component under DDJAY, namely "Gateway Plaza 95," at Sector 95, Gurugram. The site is being developed under License No. 17 of 2022, dated 09.03.2022, granted by the Director, Town and Country Planning, Haryana. The project holds RERA Registration No. 111 of 2024, dated 14.11.2024.

And Whereas M/s Solutrean Building Technologies Private Limited has applied for change in Bank Account from Axis Bank Ltd to Bandhan Bank and accordingly Company has applied for approval for change of bank accounts from Haryana Real Estate Regulatory Authority, Gurugram. Accordingly, vide this public notice, the general public is hereby notified/informed the following changes in bank accounts:

| Particulars | Previous Bank Account | New Bank Account |
| --- | --- | --- |
| Bank Name | Axis Bank, Palam Vihar, Gurugram - 122017 | Bandhan Bank, Gurgaon Badshahpur |
| IFSC Code | UTIB00007007 | BDBL0002063 |
| Master Collection Account No. (100%) | 924020051794834 | 20200079307581 |
| RERA Account No. (70%) | 924020051939710 | 20100037169291 |
| Promoter Free Cash Flow Account No. (30%) | 924020051738465 | 20100037169281 |

**M/s Solutrean Building Technologies Private Limited**
Date:19.02.2025
Place:Gurugram

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 फरवरी, 2025



# रेलवे स्टेशन पर भगदड़

## भीड़ नियंत्रण जरूरी

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से प्रशासनिक कमी तथा बेहतर भीड़ नियंत्रण की आवश्यकता उजागर होती है। यह घटना त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ ने राजधानी को झकझोर दिया है। शनिवार रात को स्टेशन पर हुई भयानक भगदड़ में पांच बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की जान गई तथा एक दर्जन से अधिक घायल हुए। यह त्रासदी 14 और 15 प्लेटफार्म को जोड़ने वाले फुट-ओवरब्रिज पर हुई जिसका कारण प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों पर चढ़ने के लिए यात्रियों की धक्कामुक्की थी। यह दुर्घटना कुप्रबंधन, ढांचागत कमियों तथा भीड़ नियंत्रण में कमियों पर महत्वपूर्ण सवाल उठाती है जिसके कारण यह विभीषिका हुई। दुर्घटना का मुख्य कारण संभवत: अनेक आयाम लगते हैं जिनमें यात्रियों की बहुत अधिक भीड़, भ्रामक घोषणायें तथा खराब भीड़ प्रबंधन शामिल हैं। वर्तमान महाकुंभ मेले को देख्शते हुए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है जिससे स्टेशनों पर भीड़ बढ़ी है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि हर घंटे लगभग 1,500 जनरल टिकट बेचे जा रहे थे। स्रोतों से संकेत मिलता है कि प्लेटफार्म बदलने की एक गलत घोषणा के कारण शायद यात्रियों में भ्रम पैदा हुआ।

इसके कारण जल्दबाजी में कुछ लोग फुट-ओवरब्रिज से उतरते समय सीढ़ियों से फिसल गए जिससे व्यापक अफरातफरी फैल गई। इसके अलावा जाने वाली ट्रेनों का प्रतीक्षा समय लंबा होने के कारण भी अव्यवस्था फैली। हालांकि, भीड़ बहुत अधिक होने की चुनौती स्पष्ट थी पर खराब नियोजन और कुप्रबंधन ने इसे एक विभीषिका में बदल दिया। यात्रियों की बहुत अधिक भीड़ का अनुमान होने के बावजूद रेलवे अधिकारी लोगों के आवागमन पर नियंत्रण करने के लिए उपयुक्त संख्या में कर्मचारी तैनात करने में विफल रहे। अतीत में हुई दुर्घटनाओं ने बहुत अधिक भीड़ के जोखिम उजागर किए थे,



पर पैदल यात्रियों के आवागमन को सहज बनाना सुनिश्चित करने वाली कोई बेहतर व्यवस्था नहीं की गई। इसके साथ ही रेलवे अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों की प्रतिक्रिया में काफी विलंब हुआ। भीड़ नियंत्रण की ज्यादा जीवन्त और सतर्क व्यवस्था भारी भीड़ का प्रबंधन कर सकती थी और इस दुर्घटना को व्यापक विभीषिका होने से रोक सकती थी। सवाल है कि क्या दुर्घटना रोकी जा सकती थी? निश्चित रूप से यात्रियों की संख्या बहुत अधिक होने के समय अतिरिक्त रेलवे पुलिस व कर्मचारियों की तैनाती से ऐसी विभीषिकाओं से बचा जा सकता है। इसके साथ ही निगरानी कैमरों और एआई-आधारित भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं से यात्रियों के घनत्व की तुरंत निगरानी की जा सकती है। इससे ऐसी दुर्घटना से बचा जा सकता था। इस भगदड़ से अब अधिकारियों की नींद टूट जानी चाहिए क्योंकि यह अपने किस्म की पहली त्रासदी नहीं है। यात्रियों की भारी भीड़ से निपटने के लिए फुट-ओवरब्रिजों को चौड़ा करने और उनके विस्तार का काम प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। यात्रियों में किसी प्रकार का भ्रम पैदा होने से रोकने के लिए स्पष्ट व सटीक डिजिटल बोर्ड लगाना भी बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही प्रति घंटे बेचे जाने वाले जनरल टिकटों की संख्या पर भी नियंत्रण करने की आवश्यकता है। खासकर महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के अवसर पर यह सतर्कता बरतनी चाहिए। इस दुर्घटना की जवाबदेही तय किए जाने के साथ ही ऐसे दीर्घकालीन उपायों और समस्या समाधानों पर जोर दिया जाना चाहिए जिनसे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रेलवे अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि ढांचागत संरचना, सुरक्षा तथा आपरेशनल प्रोटोकालों को अद्यतन बनाया जाए ताकि वे बहुत अधिक भीड़ वाली स्थितियों से आसानी से निपट सकें।

# भारत का प्राकृतिक सौंदर्य

**प्रकृति एक खुली किताब है जिसमें भारतीय वनों, जीवों व चट्टानों आदि का सौंदर्य अनेक कहानियां कहता है। इनसे भूमि, जीवन और समय के बीच गहन संबंध उजागर होते हैं।**

**बीकेपी सिन्हा** **अरविंद झा**

लेखकगण भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।



प्रकृति असंख्य जटिलताओं, अनन्त आश्चर्यों और रहस्यों से भरी है। वनों से होकर गुजरने पर प्राकृतिक दुनिया के रहस्यों को समझने और देखने का अवसर मिलता है जिससे अनेक छिपी हुई विस्तृत कहानियां सामने आती हैं। हर पेड़, पत्थर और जीव धरती के समृद्ध इतिहास में अपना योगदान करता है और अनेक परिवर्तनशील प्रक्रियायें उसे नया स्वरूप देती हैं। अपने वलयों से फूलों वाले पेड़ जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरणीय परिवर्तन के हजारों सालों का रिकार्ड रखते हैं और बीतते समय के मौन साक्षी बनते हैं। उदाहरण के लिए, एक निश्चित आयुवर्ग के पेड़ों की अनुपस्थिति उस समय जंगलों की आग का संकेत देती हैं। प्राकृतिक होने के बावजूद कभी-कभी जंगलों की आग विनाशकारी होती है जो चयनित रूप से छोटे पेड़ों को नष्ट करने तथा बड़े पेड़ों को बचाए रखने का काम करती है। भारत की परिस्थितिकी अत्यधिक विविधतापूर्ण है जिसमें तटीय क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी घाटियां तक शामिल हैं।

ये वनस्पतियों, जीवों तथा उनके परिवेश के बीच नाजुक संबंधों की कहानियां कहते हैं। यहां तक कि हमारे पैरों के नीचे की मिट्टी भी अनेक आर्गेनिक तत्वों का मिश्रण होती है जो परिस्थितिकी को बनाने में योगदान करने वाले असंख्य जीवन व मरण के चक्र प्रदर्शित करती है। जमीन के उतार-चढ़ाव, खड़ी ढलानों और घाटियों तथा पहाड़ियों की उपस्थिति केवल भूगोल की दुर्घटनायें ही नहीं हैं। वे लाखों सालों से भौगोलिक शक्तियों के फिंगरप्रिंट जैसे हैं। हिमालय, पश्चिमी घाट और विंध्य पर्वत ऐसे भौगोलिक परिवर्तनों की कथा कहते हैं। इससे वे गतिशील प्रक्रियायें सामने आती हैं जो किसी राष्ट्र की भू-दृश्यावली और उसकी जैव-विविधता को स्वरूप देती हैं। जंगल एक असीम कक्षा की तरह हैं जहां प्रकृति हर कदम पर हमें सबक सिखाती है।

लेकिन वनों का रहस्य समझने के लिए इन पर सरसरी नजर डालना ही काफी नहीं है, बल्कि इसके लिए एक वैचारिक दृष्टिकोण तथा थोड़ा आराम से हमारे चारों ओर के परिवेश को देखने और समझने की इच्छाशक्ति जरूरी हो जाती है। जंगल से हो कर गुजरने पर आप देखेंगे कि जमीन पत्तियों, टहनियों तथा गल रहे आर्गेनिक तत्वों की मोटी पर्त से भरी रहती है। 'लीफ लिटर' कही जाने वाली यह पर्त उस पोषण चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो अनेक छोटे जीवों को पोषण देती है। वनस्पतियों के प्रकार और उनके वितरण से क्षेत्र के मौसम, मिट्टी की स्थितियों तथा पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारियां मिलती हैं। पश्चिमी घाटों और पूर्वोत्तर भारत की तरह हरे-भरे वर्षावनों वाले क्षेत्र प्रचुर बरसात का संकेत देते हैं। इस इकोसिस्टम में अनेक प्रकार की पेड़ों की प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें बहुत ऊंचे पेड़ों के साथ नीचे छोटे-छोटे पौधे भी शामिल हैं जो इस नम तथा जल से समृद्ध परिवेश में फलते-फूलते हैं।

इन घनी वनस्पतियों से अनेक प्रकार की जीव प्रजातियों को आश्रय मिलता है जो क्षेत्र की जैव-विविधता तथा परिस्थितिकी स्थायित्व में अपनी भूमिका अदा करते हैं। इसके एकदम उलट राजस्थान के सूखे रेगिस्तान एक ऐसा परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं जहां जीवन को अपरिहार्य रूप से न्यूनतम जल की परिस्थितियों में स्वयं को ढाल का जीवित रहना सीखना होता है। यह वनस्पति बहुत कम, पर अत्यधिक विशिष्ट होती है। यहां परिदृश्य पर कैक्टस, अकेसिया, और कांटेदार झाड़ियों का वर्चस्व दिखता है। इन प्रजातियों ने अपने भीतर विशिष्ट परिवर्तन किए हैं जिनमें जल-भंडारण करने वाले ऊतक तथा गहरी-गहरी जड़ें शामिल हैं। इससे वे जल संरक्षण के साथ पानी तक अपनी पहुंच बढ़ाते हैं तथा हर कठोर परिस्थिति में अपना जीवन सुनिश्चित करते हैं।

खास क्षेत्रों में विशिष्ट प्रजातियों पर गौर करने से पौधों और उनके परिवेश के बीच गहन संबंध उजागर होते हैं। उदाहरणार्थ, बाढ़ के मैदानों में साइकामोर, गूलर व ऐश गुर्जन जैसे पेड़ पाए जाते हैं जो उपजाऊ व नम स्थितियों में रहते हैं जहां जल और पोषक तत्व एकत्र हो जाते हैं। दूसरी ओर हार्डी कैज्यूराइना तटीय परिवेश के लिए उपयुक्त है जहां खारी परिस्थितियां अनेक प्रजातियों के लिए चुनौती पेश करती हैं। इसी प्रकार नदियों के तटों पर जामुन और करंज जैसे पेड़ फलते-फूलते हैं जो लगातार नम स्थितियों को पसंद करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पेड़ कैसे स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप स्वयं को ढालते हैं। पेड़ों द्वारा पर्यावरणीय स्थितियों की अभिव्यक्ति की तरह चट्टानों के प्रकार भी भौगोलिक इतिहास व प्रक्रियाओं को अभिव्यक्ति देते हैं।

अक्सर समुद्री फासिलों जैसे शेल, कोरल और मछलियों से समृद्ध सेडीमेंट्री चट्टानें यह संकेत करती हैं कि एक समय यह क्षेत्र पानी के नीचे डूबा हुआ था। इन चट्टानों पर लहरों के निशान या 'मड क्रैक' पाए जाते हैं जिनसे प्राचीन जल भंडारों का पता चलता है। उदाहरणार्थ, फासिलों से समृद्ध शिवालिक पहाड़ियां पूर्व-ऐतिहासिक युग की झलक दिखाती हैं। इनमें उस युग में पाए जाने वाले जीवों के निशान मिलते हैं। इन चट्टानों में जमे तत्वों से उस युग में मौसमी स्थितियों, जैसे सूखे या भारी बरसात के समय का भी पता चलता है। इसी प्रकार मैग्मा के ठंडे होने के बाद बनी इग्नियस चट्टानें क्षेत्र के ज्वालामुखीय इतिहास को प्रकट करती हैं, जबकि मैटामार्फिक चट्टानें धरती की गहराई में हुए गहन परिवर्तनों का संकेत देती हैं। इस प्रकार सतह के नीचे के भूगर्भ को समझना भी समान रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जो जमीन को स्वरूप देता है और मृदा इसके बारे में बहुत सारी जानकारी देती है। चूने के पत्थर वाले क्षेत्रों में मौसमी परिवर्तनों के कारण चट्टानों में गुफायें तथा पत्थरों के स्तंभ बन जाते हैं। यहां मृदा क्षरीय तथा कैल्शियम से समृद्ध होती है। इसके उलट ग्रेनाइट वाले क्षेत्रों में चट्टानें टूट कर अम्लीय मृदा बनाती है जो अक्सर खराब जलनिकास के कारण दलदली क्षेत्रों में बदल जाती हैं।

पवित्र गंगा नदी उत्तर भारत में 2,500 किलोमीटर बहती है और अनेक जलीय व जमीन पर रहने वाली प्रजातियों को जीवन प्रदान करती है। इसके जल से खेतों की सिंचाई होती है जो लाखों लोगों को भोजन देते हैं। इसके साथ ही यह विशाल जनसंख्या के लिए पेयजल का साधन है। इसी प्रकार तिब्बती हिमालय से निकलने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पूर्वोत्तर भारत से गुजरती हुई बाढ़ के मैदानों की परिस्थितिकी को बनाए रखती है तथा कृषि व पनबिजली के लिए जल उपलब्ध कराती है। अक्सर 'दक्षिण गंगा' कही जाने वाली गोदावरी मध्य भारत में बहती है, देश की एक सबसे बड़ी नदी घाटी को पोषण देती है तथा विविधतापूर्ण परिस्थितिकियों को बनाए रखती है। भारत के वेटलैंड, जैसे सुंदरबन में दुनिया के सबसे बड़े मैंग्रूव वन पाए जाते हैं। यह गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना डेल्टा में फैली है जो बंगाल टाइगर्स, घड़ियालों, चिड़ियों व वन्यजीवों का स्वर्ग है। इसके मैंग्रूव वन तटरेखा की बाढ़ और तूफान से रक्षा करते हैं। प्रत्येक जीव अपनी विशिष्ट शरीर रचना तथा व्यवहार से अलग छाप छोड़ता है। उदाहरणार्थ, अनेक प्रकार की बिल्लियां अपने पंजों के निशान छोड़ती हैं। इसके उलट खरगोश अपने आने जाने के रास्तों पर बिल्कुल अलग किस्म के निशान छोड़ते हैं। इन संकेतों को समझने से वन्यजीवों के व्यवहार और परिस्थितिकी की उनकी पसंद की जानकारी मिलती है। हमारी तरह जानवरों को भी वे स्थान पसंद होते हैं जहां उनको जीवन के लिए आवश्यक भोजन, पानी और शरण मिलती है।

खुले मैदानों में पेड़ों के झुंड अक्सर जल स्रोत, जैसे झील या तालाब का संकेत देते हैं जो वन्यजीवों के लिए आकर्षक स्थल बन जाते हैं। समग्र रूप से देखें तो जंगल हमें अपने विवेक को समझने, अपनी दृढ़ता से सीखने तथा अपनी विरासत से सहयोग करने को आमंत्रित करते हैं। जंगलों के विभिन्न तत्वों से समुचित सबक सीख कर हम न केवल अपने जीवन को समृद्ध बनाएंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि यह अमूल्य पुस्तकालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी हमेशा खुला रहे।

# कुम्भ से गांधीजी को प्रेरणा



**राजदीप पाठक**

(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)

कुम्भ मेले के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय 1915 में उस समय सामने आया जब गांधीजी ने 21 साल अफ्रीका में रहने के बाद वापसी पर हरिद्वार की यात्रा की। गांधीजी के राजनीतिक प्रेरणास्रोत गोपाल कृष्ण गांधी ने उनको रणनीतियां बनाने और स्वयं को स्वतंत्रता आंदोलन में झोंक देने से पहले भारत का सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य समझने के लिए राष्ट्रव्यापी यात्रा की सलाह दी थी। इस यात्रा के दौरान गांधीजी कुंभ मेले गए थे जहां उनका मुख्य उद्देश्य ऋषिकेश में महात्मा मुंशीराम के गुरुकुल में जा कर 'भारत सेवक समाज' की गतिविधियों का अध्ययन करना था। हालांकि, स्वच्छता और सफाई जैसे विभिन्न विषयों तथा खासकर सामुदायिक सामंजस्य पर गांधीजी के विचार अलग थे। गांधीजी सामुदायिक सामंजस्य को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे और उन्होंने इसका उल्लेख अपनी आत्मकथा में भी किया है। लेकिन हरिद्वार कुंभ मेले से उनका संक्षिप्त राजनीतिक संपर्क देश में सामुदायिक विभाजन पाटने की ओर संकेत करता है जो स्वतंत्रता प्राप्त करने के सचेतन लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण था। गांधीजी कुंभ मेले में एकत्रित भीड़, बल्कि वहां पैदा अव्यवस्था, अंधविश्वास तथा स्वच्छता की कमी से भी आश्चर्यचकित थे। उन्होंने स्वच्छता की भयानक अनदेखी का उल्लेख करते हुए लिखा कि इससे आयोजन की पवित्रता प्रभावित होती है। एक दशक बाद अपने भाषणों में उन्होंने दु:ख प्रकट करते हुए कहा, 'पवित्रता के प्रतीक गंगा के तट मानव मल से गंदे तथा लापरवाही का शिकार थे।' 1947 में कुंभ के अनुभव की याद करते हुए गांधीजी ने टिप्पणी की थी, 'हमें यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि धार्मिक आयोजन स्वच्छता एवं सफाई के पवित्र स्थल बनें और वे बीमारी तथा अव्यवस्था पैदा करने का आधार न हों।'

हरिद्वार में ही मोहनदास करमचंद गांधी ने पहले भारत की जनता पर दक्षिण अफ्रीका में उनके द्वारा किए विनम्र प्रयासों का गहरा प्रभाव अनुभव किया था। अपने अनुभव को अभिव्यक्ति देते हुए उन्होंने 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' पुस्तक में लिखा था, 'मेरा मुख्य काम टेंट में बैठे रहना, मिलने आने वाले तीर्थयात्रियों को दर्शन देना तथा उनसे चर्चा करना था। इससे मुझे एक मिनट का भी समय नहीं मिलता था कि मैं अपने बारे में सोच सकूं। मैं इन दर्शनार्थियों के साथ ही स्नान करने घाट पर जाता था और भोजन करते समय भी वे मुझे अकेला नहीं छोड़ते थे। इस प्रकार हरिद्वार में मैंने दक्षिण अफ्रीका में अपनी विनम्र सेवाओं का गहरा प्रभाव अनुभव किया जिसका प्रसार पूरे भारत में हो गया था।' हरिद्वार के कुंभ मेले ने महात्मा गांधी के उद्देश्य को स्वरूप देने में प्रमुख भूमिका निभाई जिससे अंतत: वे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।

यह उनकी इस समझ पर आधारित था कि भारत की जनता उनको न केवल एक आध्यात्मिक व्यक्ति, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में देखती थी जो राष्ट्र के संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम थे। हरिद्वार के कुंभ मेले में हुए इस अनुभव ने गांधीजी में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना पैदा की। इससे उनको अपने सेवा कार्य और सत्य मार्ग का विस्तार कर भारतीय स्वतंत्रता के व्यापक लक्ष्य से जोड़ने की प्रेरणा मिली। इसका परिणाम चंपारन में 1917 के पहले अहिंसक सत्याग्रह के रूप में सामने आया। कुंभ मेले में मिले असाधारण प्रेम और लगाव से सामूहिक कार्रवाई में गांधीजी का विश्वास और मजबूत हुआ। इससे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन खपा देने की उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। यह तथ्य भी प्रेरणादायक और उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी की हरिद्वार यात्रा तथा राजनीति में उनका प्रवेश इतिहास के एक और उल्लेखनीय क्षण से जुड़ा है। कुंभ मेले में ही अखिल भारतीय हिंदू महासभा का गठन हुआ था। अप्रैल, 1915 में हरिद्वार कुंभ के समय पैदा आध्यात्मिक ज्वार के समय गांधीजी की मुलाकात अन्य महानुभावों से हुई। इनमें स्वामी श्रद्धानंद, पंडित मदनमोहन मालवीय तथा 'सर्वदेशक हिंदू सभा' के उद्घाटन सम्मेलन में एकत्र अन्य महानुभाव शामिल थे। यह भारत की सामाजिक-राजनीतिक जागरूकता के इतिहास में महत्वपूर्ण अध्याय था।

कुंभ मेले में गांधीजी की सहभागिता की जानकारी ब्रिटिश खुफिया विभाग को भी थी जिसने उनकी यात्रा के रिकार्ड तैयार किए थे। आज ये रिकार्ड क्षेत्रीय राज्य संग्रहालयों में उपलब्ध हैं। औपनिवेशिक काल ने कुंभ मेले में एक नया आयाम जोड़ा था। यूरोपीय प्रेक्षकों ने इसके महत्व को स्वीकार कर दस्तावेज तैयार किए तथा मूल्यवान ऐतिहासिक संदर्भ जोड़े। तीर्थयात्रियों की विशाल संख्या तथा उनकी विविधता से अभिभूत अंग्रेजों ने कुंभ आयोजनों के विस्तृत रिकार्ड तैयार किए जो महाकुंभ मेले के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां देते हैं। ब्रिटिश शासनकाल के एक प्रशासक जेम्स प्रिंसेप के अच्छी तरह दस्तावेजीकृत लेखन से महाकुंभ मेले के बारे में विस्तृत और गहन जानकारियां मिलती हैं। इस संबंध में 'द संडे गार्जियन' में प्रकाशित लेख 'बियांड फेथ: हाऊ कुंभ मेला रिशेप्स द कोर्स आफ हिस्ट्री' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कुंभ मेले की भूमिका रेखांकित की गई है।

इलाहाबाद म्यूजियम में प्रदर्शित 1920 के ब्रिटिश खुफिया विभाग के दस्तावेज से पता चलता है कि 1918 में मेले के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इस बैठक में राजनीतिक सुधारों के पक्ष में एक प्रस्ताव पास कर मांग की गई थी कि पंचायतों, स्थाई बस्तियों तथा आसामियों की सुरक्षा के दम उठाए जाएं। इसमें 'यूपी पीजेन्ट्स असोसियेशन' की स्थापना की गई थी। पंडित मदनमोहन मालवीय के नेतृत्व में इस असोसियेशन की 50 शाखायें बनी थीं जिन्होंने अनेक किसानों के बीच एकता स्थापित कर जमींदारों के प्रभुत्व का विरोध किया था। 'द संडे गार्जियन' ने भारत में स्वतंत्रता-पश्चात लोकतंत्र को स्वरूप देने में भी कुंभ मेले की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की थी जो खासकर आपातकाल के समय सामने आई थी। इस कुंभ में साधू समाज के समर्थन से जयप्रकाश नारायण के आंदोलन को काफी गति मिली थी। 'धर्म संसद' तथा 'साधू सम्मेलन' जैसे आयोजनों ने हिंदी पट्टी में जनता पार्टी को व्यापक समर्थन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'महाकुंभ मेले' ने आध्यात्मिक आयोजन की अपनी सीमायें पार करते हुए पवित्र और पंथनिरपेक्ष विचारों के सम्मिलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने जहां गहरे आत्मावलोकन व भक्ति का 'स्पेस' प्रदान किया है, वहीं इसने उन सामाजिक-राजनीतिक धाराओं को अभिव्यक्ति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो भारतीय समाज को स्वरूप दे रही हैं।

महाकुंभ आयोजन की यह अनादि व असीम प्रकृति लगातार विकसित हो रही है तथा आध्यात्मिक व भौतिक आयामों को जोड़ रही है। इस प्रकार कुंभ मेला भारत की महत्वपूर्ण व निरंतर व्याप्त सांस्कृतिक विरासत का शक्तिशाली दस्तावेज बन गया है।

## आप की बात

### भाषा से खिलवाड़

**20-25** वर्ष पहले कुछ लोग आधी अधूरी ही सही, अंग्रेजी बोलकर नहीं बोल सकने वालों को नीचा दिखाते थे। अब प्राथमिक कक्षाओं से ही अंग्रेजी पढ़ाए जाने और अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का प्रचलन होने पर जब कई लोग अंग्रेजी बोलने लगे तो स्वयं को अन्य से बेहतर दिखने के लिए भाषा से खिलवाड़ का नया तरीका सामने आया। अब अंग्रेजी के किसी शब्द का सामान्यत: जो उच्चारण अधिकतर लोगों द्वारा किया जाता है, खिलवाड़ करने वाले उस से मिलता जुलता भिन्न उच्चारण करते हैं और यह प्रचारित करते हैं कि जो वे उच्चारित करते हैं, वही असली अंग्रेजी है। जब वह उच्चारण भी कई लोग करने लग जाते हैं तो भाषा से खिलवाड़ करने वाले फिर कोई नया उच्चारण करने लग जाते हैं। हम कई दशकों से जानते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी नदी के नाम का उच्चारण अमेजन है। संभवत: ऑनलाइन कंपनी अमेजन का नाम उसी आधार पर रखा गया। लगभग एक दशक पूर्व उसका उच्चारण एमेजॉन किया जाने लगा जो अब अधिकतर लोग बोलने लगे हैं। तो पिछले एक वर्ष में इस शब्द के दो नए उच्चारण एमजॉन तथा एमाजॉन और सामने आए। स्वयं को दूसरों से बेहतर दिखाने के लिए भाषा को बिगाड़कर उसी को सही दिखाकर खिलवाड़ करना बहुत ही तुच्छ मानसिकता का परिचायक है।

– **ललित दुबे,** रतलाम

### संवेदनहीन नेता

**ये** कैसे राजनीतिक हिन्दुस्तानी हैं। जो सर्वधर्म समभाव व धर्म निरपेक्षता की बात करते हैं. जिनके अंतर्मन कुछ और बाह्यमन कुछ. माना कि राजनीतिक/सियासी डिप्लोमेट होते हैं। पर इतने गिरे हुए विचारों के होते हैं ये पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है। वोटों की राजनीति के स्वार्थी स्वर इन्हें किस तरह के स्वर्ग की ओर ले जा रहे हैं समझ से परे हैं. कभी ये राम मंदिर की आलोचना करते हैं तो कभी आस्था से परिपूर्ण कुम्भ की। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने पूरे देश की आस्था और विश्वास के केंद्र राम मंदिर की विशाल/भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आलोचना ही नहीं की बल्कि वहां उस समय जाने से भी परहेज किया. समाजवादी व अन्य राजनीतिक पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक भड़ास सत्ता पर निकाली. अभी देश के विशाल ही नहीं बल्कि दुनिया भर में रह रहे भारतवासियों की आस्था के महाकुम्भ पर आलोचना करने से ये स्वार्थी राजनीतिक चूक नहीं रहे हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने धार्मिक कुम्भ मेले के लिए कहा कि कुम्भ का क्या मतलब है ये सब फालतू कुम्भ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी कह रही है कि ये कुम्भ नहीं बल्कि ये मृत्यु कुम्भ है। राजनीतिज्ञों की इस तरह की कटु वाणी क्या आस्था और विश्वास के श्रद्धालुओं के ह्रदय को चोट नहीं पहुंचाएगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### साईकिल की घटती लोकप्रियता

**एक** दौर था जब साइकिल की सवारी शान की सवारी हुआ करती थी। गांव से लेकर शहर तक की दौड़ पूरा किया करती थी शायद तब विकास को पंख नहीं लगे थे । मानव ने अब तक सैकड़ों आविष्कार किये हैं। तकनीकी उन्नति ने हमें मोटर वाहन का विकल्प दिया मगर साइकिल जैसा प्रकृति को बिना नुकसान पहुंचाये उसके समानांतर चलने वाला आविष्कार कोई नहीं हुआ। अब छोटे से छोटे काम के लिए भी विशेषकर अपने देश में जिस पर भी मोटर वाहन उपलब्ध है वो उसी का उपयोग करना पसंद करता है। अब साइकिल शान की सवारी नहीं रही अब वो गरीबी का पर्याय की श्रेणी में आ गई है । प्रकृति को शनै- शनैः हो रहे आघात से ज्यादा हमें अपना पल पल कीमती लगता है। वर्तमान युवा पीढ़ी में साइकिल को निम्न स्तर का समझा जाने लगा है जो चिंताजनक और विचारणीय है। साइकिल को खत्म होती लोकप्रियता को रोकने के लिए हमें नीदरलैण्ड जैसे देश से प्रेरणा लेनी चाहिए जहाँ आमजन से लेकर प्रधानमंत्री तक साइकिल की सवारी करना पसंद करते हैं। अगर हम अपने देश में साइकिल की लोकप्रियता को फिर से बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें ऐसे ही जागरूकता फैलानी होगी अपने पारंपरिक और सुलभ साधनों की कद्र करनी होगी, ताकि हम न सिर्फ अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी योगदान दे सकें।

– **नितिन रावत**, फ़िरोजाबाद

### हादसे की वजह भीड़

**दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर प्रबंधन की व्यवस्था में हुई चुक की सजा महाकुंभ श्रद्धालुओं को? जान देकर चुकानी पड़ी है। हादसे की प्रमुख वजह स्टेशन पर जरूरत से ज्यादा भीड़ होना था। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो दुर्घटना के समय स्टेशन पर मौजूद लोगों की संख्या ट्रेन की क्षमता से कई गुना अधिक थी। इसके बावजूद सुरक्षा की बजाय टिकटों की बिक्री जारी रखना प्रशासन की गंभीर चूक को दर्शाता है। अगर प्रबंधन ने भीड़ का सही-सही आंकलन करके अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय किए होते, तो यह हादसा रोका जा सकता था। बेहतर व्यवस्था के लिए टिकटों की संख्या को सीमित करना, प्लेटफार्म पर प्रवेश के लिए कड़ी निगरानी और समय-समय पर भीड़ प्रबंधन की समीक्षा भी जरूरी थी। सुरक्षा उपायों की अनदेखी और समुचित व्यवस्थाओं का अभाव इस दुर्घटना की एक बड़ी वजह रही। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस घटना ने प्रशासन की असफलता को उजागर कर दिया है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए रेलवे को अपने प्रबंधन में सुधार लाना होगा।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## भारी हंगामे के बीच राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानमंडल के बजट सत्र का आगाज

# महाकुम्भ में स्वच्छता, सुरक्षा व सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए: आनंदीबेन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** के बजट सत्र की शुरूआत मंगलवार को हंगामे के साथ हुई। सपा सदस्यों के शोरशराबे और हंगामे के बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपना अभिभाषण पढ़ा। सपा सदस्यों के शोरशराबे और हंगामें के चलते राज्यपाल अपना अभिभाषण पूरा नहीं कर पाई। चालीस पृष्ठ का अभिभाषण उन्होंने पहले पैरे और अंतिम पैरे को पढकर अभिभाषण पढ़ने की औपचारिकता मात्र दस मिनट में पूरी की। उनका बाकी अभिभाषण पढ़ा हुआ मान लिया गया। अभिभाषण पूरा करने के बाद सदन की कार्यवाही करीब एक घंटे दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यपाल के सदन में प्रवेश करते ही सपा के सदस्य लाल टोपियां लगाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए और राज्यपाल वापस जाओं के नारे लगाते रहे। सपा सदस्यों के शोरशराबे और हंगामे के चलते राज्यपाल अपना अभिभाषण पूरा नहीं पढ पाई। साढे बारह बजे सदन की कार्यवाही पुन शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने सदन को सूचित किया कि अब सदन का प्रत्येक सदस्य अपने टैबलेट के जरिए सदन की कार्यवाही हिन्दी के अलावा ब्रज, बुन्देलखंडी, भोजपुरी भाषाओं मे कह और सुन सकेगे। इन भाषाओं के अलावा सदस्यों के हेडफोन में यह भी सुविधा होगी कि वे अंग्रेजी में भी दूसरे सदस्यों की बात सुन सकेंगे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अग्रेंजी में अपनी बात कहने पर सदन में अंग्रेजी थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर अंग्रेजी को प्रयोग में लाए जाने की बात की जा रही तो उर्दू को भी लाया जाना चाहिए। सदन में मौजूद नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष के सदन में अग्रेजी थोपे जाने के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सदन में विभिन्न भाषाओं और बोलियों को बढावा दिए जाने की गरज से यह व्यवस्था की जा रही है।

सरकार बुन्देलखंडी, भोजपुरी ब्रज भाषा को लेकर अकादमियों का गठन करने की दिशा में आगे बढ रही है। उन्होंने कहा कि जो सदस्य सदन में अग्रेंजी का विरोध कर उर्दू की हिमायत कर रहे है उनके खुद के बच्चे कान्वेट स्कूलों में पढ रहे है। उन्होंने कहा कि सदन में विभिन्न बोलियों और भाषाओं के माध्यम से आमजन का प्रतिनिधित्व देने का सरकार प्रयास किया जा रहा है।

### किसान कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को बजट सत्र का आगाज करते हुए विधानभवन में दोनों सदनों में अपने अभिभाषण को प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने योगी सरकार द्वारा किसानों के हित में किये गये कार्यों की जानकारी विस्तार से दी। कृषि विकास तथा किसान कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन 2023-24 में लगभग 669 लाख मीट्रिक टन हो गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में लगभग 10 लाख बीमित कृषकों को लगभग 496 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 3 करोड़ कृषकों को लगभग 79 हजार 500 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई है।

### न कोई साम्प्रदायिक दंगा, न जातिगत संघर्ष

**राज्यपाल** ने अपने अभिभाषण में कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा के पहलू को भी प्रमुखता से रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सभ्य समाज के लिए सुरक्षा उसकी मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी थी और आमजन का शासन-प्रशासन से विश्वास उठ चुका था, लेकिन योगी सरकार ने पुलिस आधुनिकीकरण व सुधार करते हुए उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को नजीर के रूप में प्रस्तुत किया गया। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई और कानून व्यवस्था एवं पुलिसिंग के स्तर व गुणवत्ता में नियमित एवं समयबद्ध रूप से सुधार किए। इसकी मदद से प्रदेशवासियों को अपराधमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण देकर रामराज्य की संकल्पना को साकार किया।

### यूपी बन चुका है एक्सप्रेसवे प्रदेश

**राज्यपाल** ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश में एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में भी जाना जाता है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित चार बड़े एक्सप्रेस-वे (यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे) संचालित हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश का सबसे लम्बा एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है। देश के कुल एक्सप्रेस-वे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक हिस्सेदारी है। राज्यपाल ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को वाया फर्रुखाबाद, गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे तथा जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कार्य गतिमान है।

## राज्यपाल का अभिभाषण सच्चाई से कोसों दूर: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। यह नीरस और निराशाजनक है। इसमें जनसामान्य की आशा-आकांक्षाओं की पूरी तरह उपेक्षा की गई है।

कुंभ में घोर अव्यवस्था को दिव्य भव्य व्यवस्था का नाम देकर उन तमाम श्रद्धालुओं का अपमान किया है जिनकी जानें सरकारी कुव्यवस्था ने ले ली है। सरकारी नाकामयाबी से जो घायल हुए और इलाज के लिए तड़प रहे हैं। सरकार ने कुंभ में आने वालों की करोड़ों की संख्या तो बता दी किन्तु अब तक मृतकों की संख्या पता नहीं क्यों बताई है। आज भी महाकुंभ में तमाम लोग अपनो को खोज रहे हैं। यह सरकारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

इस अभिभाषण में किसानों, नौजवानों के लिए कुछ भी नहीं है। पढ़े-लिखे नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे है। निवेश के नाम पर सिर्फ आंकड़ेबाजी है। नए उद्योग लग नही रहे है, पुराने उद्योग बंद होते जा रहे है। व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे है। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छुट्टा पशुओं से किसान तबाह है। सांड के हमलों में तमाम लोगों की मौतें हो रही है। राज्यपाल ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा। सरकार ने कई योजनाओं में प्रथम स्थान पाने पर अपनी पीठ तो थपथपा ली है लेकिन यह नहीं बताया कि महिलाओं के प्रति अपराध के मामलों में भी वह प्रथम स्थान पर है। महिलाएं-बच्चियां रोज अपमानित हो रही है।

## सार्थक चर्चा का मंच बनना चाहिए सदन: मुख्यमंत्री

- विपक्ष को आईना दिखाते हुए सीएम ने जताई उम्मीद हार की हताशा से परेशान विपक्ष सदन पर नहीं उतारेगा खुन्नस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र (2025-26) प्रारंभ होने के पहले पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि हार की हताशा से परेशान विपक्ष अपनी खुन्नस को सदन पर नहीं उतारेगा, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में सकारात्मक योगदान करेगा। सीएम ने कहा कि अभिभाषण व बजट महत्वपूर्ण मुद्दे होते हैं, जिसमें विपक्ष ही नहीं, बल्कि सदन का हर सदस्य अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख सकता है। इसके अलावा भी विपक्ष जिस मुद्दे पर चर्चा करना चाहेगा, सरकार उसका तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तौर पर तैयार है। हम चाहते हैं कि सदन सार्थक चर्चा का मंच बनना चाहिए। आरोप-प्रत्यारोप या फिर असंसदीय आचरण से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि राज्यपाल के अभिभाषण से सुदृढ़ व मर्यादित आचरण की शुरुआत हम लोग विपक्ष के अंदर देखने का प्रयास करेंगे। उम्मीद करेंगे कि विपक्ष समेत सभी सदस्यगण सदन में ऐसा आचरण दिखाएंगे, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आमजन की आस्था को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। सीएम ने बजट सत्र में उत्तर प्रदेश विधानमंडल की कार्यवाही प्रारंभ होने पर सभी सदस्यों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विधानमंडल की कार्यवाही में आए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्यों में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से इस सत्र की शुरुआत होती है। इसी सत्र के दौरान वर्ष भर के लिए राज्य सरकार का बजट भी पारित होता है। अन्य विधायी कार्यों के साथ ही जनहित व राज्य के विकास से जुड़े हुए महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सदन में चर्चा होती है। आज विधानमंडल की कार्यवाही प्रारंभ होने के साथ ही महामहिम राज्यपाल का महत्वपूर्ण अभिभाषण भी होगा। इसके उपरांत कल से राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में चर्चा भी होगी। 20 फरवरी को वर्ष 2025-26 का यूपी का सामान्य बजट सदन में प्रस्तुत होगा। सदन 18 फरवरी से 5 मार्च तक प्रस्तावित किया गया है। योगी ने कहाकि उत्तर प्रदेश के इतिहास में बहुत कम क्षण आए हैं, जब इतने लंबे समय के लिए सदन आहूत किया गया हो। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संपन्न हो, यह केवल सत्ता पक्ष का नहीं, बल्कि विपक्ष का भी महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने आशा जताई कि सदन चर्चा-परिचर्चा का मंच बने। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने पिछले लगभग आठ वर्ष के अंदर जो प्रतिमान स्थापित किए हैं, वह अभूतपूर्व हैं। अभिभाषण व सदन के अंदर चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से उसकी झलक देखने को मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परसेप्शन में आए व्यापक बदलाव और देश-दुनिया के द्वारा यूपी को आकर्षण का केंद्र मानते हुए वर्तमान स्थितियां दिखती हैं। हताश-निराश विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा और सदन की कार्यवाही से भागने का प्रयास करता है। विपक्ष अगर सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा तो यह बजट सत्र बहुत अच्छा हो सकता है। 5 मार्च तक चलने वाली सदन की कार्यवाही महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करने, सभी सदस्यों को अपनी बात रखने, सामान्य व अनुदान मांगों पर भी चर्चा करने के साथ ही विधायी कार्यों को संपन्न करने के साथ-साथ जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रभावी चर्चा का मंच बन सकता है।

## सपा का भाषाई विरोध युवाओं के उज्जवल भविष्य के खिलाफ षड्यंत्र: राजेश्वर सिंह

- सरोजनीनगर विधायक ने सपा को वास्तविकता समझने और दूरदर्शी सोच अपनाने की सलाह दी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा में अंग्रेजी भाषा के विरोध को लेकर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी ग्लोबल सिटीजन है, और उसे अंग्रेजी भाषा से वंचित करना उनके करियर, शिक्षा और वैश्विक अवसरों पर कुठाराघात है। डॉ. सिंह ने बताया कि विश्वभर में 1.5 अरब से अधिक लोग अंग्रेजी बोलते हैं, और इंटरनेट पर 60 प्रतिशत से अधिक सामग्री अंग्रेजी में उपलब्ध है। ऐसे में, इस भाषा का ज्ञान रखना न केवल आवश्यक बल्कि सफलता के लिए अनिवार्य है।

उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित करते हुए बताया कि, अंग्रेजी जानने वाले लोग औसतन 30 प्रतिशत अधिक वेतन पाते हैं। दुनिया के 50 प्रतिशत शीर्ष विश्वविद्यालय अंग्रेजी में कार्यक्रम संचालित करते हैं। 75 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय नौकरियों के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी 70 देशों की आधिकारिक भाषा है। हर दिन 2 अरब से अधिक लोग अंग्रेजी में संवाद करते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी का यह विरोध प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के खिलाफ एक षड्यंत्र है। आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अंग्रेजी का विरोध करना प्रगति में बाधा डालने जैसा है।

विधायक ने समाजवादी पार्टी से सामाजिक और आर्थिक सच्चाई को समझने और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप सोचने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सपा विधायकों ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया

- कुंभ में हुई मौतों, किसानों की समस्याओं, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को लेकर सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के विधायकों ने बजट सत्र में विधानमंडल की कार्यवाही शुरु होने के पहले विधानसभा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण किसी की प्रतिमा के समक्ष कुं भ में भगदड़ के दौरान हुई मौतों का सही आंकड़ा जारी करनेए किसानों क ी समस्याओंए गन्ना मूल्य बढ़ाने, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और खराब कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। सपा विधायकों ने नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में लाल टोपी लगाकर हाथों से सरकार विरोधी तख्तियां और नारे लेकर प्रर्दशन करते हुए धरना दिया। सपा विधायक प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के दौरान हुई मौतों का सही आंकड़ा जारी करने की मांग करते हुए कहा कि आकड़े का बताया जाए, सच को न छुपाया जाए। घटना के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहरातेए बेरोजगारी और किसानों से जुड़े सरकार विरोधी नारे लगाए। धरने में विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक कमाल अख्तर, उपमुख्य सचेतक आरके वर्मा, सचेतक संग्राम यादव, विधायक रविदास मेहरोत्रा, त्रिभुवन दत्त, समरपाल, महबूब अली, स्वामी ओमवेश, अरमान खान, आशुतोष सिन्हा, अतुल प्रधान समेत अन्य विधानसभा और विधान परिषद सदस्य शामिल हुए।

### अस्थि कलश लेकर विधानसभा पहुंचे सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानमंडल** के बजट सत्र में पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के पहले सपा के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा साइकिल पर नैतिकता का अस्थि कलश लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा कि मैं साइकिल से नैतिकता का अस्थि कलश लेकर आया हूं। प्रयागराज में महाकुं भ चल रहा है। भगदड़ के दौरान कई लोगों की मौत हो चुकी है। सरकार संवेदना जताने के बजाय मौत के आंकड़े छिपा रही है। आशुतोष सिन्हा ने कहा कि कुंभ में भगदड़ में हुई मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भगदड़ में हुई मौतों सरकार ने सही आंकड़ा नहीं बताया। तमाम लोग आज भी अपनों को खोज रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में नैतिकता नहीं बची है। सरकार लोकतंत्र को लूट रही है।

### बेड़ियां पहनकर विधानसभा पहुंचे सपा एमएलए अतुल प्रधान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- अमरीका से भारतीयों को बेड़ियों में भेजे जाने पर जताया अपना विरोध

**सपा** के सरधना विधायक अतुल प्रधान बजट सत्र के पहले दिन बेड़ियां पहनकर विधानसभा पहुंचे। अतुल प्रधान अमरीका से भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर भेजे जाने के विरोध में बेड़ियां और जंजीरों में विधानसभा पहुंचे। उन्होंने अमरीका से अप्रवासी भारतीयों को बेड़ियां लगाकर वापस भेजे जाने का विरोध किया। अतुल प्रधान ने सरकार को घेरते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अमरीका से भारतीयों को बेड़ियों में भेजा जा रहा है। सरकार इसका विरोध नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि वह सरकार को जगाने के विरोध कर रहे हैं। वह दिखाना चाहते हैं कि बेड़ियों से जकड़ा आदमी कितना असहाय होता है।

## हाईकोर्ट ने बाढ़ से बचाव के उपायों पर मांगा जवाब



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**बलरामपुर** के बाढ़ प्रभावित सैकड़ों गांवों में किए जा रहे बचाव के उपायों के संबंध में टेक्निकल सर्वे कराने व उसकी रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सरकार को दिया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश स्थानीय निवासी इलाही की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है।

पीठ के समक्ष याचिका पर जवाब देने के लिए जिलाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित सभी इलाकों की पहचान करने के पश्चात चरणबद्ध तरीके से बचाव के स्थाई उपाय किए जा रहे हैं। पीठ ने इस पर टेक्निकल सर्वे कराने व रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

## उदित राज की टिप्पणी के विरोध में सड़क पर उतरे बसपाई, गिरफ्तारी की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- मायावती ने कहा, कुछ दलबदलू अवसरवादी व स्वार्थी दलित लोगों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं

**बसपा** सुप्रीमो मायावती पर कांग्रेस नेता उदित राज द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर मंगलवार को प्रदेश की राजनीति गर्म रही। टिप्पणी के खिलाफ एक तरफ जहां राजधानी लखनऊ में बसपा समर्थकों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी तरफ बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद ने 24 घंटे के अंदर यूपी पुलिस को कांग्रेस नेता को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दे दिया। वहीं मायावती ने कहा कि करोड़ों शोषित-पीड़ित दलितों/बहुजनों के संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली खासकर कांग्रेस पार्टी कभी भी इनकी सोच-नीतियों पर खरी व विश्वसनीय नहीं हो सकती।

बसपा सुप्रीमो पर टिप्पणी के विरोध में आज हजरतगंज चौराहे पर बड़ी संख्या में बसपा समर्थक जुटे और कांग्रेस नेता उदित राज के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने आरोप लगाया कि उदित राज ने मायावती को धमकी दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे बहुजन समाज में रोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान बसपा समर्थकों ने मायावती के समर्थन में जमकर नारे लगाए। उन्होंने कांग्रेस नेता पर मायावती और बहुजन समाज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में शामिल बसपा नेता डॉ. अनूप अंबेडकर ने कहा कि मायावती केवल बहुजन समाज की नेता ही नहीं, बल्कि करोड़ों मजलूमों और शोषितों की मसीहा हैं। उन्होंने कहा कि मायावती भारतीय राजनीति की सम्मानित शख्सियत हैं और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग असहनीय है। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए उदित राज की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बसपा नेताओं ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से बहुजन समाज के खिलाफ रही है और उदित राज की टिप्पणी इसी मानसिकता को दर्शाती है। वहीं विवादित टिप्पणी को लेकर बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद ने यूपी पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। वहीं मायावती ने भी इस बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की है। आकाश आनंद ने सोशल एक्स पर पोस्ट किया कि मैं यूपी पुलिस से साफ कहना चाहता हूं कि 24 घंटे में इन अपराधियों को गिरफ्तार कर क़ानून के तहत कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें नहीं तो देश का बहुजन युवा चुप बैठने वाला नहीं है। इनको सबक सिखाना मुझे अच्छे से आता है।

## धर्मात्मा निषाद की मौत के मामले की हो न्यायिक जांच, संजय निषाद को मंत्री पद से हटाया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- अजय राय ने सीएम योगी को पत्र लिखकर की मांग

**विगत** दिनों निषाद पार्टी के अध्यक्ष भाजपा सरकार में मंत्री संजय निषाद एवं उनके दोनों पुत्रों पर जनपद महारजगंज से उनकी ही पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मात्मा निषाद ने फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट लिखकर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली।

उक्त घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा कि मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए, क्योंकि यह मामला आरोपी मंत्री के राजनीतिक आचरण की शुचिता के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत व्यवहार से भी जुड़ा हुआ है। जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती तब तक मंत्री को मंत्रिमंडल में रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। राय ने पत्र के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्वर्गीय धर्मात्मा निषाद जी के परिजनों को मानवीय सहायता के रूप में 1 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान करते हुए उनके निकटस्थ उत्तराधिकारी को सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान कराये जाने तथा घटना को गंभीरता से लेते आरोपी मंत्री संजय निषाद के विरुद्ध तत्काल निष्पक्ष न्यायिक जांच के आदेश देते हुए उन्हें अपने मंत्रिमंडल से विरत करने के निर्देश जारी करने की भी मांग की है।

## योगी सरकार का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा: आराधना मिश्रा 'मोना'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा अभिभाषण के सिर्फ दो पेज पढ़ने पर कांग्रेस की नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि आज जो विधानसभा के अंदर संयुक्त सत्र के दौरान घटित हुआ, वह दर्शाता है कि राज्यपाल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही और प्रदेश में दलितों , पिछड़ों से हो रहे अन्याय, पेपर लीक, भ्रष्टाचार पर काफी नाराज हैं। आज इसीलिए राज्यपाल ने सरकार के द्वारा जो झूठ की इबारत अभिभाषण के रूप में लिखी गई थी उसके सिर्फ दो पन्ने ही पढ़े क्योंकि वह जानती हैं कि अभिभाषण में सरकार ने जो लिखा है वह सिर्फ और सिर्फ झूठ है। प्रदेश की जनता से छलावा है और इस पाप की वह भागीदार नही बनना चाहतीं, इससे पहले भी राज्यपाल महोदया प्रदेश में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर असंतोष जाहिर कर चुकी हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि डबल इंजन का दावा करने वाली भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बत्तर और खराब होती चली जा रही है।

### सपा ने आयोजित किया महिला सम्मेलन

## अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया गया संकल्प

- मिल्कीपुर व दिल्ली चुनाव में बीजेपी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया: श्यामलाल पाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा द्वारा मंगलवार को लखनऊ के मलिहाबाद स्थित एक लॉन पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी है। महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल, विशिष्ट अतिथि सांसद आरके चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी महिला सभा जूही सिंह व संचालन राजबाला रावत ने किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, सांसद आरके चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर उनका स्वागत कार्यक्रम की आयोजक महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेम लता यादव ने किया। साथ ही वहां उपस्थित सभी महिलाओं को भी अंगवस्त्र भेंट किये गये। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि महिला सम्मेलन का आयोजन महिलाओं को उनके हक एवं अधिकारों के साथ ही संविधान के बारे में जानकारी देना है। आज भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को उनका हक पता न होने के कारण वह अपने अधिकारों से वंचित हैं। समाज में आज भी महिलाओं में शिक्षित महिलाओं का प्रतिशत बहुत कम है और वह सिर्फ एक गृहणी बन कर रह गयी हैं। सभी महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होना आवश्यक है तभी उनका योगदान अपने परिवार के साथ ही देश.प्रदेश की तरक्की में होगा। श्यामलाल पाल ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव एवं दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है। लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। परन्तु बीजेपी में लोकलाज नहीं बची है।

# जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

**● संबंधित विभाग विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं की नियमित करें समीक्षा: जिलाधिकारी**



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गयी। डीएम ने बीए सीए डीए ईए श्रेणी में प्रदर्शित विकास व निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। संबंधित विभागों को विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं की नियमित समीक्षा कर लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिये। आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति करने के साथए योजनाओं से संबंधित त्रुटि रहित आकडें पोर्टल पर फीड करें। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को पूर्वदशम छात्रवृत्ति जारी करानेए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भौतिक व वित्तीय प्रगति पोर्टल पर अद्यतन करने व बेसिक शिक्षाधिकारी को मीनू के अनुरूप मध्यान्ह भोजन छात्र.छात्राओं को उपलब्ध कराने के साथ पोर्टल पर आकड़े अपडेट करने के निर्देश दिये। डीएम ने फैमली आईडी से सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा निर्माण कार्यां की समीक्षा की गयी। कार्यदायी संस्थाओं को परियोजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। संबंधित कार्यदायी संस्थाऐं निर्धारित समयावधि में मानक व गुणवत्ता का पालन करते हुए कार्यो को पूर्ण करायें, संबंधित विभाग निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें। डीएम द्वारा पर्यटन विभाग को विभागान्तर्गत संचालित निर्माण कार्य को मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम द्वारा ड्रग वेयर हाउस के कार्यदायी संस्था को बैठक में अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। सभी कार्यदायी संस्थाओं व संबंधित विभागों को निर्माण कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से संबंधित त्रुटि रहित आकड़ें पोर्टल पर समयान्तर्गत फीड कराने के निर्देश दिये। विभिन्न निर्माण कार्यो के अद्यतन भौतिक प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपरक निस्तारण कराया जाये, निस्तारण मौके पर जाकर, शिकायतकर्ता से बात कर किया जाये। शिकायतकर्ता के संतुष्टिपरक फीडबैक व फील्ड विजिट का विशेष महत्व है, अधिकारी शासन के नये निर्देशानुसार, आईजीआरएस से संबंधी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। सीडीओ, डीएफ्ओ, परियोजना निदेशक, उप निदेशक कृषि राम बचन राम, अर्थ एवं सख्याधिकारी प्रतिभा सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएचसी को मिला निशुल्क सचल चिकित्सा वाहन, दूर दराज के पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को गेल इंडिया लिमिटेड और बोकार्ट फाउंडेशन की ओर से एक निशुल्क सचल चिकित्सा वाहन ;एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। जो कि नदी किनारे दूर दराज के पिछड़े क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगी। मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत विधायक प्रतिनिधि भारत अनुरागी ने हरी झंडी दिखाकर निशुल्क सचल चिकित्सा वाहन एंबुलेंस को रवाना किया। इस दौरान गेल इंडिया लिमिटेड और बोकार्ट फाउंडेशन के स्टेट कोऑर्डिनेटर आलोक सिंह चौहान ने बताया कि गेल इंडिया लिमिटेड और बोकार्ट फाउंडेशन ने हमीरपुर जनपद को दो निशुल्क सचल चिकित्सा वाहन एंबुलेंस प्रदान किए हैं। जिसमें से एक एंबुलेंस वाहन छानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में और दूसरा राठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद रहेगा।

# मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं केंद्र प्रभारी: जिलाधिकारी

**● जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। स्वास्थ्य से संबंधित संचालित योजनाओं व कार्यक्रमो की प्रगति की अद्यतन स्थिति को जाना और संबंधितो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन आख्या की पुष्टि की। डीएम ने स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों से कहा कि अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं। सीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद में 17 ए-पीएचसी प्रसव के लिए क्रियाशील नहीं है उसमें तत्काल प्रसव के लिए सभी व्यवस्थाएं कराते हुए क्रियाशील कराएं। साथ ही रिपोर्ट से भी अवगत कराएं। आभा आईडी बनाए जाने के कार्य में तेजी लाई जाये।

गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कराते हुए सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये। साथ ही गर्भवती महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण समय से कराते हुए पोर्टल पर फीड करायें एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओ की नियमित जाँच कराए और सभी अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं संवेदनशीलता के साथ मुहैया कराये उसका विशेष ध्यान रखें। गर्भवती महिलाओं को हाईरिस्क के बारे में जरूरी जानकारी देते हुए जागरूक किया जाये। सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभांवित करने के लिए समय से शत प्रतिशत भुगतान किया जाये। स्वास्थ केन्द्रों में भर्ती प्रसूताओं/मरीजों को मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन, नाश्ता दिया जाये। साथ ही इसकी निगरानी बनाए रखे एवं बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी अवश्य चेक करे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाइयों की कमी से मरीज परेशान

**● दवाइयों की आपूर्ति में कुछ समय से दिक्कत आ रही है: डा. अजीत**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बीते एक माह से दवाइयों की कमी मरीजों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली मुफ्त दवाइयों की अनुपलब्धता गरीब मरीजों के लिए चिंता का विषय है। नगर के मोहल्ला अफ्सरी स्थित आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत संचालित आरोग्य मंदिर में दवाइयों की भारी कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि आवश्यक दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इलाज के लिए आए कई मरीजों ने बताया कि डॉक्टर ने उन्हें जो



मो. अफसरी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की फोटो।

दवाइयां लिखी हैं, वे अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण गरीब और जरूरतमंद मरीजों को इलाज में दिक्कतें आ रही हैं। अस्पताल में दवाइयों की कमी को लेकर मरीजों ने प्रबंधन के खिलाफनाराजगी जाहिर की। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अजीत का कहना है कि दवाइयों की आपूर्ति में कुछ समय से दिक्कत आ रही है उनके द्वारा उच्चाधिकारियों को इस विषय में अवगत करा दिया है और दवाइयों की जल्द से जल्द आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शादी को यादगार बनाने के लिये दूल्हा ने जीवनसाथी को हेलीकाप्टर से दी विदायी

**● हरपालपुर के कनकुवा गांव के रहने वाला है दुल्हा, प्रशासन से ली थी अनुमति**

**हमीरपुर।** मुस्करा कस्वा में शादी को यादगार बनाने के लिये जीवनसाथी को हेलीकाप्टर से विदा कराके दूल्हा घर ले गया चालिस मिनट तक चले इस कार्यक्रम में आसपास के लोगो ने इस शादी की जमकर प्रशंसा की है। मुस्करा कस्वा निवासी जयेंद्र राजपूत ने अपनी बेटी हिमानी की शादी हरपालपुर जिले के कनकुवा गांव निवासी बेदांत के साथ की तय की थी बेदांत राजपूत हरपालपुर के हरदयाल इंटर कालेज व डिग्री कालेज का प्रबंधक है। शादी बड़े ही धूमधाम से हुई। जिसमें बारात के संग हाथी घोड़ा बैंड बाजा आए जो कि एक साधारण सभी बारात में होता है। लेकिन लोगों में तब चर्चा हो गई जब मंगलवार को



शादी के बाद घर जाते हेलीकाप्टर से

सुबह विदाई के वक्त दूल्हा ने हेलीकॉप्टर मंगवा लिया। और हेलीकॉप्टर से दुल्हन हिमानी की विदाई हुई। इस तरह की विदाई से उनका पूरा परिवार गदगद हो उठा। वहीं दूल्हा के पिता रमाकांत ने बताया कि शादी के महज कुछ दिन पहले ही इस तरह की विदाई की उन्होंने प्लान बनाया था। ताकि शादी को यादगार बनाया जा सके। हेलीकॉप्टर ग्वालियर के एक निजी कंपनी से मंगाया था। जेपी रिसोर्ट मुस्करा के बगल में हेलीपैड बनाया गया और पुलिस की मौजूदगी के साथ.साथ फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए इंतजाम किए गए थे। जिसके चलते आज हेलीकॉप्टर सुबह साढ़े नौ बजे जेपी रिसोर्ट के मैदान में उतरा और 10 बजकर 10 पर दुल्हन को बिठाकर हरपालपुर के लिए उड़ गया। हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई देखने के लिए कस्बा सहित क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तीन लाख बोरी क्षमता का खुला कोल्ड स्टोर

**संवाददाता।** फतेहपुर

**हसवा** ब्लाक के ग्राम कोंडरपुर उसरैना में एक कोल्ड स्टोरेज के शुभारम्भ अवसर पर विधिवत सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया। इसके पश्चात हवन- पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कोल्ड स्टोर संचालक डॉ. रमेश सिंह चंदेल, विष्णु सिंह चौहान, आशुतोष राजपूत, आदित्य सिंह चौहान, तनु सिंह चंदेल ने बताया कि यहां पर लगभग तीन लाख बोरी स्टोर करने की क्षमता है। खासकर आलू किसानों को काफी सहूलियत होगी। प्रमुख रुप से मन्नी सिंह, प्रदीप शुक्ला, नागेंद्र सिंह, अजय सिंह चंदेल, शैलेंद्र सिंह चंदेल, नंदबुद्ध महाराज, अवधेश पाल, इरशाद अली, रामराज पासवान, अनिल सिंह, भूमि प्रसाद, शहीदुल हसन आदि क्षेत्रीय किसान एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दहेज हत्या का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दहेज हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र रसूलाबाद के कृष्णकांत यादव उर्फगोलू पुत्र रामऔतार यादव निवासी ग्राम बर्रा ठर्रा को मंगलवार को बिल्हौर रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में गिरफ्तार किया। गोलू का विवाह सुषमा पुत्री मधुबन यादव निवासी कसदहा खुजिया थाना बसखारी जिला अंबेडकर नगर के साथ 29 अप्रैल 2024 को हुआ था। उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया अभियुक्त के खिलाफ मधुबन यादव पुत्र गंगा प्रसाद निवासी कसदहा खुजिया की तहरीर पर 23 जनवरी को उसकी बेटी सुषमा के ससुराली जन द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग करने और शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने व 21 जनवरी को मारकर जला देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

### घरेलू कलह के चलते महिला ने जान देने का किया प्रयास

**मौदहा, हमीरपुर।**.घरेलू मन मुटाव के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की फांसी पर लटकता देख परिजनों के हाथ पैर फूल गए आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महोबा जनपद सिरसी खुर्द निवासी सुनीता 30 वर्ष पत्नी कमल कांत परिवारी जनों से मन मुटाव हो जाने पर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। फांसी पर लटकता देख आनंन.फानन फंदे से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### लेखपाल समेत तीन पर दर्ज हुई एफआईआर

**संडीला (हरदोई)।** हरदोई रोड स्थित संत कृपाल आश्रम का भूमि विवाद लगातार गहराता जा रहा है और इस प्रकरण में स्वामी दिव्यानंद महाराज के एक घोषित उत्तराधिकारी द्वारा लेखपाल तथा दिवंगत स्वामी जी की नातिन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गयी है। कोतवाली में दर्ज कराई गई एफ़आईआर में देवेन्द्र मोहन सेरेग्लों ने आरोप लगाया कि स्वामी दिव्यानंद की नातिन स्वर्णलता गुप्ता और उनके पति मनोज कुमार गुप्ता ने कुछ समय पूर्व रामपुर आंसू स्थित लगभग साढ़े चार बीघा भूमि को सांठगांठ करके अपने नाम दर्ज करा लिया और इस भूमि पर लगे यूक्लेप्टिस और शीशम के पेड़ कटवा डाले जबकि स्वामी जी ने 14 नवंबर 2001 को आश्रम में आयोजित सार्वजनिक समारोह में उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इस प्रकरण में अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में इस प्रकरण में न्यायालय की शरण लेने के बाद इस प्रकरण में धोखधड़ी और फ़र्जीवाड़ा करने के आरोप में तत्कालीन लेखपाल मो. सलमान, स्वर्णलता गुप्ता तथा मनोज गुप्ता के विरुध एफ़आईआर दर्ज की गयी है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात कार ने दादी और पौत्र को रौंदा, दोनों की मौत

**संडीला (हरदोई)।** अनियंत्रित गति से आ रही एक कार ने ई.रिक्शा से उतरकर अस्पताल जा रही दादी और 6 वर्षीय पोते को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। ग्राम मवई मुसलमानान निवासी 70 वर्षीय जगदेयी पत्नी रामआसरे अपने 6 वर्षीय पोते नितिन पुत्र रामूए जिसे गांव में कुत्ते ने काट लिया थाए उसको इंजेक्शल लगवाने के लिए ई.रिक्शा से सीएचसी आईं थी। हरदोई की ओर से आई एक तेज़ रफ़्तार कार ने जगदेयी और नितिन दोनों को टक्कर मार दीए जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दोनों को आनन.फानन उठाकर सीएचसी ले जाया गयाए लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृतका की पहचान उसके पास मिले एक पर्चे से हुई। बाद में जगदेयी का पुत्र श्यामू घटना स्थल पर पहुंचा और उसने इस घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। दोनों शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने बाद दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों को पुलिस लगातार खंघाल रही है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर साइकिल सवार बालक की मौत

**संडीला (हरदोई)।** साइकिल से बाज़ार जा रहे एक बालक को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी जिससे एक 14 वर्षीय बालक की दुखद मौत हो गयी। थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम कासिमपुर निवासी कुल्दीप चौरसिया का 14 वर्षीय पुत्र शिखर चौरसिया घर से साइकिल लेकर बाजार जा रहा था। इसी बीच एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने साइकिल को टक्कर मार दी जिससे शिखर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोग और परिजन उठाकर सीएचसी ले गए, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफ़र किया गया। लखनऊ पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की तहरीर पर इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की गयी है तथा बालक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## बाइकों की भिड़ंत में सगे भाईयों की मौत, दो किशोर घायल

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया के समीप मंगलवार को दो बाइकों की भिड़ंत में सगे भाईयों की मौत हो गई। दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। किशनपुर थाना क्षेत्र के सिलमी गढ़वा गांव निवासी गोर्वधन का 45 वर्षीय पुत्र लोटन के बड़े पुत्र की शादी दो मार्च को होनी है। जिस पर वह अपने छोटे भाई भारत 40 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर पुत्र की शादी का कार्ड बांटने के लिए निकला था। गाजीपुर होते हुए वह अपनी बहन मैकी निवासी मानापुर थाना हथगाम जा रहा था। जैसे ही यह लोग पलिया गांव के पास पहुंचे तभी सामने से बाइक में आ रहे 17 वर्षीय विष्णु व 16 वर्षीय आरपी की बाइक से भिड़ंत हो गयी, जिससे लोटन की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं दोनो किशोर व भारत गंभीर रूप से घायल हो गये।

# सीडीओ व फाउंडेशन की टीम ने हाई टच आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**● बच्चों की देखभाल के साथ कराए जा रहे विकास कार्यों पर हुई चर्चा**



**फतेहपुर।** सीडीओ पवन कुमार मीना के साथ वैन लीर फाउंडेशन की मुख्य कार्यक्रम अधिकारी रुश्दा मजीद, भारत प्रमुख एवं मुख्य सलाहकार प्रकाश कुमार पाल, विक्रमशिला एज्युकेशन रिसोर्स सोसाइटी की निदेशक शुभ्रा चौटर्जी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग साहब यादव, खण्ड विकास अधिकारी राहुल मिश्रा ने संयुक्त रूप से चयनित हाई टच आँगनबाड़ी केद्र में निर्माणधीन लाइट हाउस का भ्रमण एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से किये जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया।

भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यालय ग्राम पंचायत बिलंदपुर में प्रधान रेखा देवी एवं ग्राम विकास अधिकारी अतुल श्रीवास्तव ने आयोजित सामुदायिक बैठक में अतिथियों ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं बच्चों के देखभालकर्ताओं के साथ बच्चों के लिए किये जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। सामजसेवी सुरेश गौतम ने पंचायत द्वारा लाइट हाउस आँगनबाड़ी केंद्र बिलंदपुर में बच्चों के लिए निर्माणाधीन बाल संवेदी खेल मैदान बनाये जाने हेतु प्रधान के प्रयासों की प्रशंसा की। सीडीओ के नेतृत्व में विभागीय अधकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा चयनित कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर में स्थित हाई टच आँगनबाडी केंद्र का अवलोकन किया।

जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुभव गर्ग, स्वास्थ्य एवं पोषण विषय विशेषज्ञ सोनल रूबी राय ने बताया कि इस हाई टच आँगनबाड़ी केंद्र को बाल संवेदनशील स्थान मॉडल के रूप में परिवर्तित कर अनेकों नवाचार किये जा रहे है। इस आँगनवाड़ी केंद्र के अंदर बच्चों के सीखने के अवसरों को बढ़ाने के लिए विभिन्न लर्निंग कार्नर का निर्माण, लो हाइट ब्लैकबोर्ड, फ्लोर पेंटिंग, सॉफ्ट बोर्ड एवं आँगनबाड़ी केंद्र के अंदर व बाहर अनेकों शिक्षाप्रद चित्रकारी निर्मित की गई है।

# खड़ी बस में ट्रेलर ने मारी टक्कर दोनों वाहन खंती में पलटे

**फतेहपुर।** औंग थाना के शुक्लानगर मोड के समीप कानपुर प्रयागराज मार्ग में महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओ की खड़ी बस में गिट्टी लदे तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। जोरदार टक्कर से बस और ट्रेलर दोनों खंती में जाकर पलट गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पाते ही नजदीकी चौडगरा चौकी पुलिस सबसे पहले पहुंची। औंग थाना पुलिस भी पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। औंग थाना क्षेत्र के कानपुर प्रयागराज मार्ग पर शुक्लानगर मोड़ के पास मंगलवार सुबह एक बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ। आगे खड़ी बस में पीछे से गिट्टी लदे ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। हालांकि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जिससे बड़ी घटना टल गई। बस राजस्थान प्रांत के चित्तौड़गढ़ जिले से प्रयागराज महाकुंभ जा रही थी। बस में कुल 35 लोग सवार थे जो सुबह सात बजे बस किनारे लगाकर नाश्ता और चाय बना रहे थे। बस में सवार नेहा पाटीदार पुत्री लाल पाटीदार, राखी व अरविंद घटना के दौरान चाय पीने के बाद बस में बैठ गई थी। जिस समय ट्रेलर ने टक्कर मारी उस समय सभी तेज धमाका जैसा आवाज होने की बात कही गई। आसपास खड़े लोग बचाव के लिए दौड़े। बस के बाहर खड़े लोग भी दौड़कर भागे। हालांकि इस घटना में बस चालक जीतमल पुत्र बेरूलाल निवासी चित्तौड़गढ़ राजस्थान थाना मंगलाना को चोट आई है। वही ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान बाहर बैठी चाय पी रही सानूबाई पाटीदार ने बताया कि सोमवार दोपहर 3.30 बजे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के काऊ गांव एवं रिश्तेदार मध्य प्रदेश के निंबज से 35 लोग सवार होकर चले थे। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे। सुबह शुक्लानगर मोड़ के पास हादसा हुआ।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 रोपित किए जाने वाले पौधों हेतु कार्य योजना 10 दिन के अंदर भेजे समस्त विभाग

**● जनपद में प्रवाहित नदियों के किनारे गाँवो मे गठित हो ग्राम गंगा समिति**

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुये सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये विगत वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण की सफ्लता मानकोनुरूप बनाये रखने हेतु निरन्तर रूप से अनुश्रवण किया जायेए तथा पौधों की नियमित सिंचाई एवं अनुरक्षण कार्यों को कराया जाये। 2025-26 में शासन द्वारा वन विभाग 2675000 पौधे तथा 24 विभागों को 3047760 कुल 5722760 पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

उक्त वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समस्त विभागों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि पौधों के रोपण हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में कार्यवाही करते हुये, वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनायी जाये समस्त विभाग इस महा 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय कानपुर देहात मे कार्ययोजना भेजाना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी भी विभाग के पास भूमि की उपलब्धता कम है, तो उसका स्पष्ट कारण का उल्लेख करते हुये प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक, जिला वृक्षारोपण समिति, कानपुर देहात को अवगत कराया जाये। एके द्विवेदी प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक जिला वृक्षारोपण समिति ने अवगत कराया कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर पौधों के रोपण हेतु माइक्रोप्लानिंग करायी जा रही है। माइक्रोप्लानिंग में संबंधित ग्राम पंचायत के पदाधिकारीगण एवं कृषकों की मांग के अनुरूप विभागीय पौधशालाओं में पौधों को तैयार कराया जा रहा है। उपायुक्त, स्वतरोजगार, कानपुर देहात द्वारा बताया गया कि राजपुर ब्लाक के अंतर्गत लगभग 50 कृषक द्वारा रेशम का उत्पादान किया जा रहा है डीएम द्वारा किसानों को प्रत्साहित करने हेतु उपनिदेशक कृषि को किसानों को चयनित करते हुए एफपीओ का गठन करने हेतु निर्देश दिये ताकि किसानों को अन्य योजनाओ का लाभ मिल सके। जिला पर्यावरण समिति, कानपुर देहात की चर्चा करने पर जे आर एफअंकिता कटियार द्वारा अवगत कराया गया की सिंगल यूज प्लास्टिक का रोक लगाने हेतु चर्चा की जिस पर डीएम द्वारा पंचायतीराज विभाग एवं नगर विकाश विभाग को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला गंगा समिति, कानपुर देहात की समीक्षा में महाकुम्भ के दृष्टिगत शून्य अशोधित उत्प्रवाह सुनिश्चित कराये जाने हेतु क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कानपुर देहात को डीएम अध्यक्ष, जिला गंगा द्वारा निर्देश दिये गये।

## क्षतिग्रस्त नाले के कारण जल निकासी हुई बाधित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला अफ्सरी में एक निजी गेस्ट हाउस सहित करीब एक दर्जन घरो के गंदे जल के निकास के लिए पालिका द्वारा बना नाला अधिकांश जगहों से क्षतिग्रस्त होने के कारण जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। बताते चलें कि विगत कई महीनो से क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत नहीं की गई है, जिसके गंदे जल की निकासी न होने के कारण जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। गंदे पानी के कारण बदबू और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द इस नाले की मरम्मत कराने की मांग की है। व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फचंदन कहना है कि उनके द्वारा इस नाले की मरम्मत को लेकर पालिका में लिखित शिकायत की गई है। बताया कि पानी निकासी बाधित होने से हालात और भी बदतर हो सकते हैं।

# 136 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा: सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, डीएम ने दीं शुभकामनाएं

**● बोर्ड परीक्षा: डीएम-एसपी ने की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा ● 07 जोन व 13 सेक्टर में बांटे गए परीक्षा केंद्र ● 24 फरवरी से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा, नकलविहीन, शांतिपूर्ण माहौल में कराने की तैयारियां पूरी**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में बोर्ड परीक्षा 2025 को शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार की शाम जिला मुख्यालय पर गुरुनानक इंटर कॉलेज सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक ली। बैठक का संचालन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।



### सुरक्षा और सुविधा पर विशेष जोर

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी केंद्र व्यवस्थापक प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के बैठने, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व शौचालय का इंतजाम करा लिया जाए। जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन आयोजित कराने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ ही एसपी संकल्प शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम व सीओ संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले लें। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्भीक होकर अपने उत्तरदायित्वों का पालन करें। यदि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कीजिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रत्येक प्रत्येक सेक्टर व ज़ोन के लिए 01.01 सेक्टर/ज़ोनल मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं। सभी 136 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति के साथ.साथ शासन के निर्देशानुसार अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये हैं। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र खुलने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं जमा होने तक की समस्त प्रक्रिया की निगहबानी सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जायेगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार व परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जायेंगे। संपूर्ण प्रक्रिया की दो×दो सीडी बनाकर डीआईओएस को उपलब्ध करानी होगी।

### परीक्षा का कार्यक्रम और तैयारियां

डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए जनपद में कुल 136 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली प्रात: 08.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तकए द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से अपरान्ह 05.15 बजे तक का समय निर्धारित है। बोर्ड परीक्षा में कुल 98208 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें बालिकाओं की संख्या 43228 है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 19 फरवरी 2025



# बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 3600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को मंगलवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो कर रहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह वर्षों से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। जेम्स जेल से बाहर नहीं आ सकता क्योंकि उस पर धन शोधन का मामला चल रहा है और उसकी जमानत याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है।

पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को 2018 में प्रत्यर्पित किया गया था और वह छह साल से अधिक समय से हिरासत में है। दो आरोपपत्र और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के बावजूद सीबीआई के अनुसार जांच अब भी जारी है। हम सुनवाई अदालत द्वारा निर्धारित शर्तों और नियमों पर जमानत देने के इच्छुक हैं। सीबीआई आवश्यक शर्तें लगाने के लिए सुनवाई अदालत से उचित अनुरोध करेगी। जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

सीबीआई के वकील ने यह कहते हुए समय मांगा कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल बहस के लिए उपलब्ध नहीं हैं। जब न्यायालय ने जमानत देने का इरादा जताया तो सीबीआई के वकील ने कहा कि याचिका केवल चिकित्सा आधार पर जमानत के लिए दायर की गई थी। अदालत ने मामले की जांच और सुनवाई में देरी पर सवाल उठाया। पीठ ने कहा कि जांच की इस गति को देखते हुए मुकदमे का 25 साल में भी निपटारा नहीं हो पाएगा। जेम्स की ओर से पेश अधिवक्ता अल्जो के जोसेफ और विष्णु शंकर ने उसके छह साल से हिरासत में होने का हवाला दिया। शीर्ष अदालत ने छह दिसंबर को जेम्स की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा और



एजेंसी को नोटिस जारी किया। कथित घोटाला हेलिकॉप्टर डिजाइन और निर्माण कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की खरीद से संबंधित है। जेम्स ने इस मामले में जमानत देने से इनकार करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 25 सितंबर, 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। ब्रिटिश नागरिक जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। उच्च न्यायालय ने इससे पहले उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि पिछली जमानत याचिकाओं को खारिज किए जाने के समय से परिस्थितियों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया है। जेम्स इस मामले में कथित तीन बिचौलियों में से एक है। गुइडो हैश्के और कार्लो गेरोसा अन्य दो बिचौलिए हैं। सीबीआई के आरोपपत्र में आरोप लगाया गया है कि आठ फरवरी, 2010 को 55.62 करोड़ यूरो मूल्य के वीवीआईपी हेलिकॉप्टर की आपूर्ति के लिए किए गए सौदे के कारण सरकारी खजाने को 39.82 करोड़ यूरो (लगभग 2,666 करोड़ रुपए) का अनुमानित नुकसान हुआ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जून 2016 में धन शोधन से संबंधित एक मामले में जेम्स के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र में आरोप लगाया था कि उसने अगस्ता वेस्टलैंड से तीन करोड़ यूरो (लगभग 225 करोड़ रुपए) प्राप्त किए थे।

## पायलटों का आरोप, एयर इंडिया-इंडिगो में एक-दूसरे के पायलट को नौकरी न देने को लेकर गुपचुप सहमति

**मुंबई।** पायलटों के एक समूह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एयर इंडिया और इंडिगो ने एक दूसरे के पायलटों की नियुक्ति अपनी कंपनी में न कराने को लेकर गुपचुप सहमति बना ली है। पायलटों के समूह ने कहा कि विमानन क्षेत्र में रोजगार निष्पक्ष रहना चाहिए। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) की सदस्य एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) ने नागर विमानन मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। एयर इंडिया और इंडिगो ने पायलटों के समूह के आरोपों के बारे में पूछे गए सवालों पर कोई टिप्पणी नहीं की। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपों में कोई तथ्य नहीं है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को लिखे पत्र में एएलपीए इंडिया ने हाल की उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की है।

# न्यायालय ने सुकेश चंद्रशेखर की याचिका को कानून का दुरुपयोग बताया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की वह याचिका मंगलवार को खारिज कर दी जिसमें उसने खुद को राष्ट्रीय राजधानी की मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली के अलावा किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि चंद्रशेखर की ओर से पूर्व में दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। पीठ ने चंद्रशेखर से कहा कि उसकी शिकायत दिल्ली सरकार के खिलाफ थी और अब शासन बदल जाने से शिकायत भी समाप्त हो जाती है। पीठ ने कहा, आपके पास खर्च करने के लिए धन है तो आप मौके ले रहे हैं। यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। आप एक ही तरह की याचिकाएं कैसे दायर करते रह सकते हैं।

पीठ ने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। हमने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। हालांकि हम यह कहने से खुद को नहीं रोक सकते कि वर्तमान याचिकाकर्ता ने बदली हुई परिस्थितियों की आड़ में एक के बाद एक रिट दायर करके कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने की कोशिश की है। चंद्रशेखर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोएब आलम ने कहा कि याचिकाकर्ता को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत यह अधिकार प्राप्त है कि उसे उसके परिवार से अलग न रखा जाए। उन्होंने चंद्रशेखर को कर्नाटक या उसके निकट किसी जेल में भेजने का अनुरोध किया।

पीठ ने कहा, हम समाज और उसकी सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं। आपके मौलिक अधिकारों को दूसरों की कीमत पर लागू नहीं किया जा सकता। देखिए आपने अधिकारियों के खिलाफ किस तरह के आरोप लगाए हैं। उच्चतम न्यायालय ने चंद्रशेखर की याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा था।

चंद्रशेखर ने दावा किया था कि उस पर अपनी शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए दो कैमरों से निगरानी की गई। उसके वकील ने तर्क दिया कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने चंद्रशेखर की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्एंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। चंद्रशेखर ने अपनी याचिका में कहा, कृपया करके मुझे पंजाब और दिल्ली को छोड़कर देश में कहीं भी भेज दीजिए जहां आम आदमी पार्टी नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल चंद्रशेखर और उसकी पत्नी की याचिका खारिज कर दी थी जिसमें सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताते हुए उन्हें मंडोली जेल से दिल्ली के बाहर किसी जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# सरकारी वेबसाइट को एनआईसी के नए मंच पर लाने की जरूरत: जितिन प्रसाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जितिन प्रसाद ने डिजिटल ब्रांड आइडेंटिटी मैनुअल ढांचे के तहत अधिक-से-अधिक सरकारी विभागों की वेबसाइट को शामिल करने का आह्वान किया है। इस पहल का मकसद सरकारी वेबसाइट और डिजिटल मंचों में एकरूपता लाने और नागरिकों के लिए उपयोग को आसान बनाना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा जारी डिजिटल ब्रांड आइडेंटिटी मैनुअल (डीबीआईएम) सुसंगत डिजिटल पहचान के प्रमुख तत्वों को परिभाषित करता है। इसमें प्रतीक चिन्ह, रंग पैलेट, टाइपोग्राफी और इमेजरी जैसी दृश्य पहचान के साथ-साथ ब्रांड वॉयस, मैसेजिंग फ्रेमवर्क और टैगलाइन जैसी वर्बल आइडेंटिटी शामिल हैं।

प्रसाद ने कहा, आपको उन लोगों को ध्यान में रखना होगा जिनकी विभिन्न पृष्ठभूमियों से पहुंच होगी। यह उनके लिए इसे आसान बनाने को लेकर है। इसके जरिए हमारा मकसद इसे (सरकारी मंचों) सरल बनाना है। मेरा मानना है कि विभिन्न मंत्रालयों की पांच-छह वेबसाइट में सुधार किया गया है। बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों से वाणिज्य मंत्रालय की वेबसाइट को जल्द से जल्द मंच पर जोड़ने के लिए कहा।

डीबीआईएम का उद्देश्य विभिन्न पोर्टल में दृश्य और कार्यात्मक स्थिरता को व्यवस्थित करके सरकारी वेबसाइट को मानकीकृत करना है। डीबीआईएम राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिविजन और एनआईसी की एक पहल है। मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि सरकार विभिन्न विभागों में मूल प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में एनआईसी के महत्व को पहचानती है। कृष्णन ने कहा, अब यह महत्वपूर्ण है कि एनआईसी को जो विरासत और भरोसा प्राप्त है, उसे हम आगे ले जाएं। तकनीकी प्रगति चौतरफा रही है। निजी क्षेत्र जो कुछ भी करने की जरूरत है, उससे काफी आगे निकल गया है। हमें एक-दूसरे के साथ काम करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकार का अंतिम लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम डिजिटल परिवेश में काम करने में सक्षम हैं।

# गुजरात में नगर निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार जीत

**अहमदाबाद।** गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को नगर निकाय चुनावों में सूपड़ा साफ कर दिया। जूनागढ़ महानगरपालिक (जेएमसी) के साथ-साथ 68 में से 60 नगर पालिकाओं और सभी तीन तालुका पंचायतों में जीत हासिल की जहां 16 फरवरी को मतदान हुआ था। भाजपा ने राज्य की कम से कम 15 नगरपालिकाओं की सत्ता कांग्रेस के हाथों से छीन ली। कांग्रेस ने सिर्फ एक नगरपालिका में जीत हासिल कर पाई, जबकि क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने दो नगरपालिकाओं में जीत दर्ज कर बेहतर प्रदर्शन किया। गुजरात सरकार ने 2023 में पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी जिसके बाद यह पहला चुनाव था।

राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा मतगणना के बाद साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार जेएमसी के 15 वार्डों की कुल 60 सीट में से 48 पर जीत हासिल कर भाजपा ने सत्ता बरकरार रखी, जबकि 11 कांग्रेस और एक निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई। जेएमसी के साथ-साथ, राज्य भर में 68 नगर पालिकाओं और तीन तालुका पंचायतों- गांधीनगर, कपड़वंज और कठलाल के लिए भी चुनाव हुए। मंगलवार को मतगणना के बाद, भाजपा ने 60 नगर पालिकाओं और सभी तीन तालुका पंचायतों में शानदार जीत हासिल की।

निराशाजनक प्रदर्शन के साथ कांग्रेस सिर्फ देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगर पालिका ही जीत पाई। विपक्षी दल ने इस मुस्लिम बहुल नगर पालिका में 28 में से 15 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) 13 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर रही। समाजवादी पार्टी ने कुटियाणा में भाजपा के हाथों से सत्ता छीन ली और पोरबंदर जिले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) शासित राणावाव नगर पालिका पर भी कब्जा जमाया। इसके अलावा पांच नगरपालिकाओं मांगरील, डाकोर, आंकलाव, छोटाउदेपुर और वावला में किसी को भी स्पष्ट बहमत नहीं मिला। एसईसी ने बताया कि 213 सीट पर कोई चुनाव नहीं हुआ, जिन सीट पर मैदान में सिर्फ एक उम्मीदवार रहने पर उन्हें निर्विरोध विजई घोषित कर दिया गया। नगर निकाय चुनावों के लिए कुल 5,084 उम्मीदवार मैदान मे थे और 16 फरवरी को मतदान हुआ था।

## कर्नाटक सरकार जातीय जनगणना की रिपोर्ट लागू करने को प्रतिबद्ध: सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार जातीय जनगणना की रिपोर्ट को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों को उनकी सरकार की मंशा पर संदेह नहीं करना चाहिए। सिद्धरमैया ने पिछड़े वर्गों के नेताओं और पिछड़े वर्गों से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विधान सौध में बजट पूर्व बैठक में भाग लिया। जातीय जनगणना वैज्ञानिक तरीके से की गई और हमारी सरकार इसे निश्चित रूप से लागू करेगी। इस बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। सरकार जातीय जनगणना के पक्ष में है। हमारी सरकार ने जातीय जनगणना की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इसे आने वाले दिनों में निश्चित रूप से लागू किया जाएगा। जब प्रतिनिधियों ने तमिलनाडु मॉडल पर आरक्षण में वृद्धि की मांग की, तो सिद्धरमैया ने 1992 के इंदिरा साहनी मामले का हवाला दिया और उन्हें बताया कि आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### अमित शाह की पत्नी ने किए विंध्याचल मंदिर में दर्शन

**मिर्जापुर (उप्र)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने मंगलवार को प्रसिद्ध विंध्याचल मंदिर मे दर्शन किए। सोनल काशी से विंध्याचल पहुंची, जहां केंद्रीय राज्य मंत्री और मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मिर्जापुर शहर के विधायक रत्नाकर मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सोनल शाह जी पुरानी वीआईपी रोड से विंध्याचल मंदिर पहुंची और सीधे गर्भगृह गईं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। मिश्रा ने बताया कि वह पुजारी भी है और उन्होंने पूजा-अर्चना के दौरान मंत्रोच्चार कर सोनल की मदद की तथा अपने रिश्तेदार के साथ पूजा-अर्चना के बाद वह वाराणसी के लिए रवाना हो गईं। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भी मौजूद थे।

### मस्जिद के बाहर महाराणा प्रताप की प्रतिमा को लेकर विवाद

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश मे हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीरा कस्बे मे एक मस्जिद के सामने महाराणा प्रताप की प्रस्तावित प्रतिमा को लेकर विवाद पैदा हो गया है। मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने हमीरपुर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर सुजानपुर नगर परिषद द्वारा प्रस्तावित स्थान पर प्रतिमा स्थापित न करने का अनुरोध किया है। विश्व हिंदू परिषद ने प्रशासन से स्वीकृत स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने के अपने फैसले से पीछे न हटने का आह्वान किया है। उपायुक्त ने उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुजानपुर टीरा को इस मुद्दे पर गौर करने और इसे हल करने के लिए कहा है। मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपने का वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार रात से ही व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा है। वीडियो मे प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मस्जिद के सामने प्रतिमा स्थापित नही की जानी चाहिए।

### पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान को जमानत मिली, 17 महीने बाद जेल से रिहा होने की संभावना

**रामपुर (उप्र)।** सपा के नेता और रामपुर की स्वार सीट से पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान को रामपुर की विशेष सांसदाविधायक अदालत ने 2020 मे दर्ज शत्रु संपत्ति से संबंधित एक मामले मे जमानत दे दी है। अदालत के इस फैसले ने वरिष्ठ सपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान के बेटे अब्दुल्ला के लिए हरदोई जेल से बाहर आने का रास्ता साफ कर दिया है। वह अक्टूबर 2023 से जेल में बंद है। अब्दुल्ला के वकील जुबैर अहमद खान ने मंगलवार को यहां बताया कि विशेष सांसद विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसल ने 2020 मे दर्ज शत्रु संपत्ति से संबंधित एक मामले मे उनके मुवक्किल की जमानत मंजूर कर ली है। वकील जुबैर अहमद खान ने बताया, पिछली 10 फरवरी को उच्चतम न्यायालय द्वारा अब्दुल्ला आजम खान को जमानत दिए जाने के बाद यह उनके खिलाफ लंबित एकमात्र मामला था। अब इस मामले में जमानत मंजूरी के साथ ही उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। हाल मे रामपुर पुलिस ने अब्दुल्ला आजम खान के खिलाफ दो अतिरिक्त आरोप जोड़ने की भी मांग की थी। हालांकि, अदालत ने सोमवार को पुलिस की याचिका खारिज कर दी और जमानत पर फैसला मंगलवार के लिए सुरक्षित रख लिया था। कई मामलो मे आरोपित पूर्व मंत्री आजम खान सीतापुर जेल मे बंद है।

### विरोध के बाद अब्दुल हमीद का नाम स्कूल में पुनः स्थापित किया

**गाजीपुर (उप्र)।** सन 1965 के युद्ध नायक अब्दुल हमीद के परिवार और अन्य लोगो के विरोध के बाद, गाजीपुर मे शिक्षा अधिकारियो ने उनके पैतृक गांव मे सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रवेश द्वार पर उनका नाम पुनः स्थापित कर दिया, जिसे हाल मे रंगाई-पुताई के दौरान हटा दिया गया था। जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर जखनियां तहसील के धामूपुर गांव मे स्थित इस स्कूल का नाम मूल रूप से हमीद के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने बचपन में यही पढ़ाई की थी। हालांकि, पांच दिन पहले स्कूल की रंगाई-पुताई के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने मुख्य द्वार पर उनका नाम बदलकर पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल लिख दिया, जिससे हमीद का परिवार नाराज हो गया। शुरुआत में, शिक्षा अधिकारियों ने प्रवेश द्वार पर हामिद का नाम पुनः स्थापित करने के बजाय दीवार पर हामिद का नाम लिखकर परिवार को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि, हामिद के पोते जमील अहमद ने इस मामले को उच्च अधिकारियो तक पहुंचाया। जमील अहमद ने पुष्टि की, आज मुख्य द्वार पर स्कूल का नाम शहीद वीर अब्दुल हामिद पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल, धामूपुर, जखनियां, गाजीपुर जिला के रूप मे बहाल कर दिया गया हामिद के परिवार ने बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव की उनके नाम को हटाने के लिए कड़ी निंदा की। जमील ने कहा, देश के लिए अपने प्राणो की आहुति देने वाले युद्ध नायक का नाम मिटाना एक अक्षम्य गलती थी। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की थी। यादव ने एक्स पर पोस्ट किया था, यह बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए जान देने वालों से ज्यादा महत्व किसी और को दिया जा रहा है। अब बस इतना ही बचा है कि कुछ लोग देश का नाम भारत से बदलकर भाजपा कर दे।

## झारखंड सरकार ने कर्मचारियों के डीए में 7% की बढ़ोतरी की

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह वृद्धि पिछले साल एक जुलाई से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि छठे केंद्रीय वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों को मौजूदा मूल वेतन का 246 प्रतिशत डीए मिलेगा, जो इससे पहले 239 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। छठे वेतन आयोग के तहत पेंशनभोगियों को मिलने वाली महंगाई राहत (डीआर) में भी सात प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 246 प्रतिशत कर दिया गया। संयुक्त कैबिनेट सचिव राजीव रंजन ने संवाददाताओं को बताया कि पांचवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए भी डीए मौजूदा 443 प्रतिशत से बढ़ाकर 455 प्रतिशत कर दिया गया है, जो एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगा।

# चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ बनाकर शिंदे ने कुछ गलत नहीं किया: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मंत्रालय में चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ स्थापित करने में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि इसका उद्देश्य लोगों की मदद करना है। मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) पहले से मौजूद होने के बावजूद चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ बनाने वाले शिंदे ने सोमवार को कहा था कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ कोई शीत युद्ध नहीं है।

शिंदे के करीबी सहयोगी मंगेश चिवाटे नए मेडिकल प्रकोष्ठ के प्रमुख होंगे। यह घटनाक्रम राज्य में महायुति गठबंधन सरकार में शामिल दलों के बीच संरक्षक मंत्रियों की नियुक्तियों समेत विभिन्न मुद्दों पर खींचतान के बीच आया है। फडणवीस ने मंगलवार को पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ऐसे प्रकोष्ठ के गठन में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि इसका उद्देश्य लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तो मैंने ऐसे ही



एक प्रकोष्ठ का गठन किया था। शिंदे ने सोमवार को कहा था कि प्रकोष्ठ का गठन लोगों की सहायता के उनके सामूहिक प्रयासों के तहत एक कदम है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री के वॉर रूम से जुड़ेगा और इसका उद्देश्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, न कि प्रतिस्पर्धा करना। शिंदे ने कहा, हमारे बीच कोई शीत युद्ध नहीं है। हम विकास का विरोध करने वालों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट हैं। जब मैं मुख्यमंत्री था, तब 31 अक्टूबर, 2023 को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने ऐसा ही एक प्रकोष्ठ बनाया था।

# फडणवीस ने पुलिस से कहा: विकिपीडिया को संभाजी के बारे में आपत्तिजनक सामग्री हटाने को कहा जाए

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राज्य साइबर पुलिस को विकिपीडिया से संपर्क करने और छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में आपत्तिजनक सामग्री पोर्टल से हटाने के लिए कहने का निर्देश दिया है। राज्य में कुछ संगठनों द्वारा कथित रूप से गलत जानकारी को चिह्नित करने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विकिपीडिया जैसे मुक्त स्रोतों से सूचनाएं प्राप्त कर प्रदर्शित करने वाले (ओपन सोर्स) प्लेटफॉर्म पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आपत्ति हाल में रिलीज हुई हिंदी फिल्म छावा की पृष्ठभूमि में आई है, जो प्रसिद्ध मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फडणवीस ने कहाकि मैंने महाराष्ट्र साइबर सेल के महानिरीक्षक को विकिपीडिया के अधिकारियों से संवाद करने और छत्रपति संभाजी महाराज के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री हटाने के लिए कहा है। हम ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म पर ऐसे लेखन को बर्दाश्त नहीं करेंगे जहां ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा जाता है। मैंने अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे जो भी कदम उठाने की आवश्यकता है, उठाएं।

हालांकि, मुख्यमंत्री ने कहा कि विकिपीडिया भारत से संचालित नहीं होता है और इसका प्रबंधन संपादकीय अधिकार रखने वाले कुछ लोगों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा, हम उनसे कुछ नियम बनाने के लिए कह सकते हैं, जिससे तथ्यों को इस तरह से विकृत करने से रोका जा सके। विकिपीडिया एक मुफ्त सामग्री वाला ऑनलाइन विश्वकोश है, जिसका प्रबंधन स्वयंसेवकों के एक समुदाय द्वारा खुले सहयोग के जरिए किया जाता है।

सोशल मीडिया विनियमन के व्यापक मुद्दे पर, मुख्यमंत्री ने अधिकार क्षेत्र की सीमाओं से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया के लिए कोई भौगोलिक अधिकार क्षेत्र नहीं है। यह पहले भी था। हम इस पर केंद्र सरकार से चर्चा करेंगे। गृह मंत्रालय भी संभालने वाले फडणवीस ने कहा, अभिव्यक्ति की कोई अनियंत्रित स्वतंत्रता नहीं है। जब अश्लीलता सीमा पार कर जाती है, तो कार्वाई की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की किसी बैठक से पहले उसके एजेंडा दस्तावेजों को अनधिकृत रूप से साझा करने के खिलाफ भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, मैंने मंत्रियों के कार्यालयों को पहले से कैबिनेट एजेंडा साझा न करने का निर्देश दिया है। अगर ऐसा जारी रहा तो मुझे कार्रवाई करनी होगी। कानून न तोड़ें।

## पेज 1 का शेष

### इलाहाबादिया...

इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने विवादास्पद यूट्यूब कार्यक्रम पर इलाहाबादिया और उनके सहयोगी अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को अगले आदेश तक कार्यक्रम की कोई भी अन्य कड़ी प्रसारित करने से रोक दिया। पीठ ने इलाहाबादिया को अपना पासपोर्ट ठाणे के पुलिस थाने में जमा करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। पीठ ने इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया को उनकी कथित अशोभनीय टिप्पणियों को लेकर महाराष्ट्र, असम में दर्ज प्राथमिकी की जांच में सहयोग करने का निर्देश भी दिया। चंद्रचूड़ ने इलाहाबादिया के जीवन के अधिकार का उल्लेख करते किया और कहा कि उनके खिलाफ एक ही कृत्य के लिए कई स्थानों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। पीठ ने कहा, समाज के मूल्य क्या हैं, ये मानक क्या हैं, क्या आपको पता है? समाज के कुछ स्व-विकसित मूल्य हैं, आपको उनका सम्मान करना चाहिए...। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी समाज के मानदंडों के खिलाफ कुछ भी बोलने की छूट नहीं है। मुंबई और गुवाहाटी में दर्ज प्राथमिकी में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से इलाहाबादिया को संरक्षण प्रदान करने के अलावा पीठ ने इलाहाबादिया के खिलाफ कई प्राथमिकी को एक साथ नत्थी करने और उन्हें रद्द करने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र, महाराष्ट्र और असम सरकारों से जवाब मांगा। असम पुलिस की एक टीम अब हटाए जा चुके यूट्यूब कार्यक्रम को लेकर पूर्वोत्तर राज्य में दर्ज एक मामले के सिलसिले में रैना को समन जारी करने के लिए पुणे में थी। रैना का पुणे के बालेवाड़ी में एक मकान है। सार्वजनिक रूप से सुलभ ऑनलाइन कार्यक्रम में अश्लीलता को बढ़ावा देने के आरोप में राज्य के एक निवासी ने इस संबंध में सोमवार को गुवाहाटी में मामला दर्ज कराया था। इलाहाबादिया और रैना के अलावा असम में दर्ज मामले में नामित अन्य लोगों में आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह और अपूर्व मखीजा शामिल हैं। इससे पहले, मुंबई पुलिस ने इलाहाबादिया को मुंबई के खार थाने में मौजूद रहने के लिए कहा था। यूट्यूबर को मध्य प्रदेश के इंदौर में भी पुलिस शिकायत का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र साइबर विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और हास्य कार्यक्रम की सभी 18 कड़ियों को हटाने का अनुरोध किया है।

### रणनीतिक...

निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों पर ध्यान देने और भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। उन्होंने आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि भारत और कतर के बीच मित्रता, विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं और हाल के वर्षों में, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों समेत दोनों देशों के बीच रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं।

### नेपाली...

पढ़ने के लिए बुलाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, संस्थान ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया। हालाँकि, उन्होंने अपनी बेटी की मौत पर न्याय पाने के लिए ओडिशा सरकार और पुलिस पर भरोसा जताया।

### सीएम...

अध्यक्ष ने कहा, आज दिल्ली भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एक बहुत ही महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों और अभियानों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ मैदान का निरीक्षण करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना तैयारियों की देखरेख कर रहे हैं और शहर भर से लोगों ने बृहस्पतिवार को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने की इच्छा जताई है। पत्रकारों से बात करते हुए चुघ ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया है, जिन पर 'कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी नागरिकों का भरोसा है'। सोमवार को, हमने मंच बनाने और बैठने की व्यवस्था के लिए सामान की आवक सुनिश्चित की। मंगलवार को हजारों लोगों के एकत्र होने वाले स्थान को अंतिम रूप देने के लिए सामान की व्यवस्था की गई। मैदान में तीन मंच होंगे और मैदान के सभी 10 द्वारों से प्रवेश हो सकता है, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, सीएम और मंत्रिपरिषद के लिए नामों में 'अनुभव और युवाओं का मिश्रण' शामिल होने की संभावना है, जिसमें राजधानी के प्रत्येक प्रमुख जाति और समुदाय समूह का प्रतिनिधित्व होगा। शपथ ग्रहण समारोह से पहले रामलीला मैदान के मंच पर एक रंगारंग संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कैलाश खेर भी प्रस्तुति देंगे। इस मेगा इवेंट में 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल होंगे। प्रमुख देशों के राजनयिकों को भी आमंत्रित किया गया है। 50 से अधिक फिल्मी सितारे और उद्योगपति मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, दिल्ली के किसानों, लाडली बहनों सहित केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों और दिल्ली के आम लोगों को भी समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दिन रामलीला मैदान और उसके आसपास 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। अधिकारी ने आगे बताया कि दिन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात का प्रबंधन करने के लिए अर्धसैनिक बलों की 10 से अधिक कंपनियों को भी तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने आगे बताया कि कमांडो, त्वरित प्रतिक्रिया दल, पीसीआर वैन, तोड़फोड़ विरोधी जांच और स्वाट टीमों को 2,500 से अधिक स्थानों पर रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया जाएगा। स्थान पर प्राथमिक चिकित्सा कियोस्क और अन्य सुविधाएं भी स्थापित की जाएंगी। कई रणनीतिक स्थानों पर स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इंटरनेट उपयोगकर्ता 8 फरवरी से ही भाजपा नेताओं के जीवन, करियर, उम्र और अन्य विवरणों के बारे में खोज कर रहे हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि उन्हें नई दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। अगर ऑनलाइन उपयोगकर्ता की रुचि कोई पैमाना है, तो प्रवेश वर्मा और रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष दावेदार हैं, हालांकि समय के साथ उनमें रुचि में उतार-चढ़ाव आया है। वर्मा और गुप्ता ने सोशल मीडिया पर भी सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हासिल किए हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 80,100 से ज्यादा लोग और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर करीब 17,800 लोग फॉलो करते थे। दूसरी ओर, सोशल मीडिया एनालिटिक्स फर्म सोशल ब्लेड के अनुसार, शालीमार बाग से विजयी हुईं गुप्ता ने इस अवधि में एक्स पर 632 और इंस्टाग्राम पर 975 फॉलोअर्स जोड़े हैं। भगवा पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा किए बिना चुनाव में उतरने के साथ ही, इस बात पर अटकलें तेज हो गई हैं कि मुख्यमंत्री कौन हो सकता है। पार्टी के भीतर कई लोगों का मानना है कि भाजपा नेतृत्व दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के रूप में एक 'अनिश्चित उम्मीदवार' का चयन कर सकता है

### पापा ने...

कहा गया कि उसकी तबीयत खराब है। कुछ घंटों बाद एक अन्य कॉल से उन्हें बताया गया कि उसने आत्महत्या कर ली है। कोतवाली सिटी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और मौत का सही कारण जानने के लिए सोनाली के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए दर्शिता के दावों और अन्य सबूतों की भी जांच कर रहे हैं। सर्कल ऑफिसर (सीओ) सिटी रामबीर सिंह के अनुसार, संदीप, उसकी मां विनीता, उसके बड़े भाई कृष्ण कुमार, उसकी भाभी मनीषा और पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 80 (दहेज हत्या) और 85 (पति द्वारा महिला के खिलाफ क्रूरता) के साथ-साथ दहेज निषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3 और 4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। संदीप को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### आप नेता...

किया और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जब जैन को ईडी की हिरासत में लिया गया था, तब उनके पास स्वास्थ्य, बिजली और कुछ अन्य विभाग थे।

### स्कूल...

उन्होंने बताया कि आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चियों को बाहर निकाला जा सका। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लड़कियों की पहचान प्रज्ञा जाट, भारती जाट और रवीना के रूप में हुई है। उनकी उम्र लगभग आठ साल थी।

# महाकुंभ मृत्यु कुंभ बन गया है : ममता बनर्जी

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम बंगाल की** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि हाल में हुई भगदड़ की घटनाओं के मद्देनजर महाकुंभ मृत्यु कुंभ बन गया है। उन्होंने दावा किया कि इस महाकुंभ में मरने वालों की वास्तविक संख्या को छिपाया गया है। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए, वहीं हाल में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए दावा किया, उन्होंने मृतकों की संख्या कम दिखाने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया। भाजपा के शासन में आयोजित महाकुंभ मृत्यु कुंभ बन गया है। बनर्जी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ को अत्यंत हृदयविदारक बताया और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े धार्मिक समारोहों में बेहतर योजना एवं प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ऐसी घटनाओं में लोगों की दुखद मृत्यु सावधानीपूर्वक योजना बनाने के महत्व को उजागर करती है, खासकर जब बात नागरिकों की सुरक्षा की हो। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना की कि उसने उचित व्यवस्था किए बिना महाकुंभ को लेकर इतना प्रचार किया। उन्होंने कहा, महाकुंभ (में भगदड़ की घटना) में इतने सारे लोग मारे गए, लेकिन वे सही संख्या में मौतों का खुलासा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने इस आयोजन को लेकर इतना शोर मचाया, फिर भी आयोजन स्थल पर उचित व्यवस्था नहीं की गई। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने भगदड़ में मारे गए पश्चिम बंगाल के निवासियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि उनके शवों को उचित दस्तावेज के बिना वापस भेज दिया गया, जिससे परिवारों के लिए मुआवजा प्राप्त करना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए पोस्टमार्टम करवाया कि उनके परिवारों को मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में वीआईपी संस्कृति की भी आलोचना की। बनर्जी ने कहा, आम लोगों को असुविधा ना हो इसलिए मैंने डुबकी से परहेज किया, लेकिन इस कार्यक्रम में वीआईपी लोगों को विशेष सुविधाएं दी गईं। भगदड़ की घटना के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार ने कोई जांच समिति गठित नहीं की, जबकि पश्चिम बंगाल में ऐसी त्रासदियों के बाद जांच समितियां गठित की जाती हैं।

## ममता का बांग्लादेशी आतंकवादियों के साथ संबंधों से इनकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश के आतंकवादियों और कट्टरपंथियों से संबंध होने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के आरोपों को सोमवार को खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि अगर भाजपा विधायक इन आरोपों को साबित कर दें, तो वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगी।राज्य विधानसभा में संबोधित करते हुए ममता ने अपने खिलाफ बेबुनियाद टिप्पणियों के लिए भाजपा विधायकों की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह के दावों की शिकायत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगी।टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, भाजपा नेता और विधायक बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि मेरे कथित रूप से आतंकवादियों और बांग्लादेश के आतंकवादियों व कट्टरपंथियों से संबंध है। अगर भाजपा साबित कर दे कि मेरे आतंकवादियों और कट्टरपंथियों से संबंध है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगी। ममता ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर शिकायत करेंगी कि उनकी पार्टी के विधायक सबूत न होने के बावजूद उन पर

### भाजपा को आरोप साबित करने की चुनौती दी

बांग्लादेशी कट्टरपंथियों से संबंध होने का आरोप लगा रहे हैं।उन्होंने कहा, आतंकवाद के झूठे आरोप लगने से मर जाना बेहतर है। ममता ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी उन्हें (भाजपा विधायकों को) नफरत फैलाने वाले भाषण देने और लोगों को बांटने की अनुमति नहीं देती है। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब नफरत फैलाने वाली बातें नहीं है। आप (भाजपा विधायक) राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का सहारा लेते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं करते। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वह धर्मनिरपेक्षता और सभी समुदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास करती है। उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में जारी तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पड़ोसी देश में अशांति के बीच उनकी सरकार के प्रयासों से ही पश्चिम बंगाल में शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित हुआ है।ममता ने उन पर मुस्लिम लीग से जुड़े होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणियों की निंदा की।उन्होंने भाजपा नेताओं पर विभाजनकारी बयान देने और गलत सूचना फैलाने का आरोप भी लगाया। ममता ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक वीडियो क्लिप देखी, जिसमें एक नेता ने अपने भाषण के दौरान बार-बार उनके (ममता के) पिता पर निशाना साधते हुए पूछा, क्या यह ममता बनर्जी के पिता की संपत्ति है? हालांकि, मुख्यमंत्री ने उस नेता की पहचान जाहिर नहीं की।उन्होंने कहा, मैं ऐसी टिप्पणी नहीं करना चाहती। लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि हां, मेरे पिता के पास संपत्ति थी, लेकिन मैंने उसमें से कुछ भी नहीं लिया है। ममता ने धर्मनिरपेक्षता, सभी समुदायों के विकास और राज्य में शांति बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपना भाषण समाप्त किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, धर्म एक निजी मामला है। यह कोई वस्तु नहीं है, जिसका व्यापार किया जाए।

## बिहार दो समुदायों के बीच झड़प के बाद दस गिरफ्तार

जमुई। बिहार के जमुई जिले में रविवार को दो समुदायों के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस ने अब तक एक महिला समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस घटना मे तीन लोग घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान खुशबू पांडे के रूप में हुई है, जिसे व्यापक रूप से हिंदू शेरनी के रूप में जाना जाता है।जमुई की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कहा, 'रविवार को हुई झड़प की जांच के तहत पुलिस ने अब तक खुशबू पांडेय समेत कुल दस लोगों को गिरफ्तार किया है। झाझा के बलियाडीह इलाके में एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई झड़प में तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद निलंबित की गई इंटरनेट सेवाएं आज शाम तक बहाल कर दी जाएंगी। घटना के बाद कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया।

## अनएकेडमी ने जेईई मेन के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

मुंबई। अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है।अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे। शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किय।

## केबीसी ने बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

नासिक। नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी ब?ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक 260 करोड़ रूपये से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइ?शन 300 करोड़ रूपये है। बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल 261.43 करो? रूपये का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे। आज की तारीख में कंपनी की शेयर पूंजी 261.43 करोड़ रूपये है, जिसमें 1 रुपये प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की समान संख्या शामिल है, जो बोनस जारी होने के बाद बढ़कर 522.87 करोड रूपये हो जाएगी।

## तेलंगाना में रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटा पहले छुट्टी की अनुमति, भाजपा नाराज

भाषा। हैदराबाद

**तेलंगाना सरकार** ने एक परिपत्र जारी कर मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के पवित्र महीने के दौरान एक घंटा पहले दफ्तर छोड़ने की अनुमति दी है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस कदम की आलोचना करते हुए आश्चर्य जताया है कि हिंदू त्योहारों के दौरान ऐसे उपाय क्यों नहीं किए जाते। भाजपा ने सरकार के इस कदम को तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया। हालांकि, सरकार ने कहा कि इस तरह की सुविधा मुहैया कराना कोई नई बात नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के दौरान तीन मार्च से 31 मार्च तक शाम चार बजे दफ्तर छोड़ने की अनुमति दी है, जो एक घंटा पहले है। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, सेवा की अनिवार्यता के मामले में यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। भाजपा विधायक राजा सिंह ने कहा कि मुस्लिम कर्मचारियों को दी गई यह अनुमति तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर सरकारी परिपत्र साझा करते हुए सिंह ने कहा, तेलंगाना सरकार रमजान के लिए जल्दी छुट्टी देती है, लेकिन हिंदू त्योहारों को नजरअंदाज करती है। सभी के लिए समान अधिकार, या किसी के लिए नहीं।

## भारत को 2047 तक विकसित देश बनने को संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग की जरूरतः यादव

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय पर्यावरण** मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग की जरूरत है। यादव ने यहां अपशिष्ट पुनर्चक्रण और जलवायु परिवर्तन विषय पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्योगों से ऐसे उत्पाद तैयार करने का आग्रह किया जो पर्यावरण अनुकूल और संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग का समर्थन करते हों और सामूहिक रूप से उन्नत पुनर्चक्रण प्रौद्योगिकियों को अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग से भारत की अन्य देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। यादव ने कहा, हमें कच्चे माल का उपयोग कर सामान बनाने और फिर उसके उपयोग के बाद उसे फिर छोड़ देना (टेक-मेक-डिस्पोज) मानसिकता से दूर होने और वैकल्पिक आर्थिक मॉडल के रूप में पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को अपनाने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि नीति-निर्माताओं के सामने बड़ी चुनौती यह है कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए आर्थिक वृद्धि को कैसे बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग ही समाधान हैं। मंत्री ने कहा, अगर हम 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना चाहते हैं, तो हमें बर्बादी को कम करना होगा और संसाधनों के कुशल उपयोग को अधिकतम करना होगा।

## पुणे की कोर्ट ने जमानत के बाद अब मानहानि मामले में राहुल को पेशी से स्थाई छूट दी

भाषा। पुणे



**पुणे की** एक विशेष अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के विरुद्ध कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर दायर मानहानि मामले में इस बात का हवाला देते हुए मंगलवार को उन्हें पेशी से स्थाई छूट दे दी कि कांग्रेस नेता को शीर्ष स्तरीय सुरक्षा प्राप्त है तथा वह विपक्ष के नेता हैं। मानहानि मामले में गांधी की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मिलिंद पवार ने अदालत के समक्ष पिछले माह एक अर्जी दायर की थी जिसमें कांग्रेस नेता को पेशी से स्थाई छूट देने का अनुरोध किया गया था। यह मामला सावरकर के एक रिश्तेदार द्वारा दायर किया गया था और इस मामले में राहुल गांधी को पहले ही जमानत दी जा चुकी है। सांसदाविधायक अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्हें कई बैठकों में भाग लेना है। राहुल गांधी को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिले होने को ध्यान में रखते हुए अदालत ने आदेश में कहा कि सुरक्षा (पुणे यात्रा के दौरान) पर होने वाले खर्च तथा सुनवाई में शामिल होने पर कानून-व्यवस्था के मसले को ध्यान में रखते हुए उन्हें मामले में पेश होने से स्थाई छूट प्रदान की जाती है। पिछले माह सावरकर के पौत्र की शिकायत पर दायर मामले में राहुल गांधी के अदालत के समक्ष ऑनलाइन माध्यम से पेश होने के बाद उन्हें जमानत दे दी गई थी।यह शिकायत मार्च 2023 में लंदन में गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है। गांधी ने अपने भाषण में स्वतंत्रता सेनानी द्वारा लिखी गई एक किताब का हवाला देते हुए उन पर कुछ टिप्पणियां की थीं।

## कांग्रेस नेता उदित राज ने बसपा सुप्रीमो मायावती पर दिया विवादित बयान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती से संबंधित अपनी एक कथित विवादित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने महाभारत काल का उदाहरण देते हुए बयान दिया था। उन्होंने मायावती पर फिर से निशाना साधते हुए कहा कि बहुजन आंदोलन का गला काटने वालों को घर बैठाने का समय आ गया है। पूर्व सांसद उदित राज ने सोमवार को लखनऊमें मायावती पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि उनके दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार और लालच के बावजूद उनकी राजनीतिक ताकत लंबे समय तक बरकरार रही। उन्होंने यह भी कहा था कि मायावती ने सामाजिक आंदोलन का गला घोंट दिया है और अब मायावती का गला घोंटने का समय आ गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने उदित राज की इस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर प्रहार किया और सवाल किया कि क्या कांग्रेस के भीतर इतनी झुंझलाहट बढ़ गई है कि अब भाषा और राजनीति, दोनों में हिंसा का भाव हावी हो चुका है? समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हमेशा सामाजिक न्याय के नाम पर दलितों और पिछड़ों को ठगा है।उदित राज ने मंगलवार को सफाई देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, सबसे पहले मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरे बयान को कांग्रेस से न जोड़ा जाए। 16 फ़रवरी को लखनऊ के सहकारिता भवन में प्रथम दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक और आदिवासी परिसंघ का सम्मेलन हुआ था। मैं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित था। सम्मेलन के बाद कल प्रेस वार्ता किया, और गला घोंटने की बात का विवाद पैदा हुआ। मायावती ने चार दशक से झूठ, दुष्प्रचार और कांग्रेस को दलित विरोधी बताकर लोगों को भ्रमित किया तथा डॉक्टर बी आर आंबेडकर को ढाल बनाकर कांग्रेस का गला काटा और सत्ता का सुख भोगा।

## बेंगलुरु जल बोर्ड ने गैर-जरूरी कामों में पेयजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया

भाषा। बेंगलुरु

**बढ़ते तापमान** और घटते भूजल स्तर के कारण बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने गैर-जरूरी कामों में पेयजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। बीडब्ल्यूएसएसबी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1964 की धारा 33 और 34 के तहत बीडब्ल्यूएसएसबी ने बेंगलुरु शहर में वाहनों की सफाई, बागवानी, इमारतों और सड़कों के निर्माण, मनोरंजन के उद्देश्य से या फव्वारे आदि के लिए पीने योग्य पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। मॉल और सिनेमा हॉल को पानी का उपयोग केवल पेयजल के तौर पर करने की अनुमति दी गई है। निषेधाज्ञा के उल्लंघन के मामले में पहली बार 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और फिर से उल्लंघन करने पर भी 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही प्रतिदिन 500 रुपए का अतिरिक्त जुर्माना भी देना होगा।बीडब्ल्यूएसएसबी ने कहा कि इस समय बेंगलुरु में हर दिन तापमान बढ़ रहा है और बारिश में कमी के कारण भूजल स्तर में कमी आई है।

## भारत में रक्षा उद्योग बड़े पैमाने पर विस्तार के लिए तैयार : रक्षा सचिव



**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भारत में रक्षा उद्योग बड़े पैमाने पर विस्तार के लिए तैयार है और देश को इस क्षेत्र में उन्नत विनिर्माण का केंद्र बनाने में सार्वजनिक-निजीभागीदारी महत्वपूर्ण होगी। सिंह ने सोमवार देर शाम यहां एक रक्षा सम्मेलन में यह भी कहा कि सरकार का इरादा तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार बल बनाने का है जो आधुनिक युद्ध की जटिलताओं से प्रभावी ढंग से निपट सके। अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन रक्षा उद्योग जगत के विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है, जिसमें उन्हें वित्तपोषित करने वाले भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा के लिए एक एकीकृत मंच बनाना, रक्षा तंत्र को सशक्त बनाना अभी एक जटिल मुद्दा है। उन्होंने कहा, यह एक सतत प्रयास है जिस पर हमें ध्यान केंद्रित रखना होगा। यह आत्मनिर्भरता या रणनीतिक आत्मनिर्भरता के हमारे प्रयास में रक्षा परिवेशी तंत्र को आधुनिक बनाने और सुधारने की हमारी प्राथमिकताओं के अनुरूप भी है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है, जिसका उद्देश्य समय पर परिणाम देने के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं को अधिक कुशल, सुव्यवस्थित बनाना है। उन्होंने कहा, इसका उद्देश्य एक तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार बल का निर्माण करना है जो आधुनिक युद्ध की जटिलताओं का प्रभावी ढंग से हल निकाल सके। अपने संबोधन में, सिंह ने एक मजबूत रक्षा परिवेशी तंत्र बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नीतियों और औद्योगिक लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं में ढील अन्य तत्व हैं जो भारतीय घरेलू रक्षा उद्योग में वृद्धि को बढ़ावा देंगे। रक्षा सचिव ने कहा, हमारा निर्यात बढ़कर 21,000 करोड़ रुपए हो गया है। यह पिछले दस वर्षों में लगभग 30 गुना बढ़ा है। यह बहुत स्पष्ट है कि भारत में रक्षा उद्योग बड़े पैमाने पर विस्तार के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत के वर्तमान औद्योगिक परिवेशी तंत्र में विभिन्न रक्षा सार्वजनिक उपक्रम, लाइसेंस प्राप्त कंपनियां और एमएसएमई शामिल हैं जो इस विस्तारित औद्योगिक आधार के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान उद्योग की बाधाओं को कम करने पर होना चाहिए ताकि हमारा रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र अनुकूल, चुस्त और युद्ध की बदलती प्रकृति पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सके, जैसा कि हमने हाल के भू-राजनीतिक संघर्षों में देखा है।रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार, लॉकहीड मार्टिन इंटरनेशनल के अध्यक्ष माइकल विलियमसन ने भी सम्मेलन के दौरान एक अलग सत्र में लोगों को संबोधित किया। विलियमसन ने अपने संबोधन में कहा, हम एक जटिल और ख़तरनाक होते जा रहे भू-राजनीतिक माहौल का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थित लॉकहीड मार्टिन सात दशकों से अधिक समय से भारत के साथ जुड़ा हुआ है और तीन दशकों से अधिक समय से देश के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है।

## फर्जी भर्ती विज्ञापनों को लेकर ग्रामीण विकास मंत्रालय ने लोगों को किया आगाह

भाषा। नई दिल्ली

**ग्रामीण विकास** मंत्रालय ने एक बयान जारी कर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन के नाम से कथित तौर पर भर्ती करने वाले एक फर्जी विज्ञापन के खिलाफ लोगों को आगाह किया है। सोमवार को जारी इस बयान में कहा गया है, ग्रामीण विकास मंत्रालय लोगों का ध्यान एक संगठन द्वारा मंत्रालय के नाम पर किए जा रहे फर्जी भर्ती विज्ञापनों की ओर आकर्षित करना चाहता है। बयान के अनुसार, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन-एनआरडीआरएम दावा करता है कि उसका कार्यालय डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, 110001 में है। इसमें कहा गया है कि एनआरडीआरएम ने अपनी कुछ तथाकथित वेबसाइट बताई हैं लेकिन यह संगठन भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के तहत काम नहीं करता, जैसा कि दावा किया गया है। मंत्रालय ने लोगों को आगाह किया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन-एनआरडीआरएम द्वारा की जाने वाली किसी भी भर्ती गतिविधि को मंत्रालय का समर्थन प्राप्त नहीं है। ग्रामीण विकास मंत्रालय अपनी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी तरह का शुल्क नहीं लेता।

## जैन समुदाय को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत लाभ देना उचित या अनुचित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इस मसले पर विचार कर रहा है कि जैन समुदाय को वर्ष 2014 के दौरान अल्पसंख्यक का सरकारी दर्जा मिलने के बाद वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में इस धर्म के लोगों को हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत लाभ दिया जाना कानूनन उचित है या नहीं? इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय के एक फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दिए जाने से उठे सवालों को लेकर इस विषय पर विचार शुरू किया है। इस फैसले में कुटुम्ब न्यायालय के एक अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश ने जैन समुदाय के 37 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उसकी 35 वर्षीय पत्नी के आपसी सहमति से तलाक लेने की अर्जी को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के तहत स्वीकार करने से आठ फरवरी को इनकार कर दिया था। कुटुम्ब न्यायालय ने कहा था कि जैन समुदाय को 2014 में अल्पसंख्यक का सरकारी दर्जा मिलने के बाद इस धर्म के लोगों पर उनके धर्म के विपरीत मान्यताओं वाले किसी धर्म से संबंधित व्यक्तिगत कानून का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने कुटुम्ब न्यायालय के इस फैसले को उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में अपील दायर कर चुनौती दी है। अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि पक्षकारों के वकीलों के मुताबिक, इस याचिका में उठाए गए मसले पर किसी भी न्यायालय द्वारा फैसला नहीं किया गया है। युगल पीठ ने कहा, न्यायालय में उपस्थित कुछ वकीलों ने कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के तहत दायर 28 याचिकाओं को कुटुम्ब न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश द्वारा खारिज कर दिया गया है और ऐसे कुछ मामलों में उच्च न्यायालय के समक्ष पहले ही अपील दायर की जा चुकी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब तक वह इस मसले पर कोई निर्णय नहीं सुना देता, तब तक कुटुम्ब न्यायालय के सामने लंबित याचिकाओं को महज इस आधार पर खारिज करने से रोका जाता है कि जैन समुदाय के लोगों को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत लाभ नहीं दिया जा सकता। उच्च न्यायालय ने इस मसले को सुलझाने में अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ वकील ए के सेठी को न्यायमित्र नियुक्त किया और अगली सुनवाई के लिए 18 मार्च की तारीख तय की। जैन समुदाय के सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उसकी पत्नी ने कुटुम्ब न्यायालय में हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-बी के तहत 2024 में अर्जी दायर करके आपसी सहमति से तलाक की अनुमति चाही थी। इस दम्पति का विवाह 2017 में हुआ था और उन्होंने वैवाहिक मतभेदों के चलते दाम्पत्य संबंध स्थापित नहीं होने के कारण लम्बे समय से अलग-अलग रहने का हवाला देते हुए तलाक की अर्जी दायर की थी। कुटुम्ब न्यायालय ने इस अर्जी पर आठ फरवरी को पारित आदेश में कहा था कि सरकार द्वारा जैन समुदाय को 27 जनवरी 2014 को अल्पसंख्यक का दर्जा दिए जाने की अधिसूचना जारी होने के बाद इस धर्म के अनुयायियों को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत राहत प्राप्त करने का कोई अधिकार शेष नही रहा है। कुटुम्ब न्यायालय ने हालांकि अपने फैसले में यह बात जोड़ी थी कि जैन धर्म का कोई भी अनुयाई अपने किसी वैवाहिक विवाद के मामले को कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम की धारा सात के तहत निराकरण के लिए उसके सामने प्रस्तुत करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र है।

## पीडब्लू 5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति देगा

नई दिल्ली। फिजिक्सवाला इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन कंप्यूटर साइंस में 4 वर्षीय प्रोग्राम और मैनेजमेंट में 3 वर्षीय त प्रोग्राम, ने मेधावी छात्रों के लिए 5 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप पीडब्लू कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से दी जाएगी। इस स्कॉलरशिप को तीन श्रेणियों में बाँटा गया है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों और महिला विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भी शामिल है। पहला चरण 21 फरवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जो कई चरणों में जुलाई तक जारी रहेगा।छात्र किसी भी समय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पहले चरण को सफलतापूर्वक पास करने वाले छात्र अतिरिक्त 20 प्रतिशत अर्ली बर्ड स्कॉलरशिप के लिए योग्य हो सकते हैं, जो आगे की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। यह परीक्षा पूरी तरह से ऑनलाइन और प्रॉक्टर्ड फॉर्मेट में होगी, जिससे निष्पक्ष और सुरक्षित मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा। छात्र अपनी सुविधा के अनुसार उपलब्ध स्लॉट्स में से परीक्षा का समय चुन सकते हैं। सभी चरणों के बाद, 2025 के एकेडमिक वर्ष की पहली बैच अगस्त 2025 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। जो बेंगलुरु में स्थित है, जल्द ही नोएडा, पटना, लखनऊ, इंदौर और पुणे में नए सेंटर्स लेकर आ रहा है।

## नौसेना के पूर्व अधिकारी तिवारी का मामला कतर की अदालत में विचाराधीनः अधिकारी

**नई दिल्ली।** कतर की एक अदालत में विचाराधीन मामले के कारण पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी पूर्णेंदु तिवारी की वापसी मे देरी हो रही है, जिन्हे पिछले साल उनके सात साथियो के साथ मौत की सजा के आरोपो से मुक्त कर दिया गया था। पिछले साल कतर की अदालत ने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को रिहा कर दिया था, जिन्हे कुछ आरोपों को लेकर मौत की सजा सुनाई गई थी। उनमे से सात पिछले साल फरवरी मे भारत लौट आए, जबकि तिवारी अभी कतर मे ही है। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने तिवारी के मामले के बारे मे पूछे जाने पर यहां संवाददाताओ से कहा, उनका मामला अभी कतर की एकस्थानीय अदालत मे विचाराधीन है। सूत्रों ने कहा कि विचाराधीन मामला किसी अन्य मामले से संबंधित है और उस मामले से जुड़ा नही है जिसमे तिवारी को मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, यह मुद्दा मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी के बीच हुई वार्ता मे नही उठा। कतर के अमीर भारत की राजकीय यात्रा पर है। कतर की विभिन्न जेलो मे लगभग 600 भारतीय नागरिक बंद है। 2024 मे, लगभग 85 भारतीयो को क्षमादान दिया गया था। नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियो की समस्या अगस्त 2022 मे शुरू हुई, जब कतर के अधिकारियो ने उन्हे गिरफ्तार किया।कतर सरकार को रक्षा और सुरक्षा से संबंधित वस्तुओ की आपूर्ति करने वाली कंपनी दहरा ग्लोबल मे कार्यरत अधिकारियो के खिलाफ सटीक आरोपो का कभी खुलासा नही किया गया।अक्टूबर 2023 मे इन लोगो को मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत ने इस कदम को स्तब्ध करने वाला बताया था। उसने सजा पर पुनर्विचार की अपील की थी।कतर ने इन लोगो को राजनयिक पहुंच प्रदान की और दिसंबर 2023 मे, मौत की सजा को अलग-अलग समय अवधि के कारावास मे बदल दिया गया।पूर्व नौसेना कर्मी - कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुणाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और नाविक रागेश पिछले साल फरवरी मे मोदी के कतर दौरे से कुछ दिन पहले भारत लौट आए थे।आठवे व्यक्ति, कमांडर तिवारी, अभी दोहा मे ही है।

## यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियो के चयन के वास्ते यूपीएससी की ओर से हर साल तीन चरणो (प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार) मे आयोजित की जाने वाली परीक्षा के पहले चरण के लिए आवेदन की समय सीमा दूसरी बार बढ़ाई गई है। आयोग की ओर से अपनी वेबसाइट पर डाले गए एक नोटिस के मुताबिक, सिविल सेवा (प्रारंभिक)-2025 और भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक)-2025 परीक्षा के लिए आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21.02.2025 (शाम छह बजे) तक बढ़ा दी गई है। नोटिस के अनुसार, आवेदको के लिए 22.02.2025 से 28.02.2025 तकै एक सुधार विंडो भी खुली रहेगी। हालांकि, इस फैसले के पीछे कोई वजह नही बताई गई है। नोटिस मे कहा गया है कि अभ्यर्थियो को वेबसाइट यूपीएससीऑनलाइन डॉट गव डॉट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सिविल सेवा परीक्षा की अधिसूचना जनवरी मे जारी की गई थी और इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 11 फरवरी तय की गई थी। फरवरी की शुरुआत मे आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई थी।सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को होगी। परीक्षा के जरिए भरी जाने वाली रिक्तियो की संख्या लगभग 979 होने की उम्मीद है, जिसमे बेंचमार्क विक्लांगता श्रेणी वाले व्यक्तियों (जिनकी विक्लांगता 40 प्रतिशत या उससे ज्यादा होती है) के लिए आरक्षित 38 रिक्तियां शामिल है।

## सृति और राजश्री का धमाकेदार महासंगम शूट

**मुंबई।** कैसे मुझे तुम मिल गए् और बस इतना सा ख्वाब अपनी दिलचस्प कहानियों और ड्रामे से दर्शकों को बांधे हुए हैं। अब एक खास महासंगम एपिसोड में इन दोनों शोज़ के किरदार एक साथ नजर आएंगे जो एंटरटेनमेंट का डबल डोज़ लेकर आएगा। आने वाले एपिसोड्स में अमृता सृति झा और अबीर पुलकित बांगिया की सगाई का बड़ा ट्विस्ट देखने मिलेगा। रणवीर,अर्जित तनेजा उर्फविराट इस रिश्ते से परेशान हो जाता है, लेकिन उसे नहीं पता कि अमृता ने यह फैसला उसकी खोई यादें वापस लाने के लिए लिया है। इस खास मौके पर अमृता की सबसे अच्छी दोस्त अवनी राजश्री ठाकुर उसके साथ खड़ी है। अवनी न सिर्फउसकी मदद करती है बल्कि उसे तैयार भी करती है। लेकिन ड्रामा यहीं खत्म नहीं होता! अमृता के ससुर शिखर योगेंद्र विक्रम सिंह और तमन्ना छवि पांडे को भी इस सेलिब्रेशन में बुलाते हैं। लेकिन तमन्ना साजिश के इरादे से आई है। वो शिखर का दिल जीतने और अपनी जगह पक्की करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। उधर मानवी ;आकांक्षा चमोला रणवीर और अमृता को अलग करने की चालें चल रही है। सृति झा ने कहा कि मैं महासंगम एपिसोड को लेकर बेहद उत्साहित हूं। शो में कई बड़े खुलासे होने वाले हैं और ऐसे में बस इतना सा ख्वाब की टीम का हमारे साथ जुड़ना इसे और भी खास बना देता है। राजश्री हमेशा से मेरी प्रेरणा रही हैंए और अवनी के रूप में उनका इस अहम पल का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात थी। वो एक बेहतरीन कलाकार हैं और उनके साथ काम करना शानदार अनुभव रहा।

# रूस व अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने संबंधों में सुधार पर की चर्चा

## बिना यूक्रेन के युद्ध समाप्ति पर बात की

भाषा। रियाद

**रूस और** अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने मंगलवार को सऊदी अरब में मुलाकात के दौरान संबंधों को सुधारने तथा यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत शुरू करने पर चर्चा की।यह बातचीत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी विदेश नीति में एक बड़े बदलाव को दर्शाती है। इस बैठक में कोई भी यूक्रेनी अधिकारी मौजूद नहीं था और यह बैठक ऐसे समय में हुई जब संकटग्रस्त देश धीरे-धीरे लेकिन लगातार रूसी सैनिकों के खिलाफ अपनी जमीन खो रहा है।युद्ध को लगभग तीन वर्ष होने वाले हैं।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर कीव इस वार्ता में हिस्सा नहीं लेता है, तो उनका देश इस सप्ताह की वार्ता में लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा।यूरोपीय सहयोगियों ने भी चिंता जताई है कि उन्हें दरकिनार किया जा रहा है।बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।इस बैठक के जरिए दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद थी, जो पिछले कुछ दशकों में बेहद खराब हो गए थे।रुबियो ने बैठक के बाद एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा कि दोनों पक्ष वाशिंगटन और मॉस्को में अपने-अपने दूतावासों में कर्मचारियों की बहाली करने पर सहमत हुए हैं, ताकि यूक्रेन शांति वार्ता, द्विपक्षीय संबंधों और व्यापक रूप से सहयोग का समर्थन करने के लिए मिशन बनाए जा सकें।इस बैठक का उद्देश्य ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक का मार्ग प्रशस्त करना भी था।वार्ता समाप्त होने के बाद पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने रूस के चैनल वन को बताया कि उस शिखर सम्मेलन के लिए अब तक कोई तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन इसके अगले सप्ताह होने की संभावना नहीं है।



## हम शनिवार को छह इजराइली बंधक को करेंगे रिहा : हमास

**काहिरा।** हमास के एक शीर्ष नेता ने कहा है कि उनका संगठन शनिवार को छह जीवित इजराइली बंधकों को रिहा कर देगा तथा बृहस्पतिवार को चार बंधकों के शव सौंप दिए जाएंगे, जिनमें बिबास परिवार के अवशेष शामिल हैं। बिबास परिवार युद्ध में बंधक बनाए गए इजराइलियों पर कहर का प्रतीक बन गया है। इजराइल ने कहा है कि वह उनकी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित है, लेकिन उसने उनकी मौत की पुष्टि नहीं की है। हमास नेता खलील अल-हय्या ने मंगलवार को पहले से रिकॉर्ड बयान में केवल इतना कहा कि सौंपे जाने वाले चार शवों में बिबास परिवार भी होगा। शनिवार को रिहा होने वाले छह लोग गाजा में युद्ध विराम के पहले चरण के तहत छोड़े जाने वाले अंतिम जीवित बंधक हैं। (पिछले) शनिवार को तीन बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद थी। यह स्पष्ट नहीं है कि हमास ने योजना क्यों बदल दी।

## चीनी नौसेना के हेलीकॉप्टर ने विवादित क्षेत्र में फिलीपीन के गश्ती विमान के बेहद करीब उड़ान भरी

भाषा। ओवर द स्कारबोरो शोल (साउथ चाइना सी)

**दक्षिण चीन सागर** के विवादित क्षेत्र में मंगलवार को एक चीनी नौसेना का हेलीकॉप्टर एक फिलीपीन गश्ती विमान के 10 फीट (3 मीटर) के दायरे में उड़ रहा था, जिसके कारण फिलीपीन के पायलट ने रेडियो पर चेतावनी दी: आप बहुत करीब उड़ रहे हैं, यह बहुत खतरनाक हैं। चीनी हेलीकॉप्टर फिलीपीन ब्यूरो ऑफ फिशरीज एंड एक्वेटिक रिसोर्सेज के सेसना कारवां टर्बोप्रॉप विमान को उस क्षेत्र से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा था जिस पर चीन अपना हवाई क्षेत्र होने का दावा करता है। विमान में मौजूद एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार और अन्य आमंत्रित विदेशी मीडियाकर्मियों ने 30 मिनट तक चले इस तनावपूर्ण गतिरोध को देखा, जहां फिलीपीन का विमान स्कारबोरो के आसपास अपने कम ऊंचाई वाले घेरे में गश्त करते हुए आगे बढ़ रहा था, जबकि चीनी नौसेना का हेलीकॉप्टर उसके ऊपर मंडरा रहा था। फिलीपीन के पायलट ने एक समय चीनी नौसेना के हेलीकॉप्टर से रेडियो पर कहा, आप बहुत करीब उड़ रहे हैं, यह बहुत खतरनाक है और (आप) हमारे चालक दल और यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, अपने विमान को हमसे दूर रखें और दूरी बनाए रखें, आप एफएए और आईसीएओ द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानक का उल्लंघन कर रहे हैं। पायलट अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विमानों के बीच आवश्यक मानक दूरी का उल्लेख कर रहा था।

## मिस्र ने गाजा पर अरब सम्मेलन चार मार्च तक के लिए स्थगित किया

**काहिरा।** मिस्र ने गाजा से फलस्तीनी आबादी को हटाने और क्षेत्र पर नियंत्रण करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव के खिलाफ अरब देशों का एक आपात सम्मेलन स्थगित कर दिया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सम्मेलन अब चार मार्च को होगा, जो पहले 27 फरवरी को होना था। ट्रंप के प्रस्ताव से पश्चिम एशिया क्षेत्र में हलचल मच गई है। फलस्तीनियों और अरब देशों ने गाजा की आबादी को विस्थापित करने के किसी भी कदम को खारिज कर दिया है, जबकि इजराइल ने इसका स्वागत किया है। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करके लोगों को विस्थापित होने पर मजबूर करने के समान होगा। ट्रंप का सुझाव है कि फलस्तीनियों को मिस्र और जॉर्डन में बसाया जा सकता है। हालांकि, दोनों देशों ने इस विचार को सिरे से खारिज कर दिया है।

## पाक: हिंसा प्रभावित कुर्रम में हुए हमले में अर्धसैनिक बलों के चार जवानों की मौत

**पेशावर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित कुर्रम में अज्ञात उग्रवादियों द्वारा अर्धसैनिक बल के दस्ते पर किए गए हमले में चार जवान मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। उग्रवादियों ने यहां सहायता सामग्री ला रहे काफिले को भी निशाना बनाया। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने सोमवार देर रात लोअर कुर्रम के ओचित क्षेत्र में अर्धसैनिक कुर्रम मिलिशिया दस्ते पर घात लगाकर हमला किया। एक दिन में भी आवश्यक सामग्री ले जा रहे काफिले पर घात लगाकर हमला किया गया था। घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक घायल की हालत गंभीर बताई गई है। ऐसी स्थिति में आमतौर पर बयान जारी करने वाली सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।अधिकारियों के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सांप्रदायिक हिंसा प्रभावित कुर्रम जिले में राहत सामग्री ले जा रहे काफिले पर हुए हमले में एक ट्रक चालक की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए।

## कोस्टारिका ने अवैध प्रवासियों को वापस भेजने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की

**सैन जोस।** कोस्टा रिका ने भारत और मध्य एशिया के अवैध प्रवासियों को अमेरिका से वापस भेजे जाने में एक पुल के रूप में काम करने पर सहमति व्यक्त की है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई। कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रोबल्स के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 200 प्रवासियों का पहला समूह बुधवार को एक वाणिज्यिक उड़ान से जुआन सांतामारिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेगा। बयान में कहा गया, "कोस्टा रिका सरकार ने 200 अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजने में अमेरिका के साथ सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। ए लोग मध्य एशिया के देशों और भारत से है। विज्ञप्ति में यह नही बताया गया कि उनमें से कितने लोग भारत से है।

## पाकिस्तान : पुलिस के वाहन पर हमला, गोलीबारी में आतंकवादी मारा गया

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस की मोबाइल वैन पर हथगोले से किए गए हमले में पुलिस का एक कर्मी घायल हो गया और जवाबी गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया। मीडिया की एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, यह हमला कोहाट जिले के शादीपुर इलाके में किया गया।खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि घात लगाकर किए गए इस हमले में पुलिस का एक कर्मी घायल हो गया जबकि जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। हमले के बाद कई आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से हथगोले और अन्य हथियार बरामद किए गए। खबर में कहा गया है कि हमले में शामिल आतंकवादियों के बारे में खुफिया जानकारी प्राप्त करने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## टोरंटो में विमान दुर्घटनाग्रस्त, सभी 80 यात्री सुरक्षित

**टोरंटो।** टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को एक विमान उतरते समय हवाई पट्टी पर पलट गया जिससे कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि विमान पर सवार सभी 80 लोग सुरक्षित है। मिनियापोलिस से आ रहे, विमानन कंपनी डेल्टा एयरलाइंस के विमान को दोपहर करीब दो बजकर 15 मिनट पर रनवे पर उतारने की कोशिश की गई। इस विमान में 76 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। प्राधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# इजराइली सेना के वापस जाने के बाद दक्षिणी लेबनान के ग्रामीण घर लौटने की तैयारी में

भाषा। डियर मीमास (लेबनान)



**इजराइली सेनाएं** मंगलवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती गांवों से वापस लौट गईं। यह वापसी अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्ध विराम समझौते में तय समय सीमा के अंतर्गत हुई, जिसके साथ ही इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच नवीनतम युद्ध समाप्त हो गया। लेबनानी सैनिक उन इलाकों में पहुंच गए हैं जहां से इजरायली सैनिक वापस चले गए थे और उन्होंने इजराइली सेना द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वे बिना विस्फोटकों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने गांवों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया ताकि किसी को भी अंदर जाने से रोका जा सके। ऐसा सेना द्वारा वहां मौजूद विस्फोटकों की तलाश कर उन्हें नष्ट करने के मद्देनजर किया गया है।गांव के अधिकांश लोग अपने घरों की जांच करने के लिए सड़क के किनारे अनुमति का इंतजार कर रहे थे, लेकिन कुछ लोग सड़क के अवरोधकों को हटाकर अंदर चले गए। हालांकि, इजरायली सैनिक लेबनान के अंदर पांच रणनीतिक निगरानी बिंदुओं पर बने हुए हैं। यह लेबनानी अधिकारियों और उग्रवादी गुट हिजबुल्लाह समूह के लिए एक गंभीर मुद्दा है, जिन्होंने कहा है कि इजरायल को मंगलवार तक पूरी तरह से वापस लौटना होगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि इजराइली सेना हिजबुल्लाह द्वारा किसी भी संघर्ष विराम उल्लंघन पर नजर रखने के लिए" लेबनान में पांच नियंत्रण चौकियों के बफर जोन में रहेगी। अक्टूबर 2023 के बाद पहली बार, मंगलवार की सुबह सैकड़ों ग्रामीण लेबनान के गांवों डियर मीमास और कफर किला के पास एकत्र हुए थे। अतहफ अरबी अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ सूर्योदय से पहले से इंतजार कर रहे थे और वह कफर किला में अपने घर में बची हुई चीजों को देखने के लिए उत्सुक थे। कार मैकेनिक (36) ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं वापस जा रहा हूं, भले ही मेरा घर नष्ट हो गया हो। उन्होंने कहा," अगर मेरा घर नष्ट हो गया तो मैं इसे फिर से बनाऊंगा। संघर्ष के चरम पर लेबनान में 4,000 से अधिक लोग मारे गए और 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए। उनमें से लगभग 100,000 लोग अपने घर वापस नहीं लौट पाए हैं।

# तुर्किए में पीकेके के खिलाफ बड़े अभियान में 282 संदिग्ध गिरफ्तार

भाषा। अंकारा

**तुर्किए पुलिस ने** प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के खिलाफ चलाए गए बड़े अभियान के तहत पिछले पांच दिनों में 282 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। तुर्किए के गृह मंत्री अली यरलिकाया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि संदिग्धों को 51 प्रांतों से गिरफ्तार किया गया है। अंकारा और कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के बीच दशकों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं। इस संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। माना जा रहा है कि इन प्रयासों के तहत कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के जेल में बंद नेता अब्दुल्ला ओकालान अपने संगठन से हथियार डालने की अपील कर सकते हैं। यरलिकाया ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी को आर्थिक सहायता प्रदान करने, संगठन के लिए सदस्य भर्ती करने, प्रचार करने और हिंसक सड़क प्रदर्शनों में शामिल होने के संदेह में पकड़े गए हैं। मंत्री ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो एके-47 असॉल्ट राइफल और अन्य हथियार भी जब्त किए हैं। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की सरकार ने हाल के महीनों में विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है जिसमें पत्रकारों और राजनेताओं सहित कई लोगों की गिरफ्तारियां की गई हैं। कई निर्वाचित कुर्दिश मेयरों को उनके पद से हटा दिया गया है और कथित रूप से कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी से संबंध रखने के आरोप में उनकी जगह राज्य द्वारा नियुक्त अधिकारियों को तैनात किया गया है। ताजा मामला शनिवार का है जब पूर्वी तुर्किए के वान नगर पालिका के मेयर को उनके पद से हटा दिया गया और उनकी जगह राज्यपाल को नियुक्त कर दिया गया। कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी तुर्किए में दशकों से विद्रोह चला रही है और उसे तुर्किए के सहयोगी देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन करार दिया गया है।

## पोप फ्रांसिस के अस्पताल में भर्ती होने के कारण वेटिकन ने होली ईयर से संबंधित और कार्यक्रम रद्द किए

**रोम।** पोप फ्रांसिस के सांस संबंधी संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिस कारण वेटिकन ने मंगलवार को सप्ताहांत के पोप से संबंधित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। कार्यक्रम रद्द होने से 25 साल में एक बार होने वाले वेटिकन के आगामी कैथोलिक उत्सव बिग होली ईयर कार्यक्रमों पर असर पड़ा है, जिनका उद्देश्य श्रद्धालुओं को विशेष जुबली गतिविधियों में भाग लेने के लिए रोम आने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस साल होली ईयर के मौके पर तीन करोड़ लोगों के रोम आने की उम्मीद है। हालांकि पोप की तबीयत ठीक नही होने के चलते कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है। एक सप्ताह तक चली ब्रोंकाइटिस की समस्या के बाद फ्रांसिस को शुक्रवार को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों का कहना है कि सोमवार को, चिकित्सा कर्मियों ने पाया कि वह पॉलीमाइक्रोबियल रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित है। वेटिकन ने यह नही बताया है कि पोप कितने समय तक अस्पताल मे भर्ती रह सकते है। वेटिकन के अनुसार उन्हें उपचार के लिए पर्याप्त अवधि तक अस्पताल में रहने की आवश्यकता है। इससे पहले वेटिकन ने कहा था कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पोप फ्रांसिस को श्वांस नली मे संक्रमण है और उन्हे हल्का बुखार है, लेकिन उनकी हालत ठीक है।

## डिज्नी एडवेंचर पर नई सीरीज पर से पर्दा उठ

**डिज्नीवर्ल्ड।** डिज्नी क्रूज़ लाइन नेडिज्नी एडवेंचर में आने वाले नए और अविश्वसनीय अनुभवों की एक नई सीरीज पर से पर्दा उठाया, जिसमें फ्लीट के लिए कई नई अनुभव शामिल हैं, जिससे मेहमानों को समुद्र में एक जादुई छुट्टी बुक करने और उसका आनंद लेने के और भी कारण मिलेंगे। डिज्नी एडवेंचर पर मार्वल स्टाइल स्टूडियो के माध्यम से और अधिक प्रिय डिज्नी कहानियां और कैरेक्टर्स जीवंत हो उठेंगे, जो डिज्नी क्रूज़ लाइन, बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक और रॉयल सोसाइटी फॉर फ्रेंडशिप एंड टी में अपनी शुरुआत करता है। फ्लीट के लिए एक और पहली बार, डफी एंड फ्रेंड्स खूबसूरत रिटेल और मनोरंजन अनुभवों की एक सीरीज के माध्यम से जहाज पर दिखाई देंगे, जिसमें बिल्कुल नया शो डफी एंड द फ्रेंड शिप शामिल है।बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक में, फेयरी गॉडमदर के अप्रेंटिसिज 3 से 12 वर्ष की आयु के छोटे मेहमानों के लिए एक आकर्षक सैलून अनुभव प्रदान करेंगे। शाही राजसी से लेकर साहसिक समुद्री कप्तानों तक के विकल्पों के साथ, बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक विभिन्न प्रकार की वेशभूषा के साथ जादुई परिवर्तन प्रदान करेगा, जिसमें चमकदार और बहादुर शूरवीरों से लेकर पसंदीदा डिज्नी प्रिंसेज शामिल हैं, जिसमें लंबी आस्तीन वाली ड्रेसेज के विभिन्न विकल्प, हेयरस्टाइल, मेकअप और एसेसरीज़ शामिल हैं। रॉयल सोसाइटी फॉर फ्रेंडशिप एंड टी में, 3 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों को पसंदीदा डिज्नी राजकुमारियों के साथ एक आकर्षक रॉयल टी पार्टी में आमंत्रित किया जाएगा।

## दो पीढ़ियों का हंसी का तूफान! कौशलजी वर्सेस कौशल

**मुंबई।** जब दो पीढ़ियों के बीच सोच का फर्क एक मज़ेदार लेकिन अप्रत्याशित मोड़ लेता है, तब क्या होता है? 'कौशलजी वर्सेस कौशल' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो हंसी-मजाक के साथ एक गहरे संदेश को भी सामने लाता है। यह पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर फिल्म आपको हंसाने के साथ सोचने पर भी मजबूर कर देगी। इसमें शहरीकरण, आधुनिकता और रिश्तों की बदलती परिभाषा को एक नए अंदाज़ में पेश किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन सीमा देसाई ने किया है, और इसे जियो स्टूडियोज, मेरी गो राउंड स्टूडियोज और मुंबई टॉकीज के तहत ज्योति देशपांडे, उमेश शुक्ला, आशीष वाघ और पराग देसाई ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की ज़िंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने छोटे शहर कन्नौज से निकलकर दिल्ली की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है। शहर की चकाचौंध और मॉडर्न लाइफस्टाइल अपनाने के बाद, वह अपने माता-पिता को पुरानी सोच वाला मानने लगता है और उनके विचारों का मज़ाक उड़ाता है। वह बार-बार उन्हें नए ज़माने की सोच अपनाने की सलाह देता है, लेकिन एक दिन उसके शब्द इतने तीखे हो जाते हैं कि उसके माता-पिता आहत महसूस करते हैं और यह सोचने लगते हैं कि अब शायद अलग हो जाना ही बेहतर होगा। यह सुनकर युग को अपनी गलती का एहसास होता है, और अपने परिवार को टूटने से बचाने के लिए वह आत्म-खोज की एक अनोखी और मज़ेदार यात्रा पर निकल पड़ता है। इस सफर में उसे न सिर्फ परिवार की अहमियत समझ में आती है, बल्कि वह यह भी सीखता है कि पुराने रीति-रिवाज और पारिवारिक मूल्य हमारी ज़िंदगी में कितने ज़रूरी होते हैं।

## टाटा दुनिया में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगा

**मुंबई।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति की अगुआई करने वाली कंपनी टाटा ईवी1 ने देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए एक साहसिक, अभूतपूर्व पहल की घोषणा की है। 200,000 ईवी बेचने की उपलब्धि हासिल करने के बाद टाटा ईवी1 ने 2027 तक देश में उपलब्ध चार्ज पॉइंट की संख्या को दोगुना से भी ज़्यादा बढ़ाकर 400,000 करने का लक्ष्य रखा है और इसके साथ ही ईवी को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। टाटा ईवी1 2019 से ही भारत के ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने में सबसे आगे रहा है। टाटा ईवी1 ने पहले टाटा समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी कर निजी/घरेलू चार्जिंग समाधान पेश किए और फिर सबसे तेज़ ईवी अपनाने वाले शहरों में सार्वजनिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की। इससे शुरुआती उपयोगकर्ताओं को ईवी अपनाने में आवश्यक समर्थन और प्रोत्साहन मिला। अगले चरण में टाटा ईवी1 ने 2023 में 'ओपन कोलैबोरेशन' फ्रेमवर्क लॉन्च किया। इसके तहत चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश चंद्रा ने कहा,भारत की ईवी क्रांति में न केवल विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने में बल्कि पूरे देश में मजबूत चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाकर देने में भी सबसे आगे रहा है।

## फलस्तीनियों को बाहर निकाले बिना मिस्र की गाजा के पुनर्निर्माण की योजना


**काहिरा।** गाजा से लोगों को हटाकर उसके विकास संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव के उलट मिस्र गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को बाहर निकाले बिना गाजा के पुनर्निर्माण की योजना बना रहा है। मिस्र के सरकारी अखबार अल-अहरम ने कहा कि प्रस्ताव मे गाजा के भीतर सुरक्षित क्षेत्र स्थापित करने की बात कही गई है जहां फलस्तीनी शुरुआत में रह सकते हैं, जबकि मिस्र और अंतरराष्ट्रीय निर्माण कंपनियां गाजा पट्टी से मलबे और अन्य ढांचों को हटाएंगी और फिर वहां निर्माण करेंगी। मिस्र के दो अधिकारियों और अरब एवं पश्चिमी राजनयिकों के अनुसार, मिस्र के अधिकारी यूरोपीय देशों के राजनयिकों के साथ-साथ सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी इस योजना पर चर्चा कर रहे है। मिस्र के एक अधिकारी और एक अरब राजनयिक ने नाम नही जाहिर करने की शर्त पर कहा कि वे पुनर्निर्माण के लिए धन जुटाने के तरीकों पर भी चर्चा कर रहे है। उनकी गाजा पुनर्निर्माण पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की भी योजना है। यह प्रस्ताव ट्रंप द्वारा गाजा से लगभग 20 लाख लोगों को हटाने के आह्वान के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए इसके विरोध के बाद आया है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और इसे रिवेरा ऑफ मिडल ईस्ट के रूप में फिर से बसाएगा लेकिन फलस्तीनियों को वापस आने की अनुमति नही दी जाएगी। वही फलस्तीनियो ने कहा है कि वे अपनी मातृभूमि नही छोड़ेंगे जबकि मिस्र और जॉर्डन ने गाजा की आबादी को अपने यहां बसाने के ट्रंप के आह्वान को अस्वीकार कर दिया है। मानवाधिकार समूहों ने कहा है कि यह योजना जबरन निष्कासन के समान है, जो एक संभावित युद्ध अपराध है।

## इजराइल के हमास और हिज्बुल्ला के साथ संघर्षविराम पर फिर छाए संकट के बादल

**यरुशलम।** इजराइल की सेना ने कहा है कि आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला के साथ संघर्षविराम की समय सीमा मंगलवार को समाप्त होने के बाद भी उसके सैनिक दक्षिणी लेबनान में पांच रणनीतिक स्थानों पर बने रहेंगे। लेबनान सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। वहीं गाजा में भी संघर्षविराम को लेकर अनिश्चितता बन गई है क्योंकि इजराइल और अमेरिका ने संघर्षविराम को जारी रखने अथवा इसे समाप्त करने के बारे में विरोधाभासी बातें कहीं हैं। हमास के साथ इजराइल के युद्ध के 500 दिन पूरे हो चुके हैं। इजराइली सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने कहा कि इजराइल सही एवं क्रमिक तरीके से तथा इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हमारे नागरिकों की सुरक्षा बनी रहे, वापसी के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रंप प्रशासन ने घातक विमान दुर्घटना के बाद विमानन कर्मचारियों को नौकरी से निकालना शुरु किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय विमानन प्रशासन के कई कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है, जिससे सप्ताहांत में कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जनवरी में रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई घातक दुर्घटना के कुछ सप्ताह बाद यह कदम उठाया है। प्रोफेशनल एविएशन सेफ्टी स्पेशलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष डेविड स्पेरो ने एक बयान में कहा कि परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को शुक्रवार देर रात ईमेल भेजे गए जिसमें उन्हें सूचित किया गया कि उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है। एक हवाई यातायात नियंत्रक ने एपी को बताया कि इनमें एफएए रडार, लैंडिंग और नौवहन के रखरखाव संबंधी काम पर रखे गए कर्मचारी शामिल हैं। परिवहन



विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस फैसले से कोई भी हवाई यातायात नियंत्रक प्रभावित नहीं हुआ है और एजेंसी ने अहम सुरक्षा कार्यों से जुड़े कर्मचारियों की नौकरी बहाल रखी है। राष्ट्रीय हवाई यातायात नियंत्रक संगठन ने सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि वह संघीय कर्मचारियों की बर्खास्तगी से विमानन सुरक्षा, राष्ट्रीय हवाई प्रणाली और कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण कर रहा है।

## उ. कोरिया ने की अमेरिका, एशियाई देशों की आलोचना

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने उसके परमाणु कार्यक्रमों को रोकने की बेतुकी योजना के लिए अमेरिका एवं अपने एशियाई पड़ोसी देशों की मंगलवार को आलोचना की और कहा कि वह अपने नेता किम जोंग उन के नेतृत्व में अपने परमाणु ताकत का विस्तार करने के प्रयास करेगा। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय का यह बयान अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के शीर्ष राजनयिकों द्वारा जर्मनी मे एक सुरक्षा सम्मेलन मे मुलाकात के बाद आया है, जिसमे उन्होंने उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के लिए सैन्य सहयोग को मजबूत करने तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध व्यवस्था को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी।

## नाइजीरिया में विद्रोहियों पर किए गए हमले में कई नागरिकों की मौत

भाषा। अबुजा

**नाइजीरिया** में विद्रोहियों द्वारा पुलिस को निशाना बना कर हमले किए जाने के बाद सैन्य बलों ने विद्रोहियों पर हमले किए जिसमें कई आम नागरिक मारे गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नाइजीरियाई वायु सेना ने कटसीना राज्य के सफाना क्षेत्र में मारे गए नागरिकों की संख्या का खुलासा नहीं किया लेकिन प्रवक्ता ओलुसोला अकिनबोएवा ने एक बयान में कहा कि हताहतों की संख्या पता लगाई जा रही है। अकिनबोएवा ने नागरिकों के हताहत होने की खबर को बेहद परेशान करने वाला बताया और कहा कि वायु सेना ने पुलिस पर विद्रोहियों के हमले के जवाब में यह हमला किया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बयान में कहा कि हवाई हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए।

# मां, जीवन का मतलब है, बच्चे के है पास जवाब

भाषा। सिडनी

**अगर आपका** बच्चा आपसे पूछे कि मां, जीवन का मतलब क्या है? , तो आप हंसकर टाल देंगी या फिर सोच में पड़ जाएंगी कि क्या कहूं और कहां से शुरू करूं। ऐसे सवालों को बच्चों के लिए बहुत ज्यादा जटिल मानकर इन्हें टाल देना आम बात है। प्लेटो और अरस्तू जैसे महान दार्शनिकों का भी मानना था कि बच्चों का मन दर्शनशास्त्र को समझने के लिए तैयार नहीं होता। उन्हें लगता था कि व्यक्ति 30 साल की उम्र में पहुंचने के बाद ही दर्शनशास्त्र जैसे गहरे विषय को समझने की क्षमता हासिल कर पाता है। लेकिन, बच्चे इसके विपरीत जानते हैं। वे बड़े-बड़े सवाल पूछते हैं, मसलन- हम यहां क्यों आए हैं? , निष्पक्ष होने का क्या मतलब है? और हम बिल्ली को खाना क्यों खिलाते रहते हैं, जबकि वह कभी भी शुक्रिया नहीं कहती? अमेरिकी शोधकर्ता और लेखिका जाना मोह्र लोन दो दशक से अधिक समय से छोटे बच्चों को दर्शनशास्त्र पढ़ा रही हैं। एक बार कक्षा दो में पढ़ने वाले एक बच्चे ने उनसे कहा था : बच्चे दुनिया के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते, इसलिए उनका दिमाग कल्पनाओं के आकाश में उड़ने के लिए अधिक स्वतंत्र होता है। यह खुलापन बच्चों को स्वाभाविक दार्शनिक बनाता है। बच्चों के साथ ऐसे दार्शनिक संवाद को प्रोत्साहित करके आप एक जिज्ञासु, विचारशील और चिंतनशील व्यक्ति बनने में उनकी मदद कर सकते हैं। माता-पिता ऐसा कैसे कर सकते हैं? -ज्यादातर लोग दर्शनशास्त्र से जुड़े संवाद में शामिल होने से इसलिए बचते हैं, क्योंकि वे इस बात से अनजान होते हैं कि यह कैसे काम करता है। लेकिन, आप इन तीन चरणों का पालन करके आसानी से दार्शनिक संवाद में हिस्सा ले सकते हैं : 1.चिंतन2.सामान्‍ईकरण 3.अमूर्तीकरण जब आपका बच्चा आपसे कोई जटिल सवाल पूछा, जैसे जीवन का क्या मतलब है? , तो आपके पास जवाब होना जरूरी नहीं है, आपको बस संवाद शुरू करने की आवश्यकता है। सबसे पहले, अपने बच्चे को इस सवाल पर विचार करने के लिए प्रेरित करें। आप पूछ सकते हैं : आप क्या सोचते हैं? इससे आपके बच्चे को अपने अनुभवों को खंगालने का मौका मिलता है। वह कह सकता है, मैं फुटबॉल और ब्लू (एनिमेशन सीरीज का लोकप्रिय किरदार) के लिए जीता हूं। इसके बाद सामान्‍ईकरण की ओर बढ़ें। आप पूछ सकते हैं, क्या आपको लगता है कि सभी के लिए जीवन का यही अर्थ है? इस सवाल से खुद से परे सोचने के लिए प्रेरित करने वाली दार्शनिक चर्चा शुरू होती है। जवाब में आपका बच्चा कह सकता है, वैसे, स्टेला जिमनास्टिक और पनीर के लिए जीती है। अंत में अमूर्तीकरण पर जोर दें। बच्चे से पूछें, कौन-सी चीजें सभी लोगों के लिए जीवन को सार्थक बनाती हैं? , फुटबॉल, ब्लू, जिमनास्टिक या पनीर सभी को आकर्षित नहीं करते, लेकिन कोई और चीज कर सकती है? इन सवालों के जरिए हम बच्चे को ऐसी चीजों के बारे में सोचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जो सार्थक जीवन जीने के वास्ते सभी के लिए अहम हैं। जवाब में वे कह सकते हैं, बहुत से लोगों को चॉकलेट बेहद पसंद है, लेकिन आंटी ग्रेस को नहीं।

## कैलिफ़ोर्निया बादाम प्रोटीन के लिए लाभप्रद

प्रोटीन मानव शरीर के लिए अत्यधिक आवश्यक होता है क्योंकि यह ऊतकों के निर्माण और मरम्मत में मदद करता है, मांसपेशियों की वृद्धि को समर्थन देता है, और संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके कुल स्वास्थ्य में योगदान के बावजूद, यह महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट भारतीय आहार में अक्सर अनदेखा किया जाता है, जिसके कारण 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रोटीन की कमी का सामना कर रही है। उपभोक्ताओं को उनके दैनिक आहार में पर्याप्त प्रोटीन को शामिल करने के महत्व और इसके प्राकृतिक स्रोतों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, कैलिफोर्निया आलमंड बोर्ड ने आगरा के फेयरफील्ड बाय मैरियट में कैलिफोर्निया आलमंड्स के एक मुट्ठी के साथ भारतीय परिवारों की दैनिक प्रोटीन आवश्यकता का समर्थन नामक पैनल सत्र आयोजित किया। पैनल चर्चा में मुख्य रूप से कैलिफोर्निया बादाम की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जो 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और सूखे मेवों में प्रमुख माने जाते हैं। यह एक पौष्टिक और सुविधाजनक प्रोटीन स्रोत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इस कार्यक्रम में भारत के पहले मास्टरशेफ विजेता पंकज भदौरिया, लोकप्रिय फिल्म और टीवी अभिनेत्री अदिति शर्मा और रीजनल हेड डाइटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली -रितिका समाद्दार ने अपने विचार साझा किए। सत्र की शुरुआत आरजे समरीन ने की, जिन्होंने प्रोटीन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता की कमी को उजागर किया और यह बताया कि अधिकतर लोग इस बारे में सही जानकारी नहीं रखते हैं। चर्चा के दौरान, रितिका समद्दार ने दैनिक आहार में प्रोटीन की आवश्यकता पर जोर दिया और इसके मांसपेशियों की वृद्धि, प्रतिरक्षा प्रणाली की मजबूती, और कोशिकाओं के सही तरीके से कार्य करने में योगदान को स्पष्ट किया। उन्होंने इस गलत धारणा को दूर किया कि प्रोटीन केवल पशु उत्पादों से मिलता है, और बादाम को एक बेहतरीन, पौधों से प्राप्त प्रोटीन विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया, जो हर दिन के पोषण के लिए उपयुक्त है। कैलिफोर्निया बादाम, जो दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय माने जाते हैं, प्राकृतिक प्रोटीन से भरपूर होते हैं। ये वर्कआउट के बाद मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करते हैं, और इसके संतुष्टता गुणों के कारण, यह लंबे समय तक भूख को दबाए रखते हैं, जिससे व्यक्ति का पेट ज्यादा समय तक भरा हुआ महसूस होता है। पंकज भदौरिया ने यह बताया कि कैलिफोर्निया बादाम रसोई में अत्यंत बहुउपयोगी सामग्री हैं, जिन्हें विभिन्न रूपों में खाया जा सकता है–कच्चा, भुना हुआ या आटे के रूप में पीसा हुआ।

